हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 04.11.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 99 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये


## एक नजर

### चुनाव के दौरान बिहार में अबतक 100 करोड़ से अधिक की जब्ती

**नयी दिल्ली :** बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में कुछ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के दौरान अबतक प्रवर्तन एजेंसियों की समन्वित पहल से 108.19 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अवैध प्रलोभन जब्त किए गए। इनमें 9.62 करोड़ रुपये नकद, 42.14 करोड़ रुपये (9.6 लाख लीटर) मूल्य की शराब, 24.61 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ, 5.8 करोड़ रुपये मूल्य की कीमती धातुएं और 26 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अन्य मुफ्त उपहार शामिल हैं। चुनाव आयोग ने राज्य व केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू करने के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी प्रवर्तन अधिकारियों को चुनाव के दौरान नकदी, नशीले पदार्थों, शराब और अन्य प्रलोभनों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखने और उनका मुकाबला करने का निर्देश दिया है। आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रवर्तन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन निर्देशों के प्रवर्तन के लिए जाँच और निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों को असुविधा या परेशानी न हो। सी-विजिल पर दर्ज शिकायतों का 100 मिनट के भीतर निपटारा सुनिश्चित करने के लिए अब तक पूरे बिहार में 824 उड़न दस्ते तैनात किए गए हैं।

### बंगाल के राज्यपाल केरल में 'मलयाला रत्न' साहित्यिक सम्मान से सम्मानित

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को मलयालम साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'मलयाला रत्न' सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उनकी पुस्तक 'मिथ एंड साइंस-ओरु पुनरवायण' के लिए प्रदान किया गया, जिसे 'बुक ऑफ द ईयर' भी चुना गया है। यह जानकारी सोमवार को राजभवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गई। यह सम्मान उन्हें कोच्चि में आयोजित 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव के दौरान प्रदान किया गया। महोत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री केवी थॉमस ने की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्यपाल बोस द्वारा लिखित 14 पुस्तकों का विमोचन किया और उन्हें औपचारिक रूप से कोच्चि नगर निगम के मेयर एम अनिल कुमार को सौंपी।

# झारखंड में व्यापारियों की नहीं आदिवासी-मूलवासियों की है सरकार : हेमन्त सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले की घाटशिला विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर सोमवार को मुसाबनी में झामुमो गठबंधन की एक बड़ी चुनावी सभा आयोजित हुई। इस मौके पर झामुमो गठबंधन प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन (पूर्व मंत्री स्व. रामदास सोरेन के पुत्र) के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में व्यापारियों की नहीं, बल्कि आदिवासी और मूलवासियों की सरकार है। हमारी सरकार ने राज्य में विकास के साथ-साथ यहां के आदिवासी-मूलवासी समाज को उनका हक और अधिकार दिलाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटशिला की जनता के दिलों में बसने वाले झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय रामदास दा के असामयिक निधन के कारण यह उपचुनाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि जैसा स्नेह और प्यार घाटशिला की जनता ने रामदास दा को दिया था, वैसा ही आशीर्वाद उनके बेटे सोमेश को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सोमेश चंद्र सोरेन अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने का काम करेंगे।


सोरेन ने कहा कि आने वाले दिनों में कई नेता गांव-गांव जाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश करेंगे, लेकिन जनता को ऐसे लोगों से सतर्क रहना होगा और झामुमो प्रत्याशी के समर्थन में एकजुट होकर मतदान करना होगा। उन्होंने कहा कि सोमेश चंद्र सोरेन घाटशिला की जनता का बेटा है, जो आप सबके बीच रहकर विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई दिशा तय करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, सोमेश चंद्र सोरेन एक कोरा कागज है, जिस पर घाटशिला की जनता जो चाहेगी वही लिखा जाएगा। हमें पता है कि कब, किसे मंत्री बनाना है, और पार्टी हमेशा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने बहुत से लोगों को विधायक बनाया और कई को टूटते और बिकते भी देखा है, लेकिन अब जनता को ऐसे अवसरवादियों से सावधान रहना होगा।

उन्होंने अंत में लोगों से अपील की कि झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजें, ताकि घाटशिला के विकास का सपना साकार हो सके।

मौके पर मंत्री दीपक बिरूआ, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, पूर्व सांसद सुमन महतो, लक्ष्मण टुडू, बाघराय मांडी, गौरांग माहली सहित कई नेता मौजूद रहे।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी आज घाटशिला में करेंगे चुनावी सभा



**घाटशिला :** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी 4 नवंबर को घाटशिला के दौरे पर रहेंगे। भाजपा ने उनके कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं और पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री मांझी पूर्वाह्न 10 बजे घाटशिला ब्लॉक के गंधानीयाहाट मैदान में और अपराह्न 12:05 बजे गुड़ाबांधा ब्लॉक के बलियापोश फुटबॉल मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा नेताओं के अनुसार इस दौरे से चुनावी अभियान को नई गति और मजबूती मिलेगी। भाजपा घाटशिला उपचुनाव को प्रतिष्ठा का मुद्दा मानकर पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है। एनडीए उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के समर्थन में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार घर-घर संपर्क और जनसभा के माध्यम से जनता से जुड़ रहे हैं। पार्टी का दावा है कि क्षेत्र में प्रचार अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। स्थानीय भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री मांझी का संबोधन पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा भर देगा और जनता को भाजपा के विजन से अवगत कराएगा। जनसभा में भारी भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है।

## विश्व कप विजेता भारतीय महिला टीम को 51 करोड़ रुपये का पुरस्कार देगा बीसीसीआई




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एकदिवसीय विश्व कप जीतने पर 51 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वैश्विक ट्रॉफी जीती।

सैकिया ने सोमवार को पीटीआई को बताया, बीसीसीआई विश्व कप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सम्मान के तौर पर 51 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देगा। इसमें सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य शामिल हैं।

सैकिया ने महिला क्रिकेट में हुए परिवर्तनों का श्रेय बीसीसीआई सचिव जय शाह को दिया। उन्होंने कहा कि शाह के कार्यकाल में वेतन समानता जैसे कई सुधार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जय शाह ने पिछले महीने ही आईसीसी अध्यक्ष के रूप में महिला पुरस्कार राशि में 300 प्रतिशत की वृद्धि की थी, जो पहले $2.88 मिलियन थी और अब $14 मिलियन हो गई है। इन कदमों ने महिला क्रिकेट को काफी बढ़ावा दिया है। बीसीसीआई ने यह 51 करोड़ रुपये का पुरस्कार पूरी टीम-खिलाड़ियों, कोचों और सहायक कर्मचारियों के लिए घोषित किया है।

विश्व कप के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत की शुरूआत शानदार रही, जहां स्मृति मंधाना (58 गेंद में 45) और शेफाली वर्मा ने शतकीय साझेदारी की। इसके बाद, शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87) ने जेमिमा रोड्रिग्स (37 गेंद में 24) के साथ 62 रन की साझेदारी की, जिससे भारत एक मजबूत स्थिति (166/2) में पहुंच गया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (29 गेंद में 20) और दीप्ति शर्मा की 52 रन की साझेदारी ने स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। अंत में, दीप्ति शर्मा (58 गेंद में 58) और ऋचा घोष (24 गेंद में 34) की तूफानी पारियों की बदौलत भारत ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 298 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

## कैबिनेट की बैठक में नियुक्ति नियमावली सहित कुल 13 प्रस्तावों को मिली मंजूरी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कुल 13 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कई अहम एजेंडे रखे गए, जिन पर चर्चा के बाद सहमति बनी। सरकार का कहना है कि इन प्रस्तावों से राज्य में प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और आम जनता को योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति के लिए राज सरकार ने बहुउद्देशीय कर्मी नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली को मंजूरी दी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीम टेटे और निक्की प्रधान को आवास बोर्ड से मिली निशुल्क जमीन के रजिस्ट्रेशन और मुद्रांक शुल्क को माफ कर दिया गया। अंबेडकर आवास योजना की सहयोग राशि को 130000 रुपए से बढ़कर 2 लाख कर दिया गया। साथ ही आवासों की संख्या को भी 176 से बढ़कर 2400 कर दी गई है। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ प्रमुख सचिव, कैबिनेट सचिव और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रांची जिलान्तर्गत मांडर एवं चान्हो प्रखण्ड के आंशिक भू-भाग में भूमिगत पाईपलाईन के माध्यम से जल उद्वह कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त कैम्बो मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु रू० 236,20,81,000/-मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

45-घाटशिला (अजजा) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के संचालन हेतु रू० 7,84,00,000/- मात्र झारखण्ड आकस्मिकता निधि से अग्रिम के तौर पर प्राप्त करने एवं निकासी के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई। राज्य के VIP/VVIPs के सरकारी उड़ान कार्यक्रम को संपादित करने हेतु 2+5 Seater Twin Engine Bell-429 Helicopter की वर्तमान सेवा को (समान दर एवं शर्तों के साथ) आगामी 06 माह के लिए विस्तारित करने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।

## जनता की सेवा नहीं, परिवार की सेवा करती रही कांग्रेस : मोदी




एजेंसी

**सहरसा :** बिहार विधानसभा के लिए पहले चरण के लिए होने वाले मतदान का प्रचार अभियान अब अपने अंतिम चरण में है।तमाम दलों के नेता प्रदेश की जनता से अपने-अपने दलों के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पहले चरण की वोटिंग से पहले सहरसा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राजद समेत महागठबंधन के तमाम घटक दलों पर तीखा प्रहार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहरसा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार को एक बार फिर जंगलराज में धकेलने की कोशिश की जा रही है। राजद और कांग्रेस ने बदले की राजनीति में बिहार का विकास रोक दिया था। बिहार का फैसला अब सिर्फ बिहार का नहीं, बल्कि भारत के भविष्य का फैसला होगा। उन्होंने कहा कि जंगलराज की राजनीति को जनता ने एक बार हराया था और अब 2025 में उसे इतिहास से मिटा देने का समय आ गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की पहचान अब भ्रष्टाचार या डर नहीं, बल्कि विकास, डिजिटल शक्ति और वैश्विक सम्मान से है। जो लोग बिहार को 90 के दशक में अंधेरे में छोड़ गए थे, वे अब देश को पीछे धकेलना चाहते हैं। कांग्रेस और राजद की पहचान विनाश से है, जबकि राजग की पहचान विकास से है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दिल्ली की कांग्रेस नीत सरकार ने राजद के साथ मिलकर बिहार का पैसा रोक दिया था, विकास योजनाओं पर ताले लगा दिए थे। यह बदले की राजनीति थी, बिहार की जनता को सजा दी गई थी। डॉ. मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार ने कोसी महासेतु जैसे प्रोजेक्ट लटकाए रखे, सिर्फ इसलिए कि नीतीश सरकार राजग की थी।

### बिहार सरकार दिल्ली से हो रही संचालित राज्य से जुड़े सारे निर्णय केंद्र से हो रहे : प्रियंका



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को सोनबरसा में एक जनसभा को संबोधित किया। चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आज बिहार की सरकार वास्तव में दिल्ली से संचालित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य से जुड़े सारे निर्णय केंद्र से लिए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री की भी कोई सुनवाई नहीं होती। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि महागठबंधन जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है और बिहार को एक नया दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब समय आ गया है कि बिहार के लोग उन ताकतों से सावधान रहें जो सिर्फ वादे करती हैं। इस बार अपने बच्चों के भविष्य और बिहार की तरक्की के लिए महागठबंधन को भारी मतों से विजयी बनाइए। प्रियंका गाधी कहा कि बिहार की जनता बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रही है, लेकिन सत्ता में बैठी पार्टियां पिछले 20 सालों से जनता को भटकाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री को एक सुझाव देना चाहती हूं। एक नया मंत्रालय बना दीजिए, 'अपमान मंत्रालय'।

# तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 48 की मौत

एजेंसी

**हैदराबाद :** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के चेवेल्ला के पास आज सुबह लगभग छह बजे हुए सड़क हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा चेवेल्ला मंडल के मिजार्गुड़ा में हैदराबाद-बीजापुर राजमार्ग पर एक टिपर के यात्रियों से भरी बस को टक्कर मारने से हुआ। बस का दायां हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टिपर बस पर पलट गया। बस लगभग करीब 70 यात्री सवार थे। इनमें से ज्यादातर यात्री छुट्टी के बाद हैदराबाद लौट रहे थे। इनमें विद्यार्थियों की संख्या अधिक बताई जा रही है। हादसे में घायल अनेक लोगों की स्थिति गंभीर है। टिपर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव टिपर में फंसा रहा। अब तक 10 शव चावला अस्पताल पहुंचाए गए हैं। दुर्घटना के बाद स्थानीय वाहनचालकों ने मदद की और यात्रियों को बस से बाहर निकाला। इस हादसे के कारण चेवेल्ला-विकाराबाद मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस मौके पर है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। स्थानीय विधायक और मंत्री घटनास्थल पर पहुंचे हैं। गंभीर रूप से घायल 20 से अधिक यात्रियों को हैदराबाद पहुंचाया जा रहा है।

### कार को टक्कर मारने के बाद पांच गाड़ियों से टकराया डंपर 50 को रौंदा, 13 की मौत

राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। मृतकों के शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाया गया है।

### राजस्थान के फलौदी में ट्रक-ट्रैवलर की टक्कर में 15 लोगों की मौत

राजस्थान के फलौदी में रविवार शाम एक टेम्पो ट्रैवलर खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गया। इस भीषण दुर्घटना में 10 महिलाओं और चार बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए अनुग्रह राशि का भी एलान किया है। जोधपुर के पुलिस आयुक्त ओम प्रकाश के अनुसार, यह घटना भारत माला राजमार्ग पर मतोडा गांव के पास उस समय हुई जब टेम्पो ट्रैवलर बीकानेर के कोलायत मंदिर से श्रद्धालुओं को लेकर जोधपुर जा रहा था। अधिकारी ने बताया, 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों की वापसी तय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हस्तक्षेप के बाद ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों की स्वदेश वापसी सुनिश्चित हो गई है। साथ ही, सभी कामगारों के पारिश्रमिक का भुगतान भी प्रारंभ हो गया है। लार्सेन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा अब तक 30 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। कंपनी ने इन कामगारों की वापसी के लिए सभी हवाई टिकटों की व्यवस्था भी कर दी है। 4, 5 और 6 नवंबर को यह सभी कामगार ट्यूनीशिया से भारत के लिए रवाना होंगे।



गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों के अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में फंसे होने की जानकारी ट्विटर के माध्यम से प्राप्त हुई थी। मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन कार्यरत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को भेजा था।

जानकारी के अनुसार, ये सभी कामगार हजारीबाग (19), गिरिडीह (14) और बोकारो (15) जिलों के निवासी हैं। इन्हें पीसीएल प्रेम पावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (PCL Prem Power Construction Ltd.) नामक कंपनी में काम करने के लिए भेजा गया था। पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण ये कामगार आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे।

### राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया और ट्यूनीशिया में फंसे सभी कामगारों से संपर्क स्थापित किया। तत्पश्चात भारत सरकार और संबंधित कंपनी के सहयोग से उनकी वापसी और बकाया भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित कराई गई।

यह पहल सरकार की संवेदनशीलता और प्रवासी कामगारों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# स्कूलों के आसपास खुलेआम बिक रहा नशा, खतरे में किशोरों का भविष्य

## 100 गज प्रतिबंध बेअसर, स्कूलों के पास ही बिक रहा मौत का सामान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** क्षेत्र में नशे का चलन तेजी से पैर पसारता जा रहा है, खासकर किशोरों और नाबालिग छात्रों के बीच। स्कूल-कॉलेज के छात्र अब गुटखा, सिगरेट और गांजा जैसे नशे को फैशन और स्टाइल के रूप में अपनाने लगे हैं। हालात इतने चिंताजनक हो गए हैं कि प्रखंड के कई शिक्षण संस्थानों के आसपास ये घातक पदार्थ खुलेआम बेचे जा रहे हैं। कोटपा अधिनियम के तहत स्कूल परिधि से 100 गज के भीतर सिगरेट, गुटखा, गांजा या किसी भी तंबाकू उत्पाद की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर इनके सेवन पर भी जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। बावजूद इसके कुछ दुकानदार खुलेआम नाबालिग बच्चों को नशे के सामान बेच रहे हैं। कई जगहों पर तो गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की गुप्त रूप से बिक्री तक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस लापरवाही से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। सिगरेट में गांजा मिलाकर पीने जैसी खतरनाक प्रवृत्तियाँ बढ़ रही हैं। इससे न सिर्फ पढ़ाई पर असर पड़ रहा है बल्कि मानसिक असंतुलन और अपराध की प्रवृत्ति भी देखने को मिल रही है। चिकित्सकों के अनुसार, कम उम्र में तंबाकू या गांजा सेवन करने से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, मुँह और दाँत से जुड़ी बीमारियाँ तेजी से बढ़ती हैं। वहीं समाजसेवियों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ी गंभीर संकट में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों और कॉलेजों के 200 मीटर दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए, दोषियों पर कार्रवाई हो, और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## कांग्रेस ही हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी : कार्तिक पासवान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बिहार प्रदेश विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिसमें पहले चरण 6 नवंबर तथा दूसरी चरण 11 नवंबर को मतदान होनी है,इसी क्रम में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर एवं बरही एससी सेल प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक पासवान ने दरभंगा जिले के बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी मिथिलेश कुमार चौधरी के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिह्न हाथ पर बटन दबाकर पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश को एक बार फिर कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा की जरूरत है, ताकि समानता, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय को मजबूती मिल सके। कार्तिक पासवान ने लोगों से आह्वान किया कि वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें और बिहार में एक नई राजनीतिक सोच को जन्म दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग, हर समाज और हर धर्म के लोगों को साथ लेकर चलती है।

## अवैध महुआ शराब के विरुद्ध संयुक्त छापेमारी, छह भट्ठियां ध्वस्त

- 3800 किग्रा जावा महुआ एवं 230 लीटर तैयार शराब जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** आसन्न बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के मद्देनजर उपायुक्त, हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार एवं सघन छापामारी अभियान के तहत सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को चौपारण थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिहार राज्य की सीमा से सटे इलाकों गोरमोरवा एवं मूर्तिया के जंगलों तथा नदी किनारों में छापेमारी की गई। यह अभियान चोरदाहा चेक पोस्ट में पदस्थापित उत्पाद कर्मियों एवं बिहार मद्य निषेध विभाग, गया की टीम के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया। इस दौरान ड्रोन कैमरे की सहायता से घने जंगलों में संचालित अवैध महुआ शराब की 6 भट्ठियों को चिन्हित कर ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 3800 किलोग्राम किन्वित जावा महुआ, शराब बनाने की सामग्री तथा उपकरणों को नष्ट किया गया एवं करीब 230 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब को जब्त किया गया। संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में अवर निरीक्षक, उत्पाद सुमितेश कुमार,सहायक अवर निरीक्षक, मद्य निषेध विभाग गया अभय कुमार, तकनीकी टीम से उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह, सशस्त्र गृहरक्षा वाहिनी के जवान मौजूद थे।

## हटकोना नदी पर पुल निर्माण की मांग तेज ग्रामीणों की दशकों पुरानी पीड़ा फिर उठी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के हटकोना नदी पर स्थायी पुल निर्माण की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखकर इस मुद्दे को जनहित में तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है। राणा ने अपने पत्र (संख्या REF-01/202.5) में लिखा है कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बावजूद हटकोना नदी पर अब तक कोई स्थायी पुल नहीं बन पाया है। बरसात के दिनों में यह नदी ग्रामीणों के लिए अभिशाप साबित होती है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बीमार मरीज और गर्भवती महिलाएँ नदी पार करने में जान जोखिम में डालते हैं। कई बार एंबुलेंस नदी किनारे ही रुक जाती है, जिससे गंभीर मरीजों की जान चली जाती है। उन्होंने कहा कि हर साल यह समस्या दोहराई जाती है, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलता है। ग्रामीण आज भी लकड़ी के अस्थायी पुल या नाव के सहारे नदी पार करने को मजबूर हैं। किशोरी राणा ने उपायुक्त से मांग की है कि हटकोना नदी पर स्थायी पुल का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराया जाए, जिससे कटकमसांडी प्रखंड के हजारों लोगों को राहत मिल सके। राणा ने कहा कि यह पुल केवल एक निर्माण कार्य नहीं होगा, बल्कि विकास, सुरक्षा और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उपायुक्त के संवेदनशील नेतृत्व में यह वर्षों से लंबित सपना जल्द साकार होगा और हटकोना क्षेत्र के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

## सांसद मनीष जायसवाल के बड़े चाचा युगल किशोर जायसवाल का निधन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के बड़े चाचा और हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल के बड़े भाई युगल किशोर जायसवाल का सोमवार की अहले सुबह 93 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से हजारीबाग के जायसवाल परिवार सहित आसपास के लोगों में शोक का लहर है ।शयुगल किशोर जायसवाल अपने पिता बी.डी. जायसवाल की संतान थे और अपने दो भाई एवं पांच बहनों में सबसे बड़े थे। वे एक सम्मानित और प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। वे अपने पीछे दो पुत्र प्रमोद कुमार जायसवाल, पीयूष जायसवाल और एक सुपुत्री पूनम शाहबादी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए । उनका निधन विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित उनके आवासीय परिसर में हुआ। पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। सोमवार को उनके पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा उनके आवास से निकाली गई, जो खिरगांव स्थित मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान हुई। जहां उनका शव पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके अंतिम यात्रा में सांसद सुपुत्र युवा समाजसेवी करण जायसवाल सहित जायसवाल परिवार के अन्य सदस्यों एवं रिश्तेदारों के साथ सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव सह समाजसेवी नीरज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन को पवित्र और अनुशासित बनाता है : मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही के गया रोड हरीनगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के प्रवचन मंच का विधिवत उद्घाटन बरही विधायक मनोज यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज यादव ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन को पवित्र और अनुशासित बनाता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में नैतिकता और संस्कारों को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने आयोजकों को इस पवित्र कार्य के लिए धन्यवाद दिया। प्रवचन का आरंभ अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित देव कृष्ण शास्त्री जी महाराज (श्रीधाम अयोध्या) के द्वारा किया गया। उन्होंने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, धर्म और कर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रोतागण कथा में डूबे रहे और वातावरण में हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष गूंजते रहे। बताते चलें कि इस श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन अधिवक्ता रामचन्द्र साव एवं उनकी धर्मपत्नी उर्मिला देवी के द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर भक्ति भाव से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, निरंजन केशरी, नरेंद्र केशरी, प्रदीप स्वर्णकार, नंदकिशोर साहू, दिवाकर पाण्डेय, विनोद केशरी समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 18 नवंबर से होगा 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

**बरही :** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 18 नवंबर से शुरू होगा जो 28 नवंबर तक चलेगा। विभिन्न योजनाओं के लिए प्रत्येक पंचायतों में लाभुकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है शिविर में आम नागरिकों को राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दी जाएगी। राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जाति, आवासीय एवं आय प्रमाणपत्र समेत अन्य सभी योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के बाद जांच में योग्य पाए जाने के बाद उन्हें लाभ दिया जाएगा।

### वन विभाग ने 22 ट्रेक्टर अवैध कोयला किया जब्त



**बड़कागांव :** वन विभाग कर्मी बड़कागांव की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को जोराकाठ में कार्रवाई करते हुए 22 ट्रेक्टर अवैध कोयला को जप्त किया। यह छापामारी अभियान वन विभाग के अधिकारियों की नेतृत्व में संचालित किया गया। बताया गया कि जप्त किए गए कोयले को 22 ट्रैक्टरों की सहायता से बड़कागांव वन विश्रागार लाया गया।वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि जोराकाठ क्षेत्र में अवैध रूप से कोयले का भंडारण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए छापामारी की योजना बनाई और सोमवार को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध कोयला जब्त कर लिया। मामले को लेकर जांच पड़ताल जारी है। अधिकारी का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बड़कागांव वन कर्मियों की तत्परता से अवैध खनन पर रोक लगाने में सफलता मिली।

### महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास, पंचमाधव में जश्न की लहर



**बरही :** बरही प्रखंड के पंचमाधव क्षेत्र में स्थित बसरिया व करियातपुर पंचायत के युवाओं ने भारत की महिला वर्ल्ड कप में मिली ऐतिहासिक जीत का जश्न धूमधाम से मनाया। टीम इंडिया की इस शानदार उपलब्धि पर युवाओं ने आतिशबाजी की और तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय व जो हमसे टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा जैसे देशभक्ति के नारे लगाए। कार्यक्रम में करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार और बसरिया पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भारत की महिला टीम को ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह देश के लिए गौरव का क्षण है और इससे युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बता दे कि भारत की महिला टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में पहली बार विश्वचैपियन बनी। इस पहले दो बार फाइनल में 2005 और 2017 में हार का सामना करना पड़ा था। मौके पर समाजसेवी पूरन राम, राजू प्रजापति, नारायण प्रजापति, राजेंद्र भारती, सतीश यादव, सिकंदर पंडित, राजेश पंडित, विनोद पंडित, दीनानाथ कुमार, दीपक पंडित, विनोद कुमार, गुंजन पंडित, तुलसीराम, अशोक यादव, विजय प्रजापति, पप्पू यादव, राजेंद्र यादव, जीतेन्द्र कुमार, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्णपुरा महाविद्यालय में सेमिनार का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव के सेमिनार हॉल में प्राचार्य डॉ.कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा निर्धनता रेखा के नीचे (बीपीएल) स्तर के लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थितिर विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का संचालन डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ.कीर्तिनाथ महतो अर्थशास्त्र विभाग मुख्य वक्ता के रूप में थे जिन्होंने बीपीएल स्तर के नीचे जीवन निर्वहन करने वाले परिवारों पर वृहद रूप से चर्चा किए और उन्होंने कहा कि रभारत एक अमीर देश है लेकिन यहां की जनता गरीब है। डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ने कहा कि गरीबी के कारण बीपीएल परिवार के लोग पर्याप्त भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, कई बार इन्हें कर्ज लेकर जीवन यापन करना पड़ता है, जिससे गरीबी की दलदल में और धसते चले जाते हैं। सेमिनार का समापन प्रो. फजरूद्दीन अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि इढछ परिवारों की सामाजिक स्थिति काफी दयनीय होती है, शिक्षा का स्तर बहुत निम्न होता है, इनकी सामाजिक जागरूकता भी सीमित रहती है परिणाम स्वरुप यह लोग अपने अधिकारों से वंचित रहते हैं। सेमिनार में प्रो.नरेश कुमार दांगी, डॉ. अन्नु कुमारी ,डॉ. पवन कुमार ,डॉ ललिता कुमारी, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो राम किशोर प्रसाद दांगी ,डॉ. सनवीर कुमार, चंचल ,मालती, रेनू और सैकड़ो छात्र -छात्राएँ शामिल थे।

### बीपीसीएल एलपीजी उपभोक्ताओं को कराना होगा केवाईसी : उमेश ठाकुर

**बरही :** भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) अपनी सभी एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए नई गाइड लाइन जारी किया है। इसकी जानकारी देते हुए बरही गया रोड स्थित तिरुपति भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर उमेश कुमार ठाकुर ने बताया कि नई गाइड लाइन के अनुसार एलपीजी के सभी उपभोक्ताओं को केवाईसी कराना अनिवार्य है। गैस सिलिंडर प्राप्त करने के लिए बुकिंग कराना अनिवार्य है। बुकिंग के समय डिलेवरी कोड देना होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी के द्वारा प्रत्येक भारत एल पी जी गैस उपभोक्ताओं का गैस सिलिंडर , रेगुलेटर तथा चूल्हा की जांच की जाएगी। जरूरत के अनुसार रेगुलेटर एवं हाउस पाइप बदली किया जाएगा। चूल्हा की मरम्मती की जाएगी। जिसके एवज में 236 रुपए का भुगतान उपभोक्ता को करनी होगी।

### 11 से 15 नवंबर तक स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**बरही :** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में 11 नवंबर से 15 नवंबर स्थापना दिवस तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। 11 नवंबर को रन फॉर झारखंड होगा। कार्यक्रम के तहत बरही चौक से कोबरा बटालियन तक 200 मीटर का रन फॉर झारखंड होगा। इसके नोडल अधिकारी बीपीओ धर्मेंद्र कुमार सिन्हा और बीपीओ मो परवेज होगें। कार्यक्रम में मनरेगाकर्मी, कार्यालयकर्मी, जनप्रतिनिधि और नागरिक शामिल रहेंगे। 13 नवंबर को बरही टाउन हॉल में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। नोडल अधिकारी बीईईओ और बीपीएम होगें। 14 नवंबर को बरही टाउन हॉल में जतरा कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाएं झारखंड के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। इसके नोडल अधिकारी जेएसएलपीएस के बीपीएम केदार प्रजापति होंगे। 15 नवंबर झारखंड के स्थापना दिवस पर सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एक एक परिवार को आवास में गृहप्रवेश कराएंगे। इसके नोडल अधिकारी प्रखंड समन्वयक कमलेश कुमार भारती होंगे। मनरेगा के तहत प्रत्येक पंचायत में 10 :10 नयी योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन होगा और मुख्यमंत्री के अभिभाषण का आनलाइन प्रसारण दिखाने की व्यवस्था होगी।

### बरही रेलवे ओवरब्रिज के पास पशु से टक्कर, तीन घायल



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के ग्राम लश्करी से बरही की ओर निजी कार्य से आ रहे तीन व्यक्तियों की मोटरसाइकिल रेलवे ओवरब्रिज के पास एक मवेशी से टकरा गई। हादसे में तीनों व्यक्ति घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान ग्राम लश्करी निवासी अनिल रजक (30 वर्ष) पिता राजेंद्र रजक, उमेश रजक (50 वर्ष) पिता गेंदु रजक और गौतम कुमार (30 वर्ष) पिता डोमन रजक के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत सहायता पहुंचाई और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि सड़क पर अचानक आए मवेशी से मोटरसाइकिल टकराने के कारण यह दुर्घटना हुई।

### मंईयां सम्मान योजना : चौपारण की महिलाओं में खुशी की लहर, नए लाभुकों के चयन की प्रक्रिया शुरू

**चौपारण :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्यभर में अब नए लाभुकों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस घोषणा के बाद चौपारण प्रखंड सहित पूरे जिले की महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं से आवेदन लेने के लिए प्रत्येक जिले में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां महिलाएं अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकेंगी। सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। इस योजना का लाभ केवल झारखंड की स्थायी निवासी महिलाओं को ही मिलेगा जिनका नाम गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी में दर्ज है। आवेदन करने के लिए महिलाओं को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी), राशन कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर, हस्ताक्षर, ईमेल आईडी (यदि उपलब्ध हो) और आवेदन फार्म साथ लाना होगा। पात्रता के अनुसार योजना का लाभ केवल 18 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को मिलेगा। आवेदिका के परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए और परिवार के किसी भी सदस्य की सरकारी नौकरी नहीं होनी चाहिए। यह योजना राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कैंप की तिथियों की जानकारी जल्द ही जिला प्रशासन की ओर से जारी की जाएगी ताकि योग्य महिलाएं समय पर आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकें।

## एक नजर

### ठंड की गिरफ्त में आने लगा झारखंड, न्यूनतम तापमान में गिरावट

रांची: झारखंड ठंड की गिरफ्त में आने लगा है। राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। रांची में रविवार की तुलना में सोमवार को न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। रविवार को रांची में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री था, जो सोमवार को गिरकर 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में रविवार को 22.5 डिग्री की तुलना में सोमवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रहा, डालटेनगंज में 21.3 डिग्री की तुलना में 18.5 डिग्री, बोकारो में 22.2 डिग्री की तुलना में 19.1 डिग्री और चाईबासा में रविवार को 20.4 डिग्री की तुलना में सोमवार को न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वही सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। सुबह में लोगों को हल्की ठंड महसूस हुई लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही धूप में गर्मी महसूस की गई।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में राज्य भर में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के विभिन्न इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान जगरनाथपुर में 33.9 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### रांची नगर निगम की सख्त कार्रवाई, कई जगहों पर जुर्माना लगाया गया

रांची: रांची नगर निगम शहर को साफ-सुथरा और कचरा मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। इसी के तहत आज निगम की टीम ने शहर के कई इलाकों में कार्रवाई की और जुमार्ना लगाया। कार्रवाई के दौरान -वार्ड संख्या 50, बिरसा चौक स्थित होटल रासो को खुले में कचरा फेंकने पर 2000 रुपए का जुमार्ना लगाया। मेन रोड पर सड़क पर निर्माण सामग्री फेंकने वाले दो लोगों पर 1000-1000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। करमटोली क्षेत्र में भी निर्माण सामग्री खुले में डालने पर 2000 रुपये का जुमार्ना किया गया। नगर निगम प्रशासन ने कहा है कि शहर में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा या निर्माण सामग्री फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

साथ ही निगम ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आस-पास सफाई रखें, कचरा केवल निर्धारित जगह पर ही डालें और अपने घरों व दुकानों में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन जरूर रखें।

### राशि की कमी से थमी अबुआ आवास योजना गरीबों को घर का इंतजार

रांची: गरीबों को पक्का घर देने की राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "अबुआ आवास" धनराशि के अभाव में ठप पड़ गई है। इस योजना के तहत वर्ष 2023-24 में तीन कमरों वाले लगभग दो लाख आवासों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। जबकि 2024-25 में 4.50 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक लाभुक को आवास निर्माण के लिए दो लाख रुपये प्रति यूनिट की राशि दी जानी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत आवासों में से केवल 56.79 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा हुआ है। पश्चिम सिंहभूम जिले में स्वीकृत 10,252 आवासों में से मात्र 29.80 प्रतिशत पूर्ण हुए, गढ़वा में 46.6 प्रतिशत, गोड्डा में 47.25 प्रतिशत, पलामू में 48 प्रतिशत और दुमका में 53.7 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा हुआ है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 4.5 लाख अबुआ आवासों में से अब तक केवल 38,551 आवासों का निर्माण पूरा हुआ है। सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों में पलामू, रांची, दुमका, सरायकेला-खरसावां, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी, जामताड़ा, गढ़वा, लोहरदगा और गिरिडीह शामिल हैं।

# थैलीसीमिया मामले पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है भाजपा : झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव और प्रवक्ता विनोद पांडेय ने चाईबासा सदर अस्पताल में बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रस्तावित राज्यव्यापी धरना देने की बात पर कड़ी आपत्ति जताई है।

विनोद पांडेय ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि भाजपा बच्चों की मौत पर भी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि जैसे ही थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना सामने आई, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को जांच का आदेश दिया। वरिष्ठ अधिकारियों की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति जायजा ले चुकी है। हेमंत सोरेन की सरकार किसी को भी बख्शने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। राज्य सरकार इस पूरे मामले की पारदर्शी जांच कराएगी और सच्चाई जनता के सामने आएगी। बहुत जल्द पूरा सच जनता के सामने आएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि झामुमो सरकार ने ब्लड बैंकों की सख्त निगरानी शुरू कर दी है और दोषियों को जेल भेजने में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मामले में कुछ पदाधिकारियों को निलंबित भी किया जा चुका है।

विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा का काम सिर्फ झूठ फैलाना और जनता को भड़काना रह गया है। जनता समझ चुकी है कि भाजपा को बच्चों की नहीं, सत्ता की चिंता सता रही है। भाजपा यह भूल रही है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा भाजपा की पूर्ववर्ती सरकारों ने की थी। वर्षों तक अव्यवस्था और भ्रष्टाचार पनपने दिया गया और अब जब मौजूदा सरकार सुधार के प्रयास कर रही है, तो भाजपा अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। पांडेय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को शर्म आनी चाहिए कि वह इस त्रासदी को भी राजनीतिक मंच बना रहे हैं। क्या मरांडी को इतनी चिंता तब नहीं हुई थी, जब भाजपा के शासनकाल में दर्जनों ब्लड बैंक बिना लाइसेंस के चल रहे थे।

## कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आज रांची स्थित कांग्रेस भवन में नवनियुक्त जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की। साथ ही इस बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, सह-प्रभारी बेला प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, सहजादा अनवर, डॉ प्रदीप कुमार बलमूचू और पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों और प्रभारियों को निर्देश दिए कि हर जिले में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हर महीने की 5 तारीख को होगी। प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हर महीने की 2 तारीख को होगी। जिला कांग्रेस कमेटियों का पुनर्गठन 25 नवंबर तक पूरा किया जाएगा। जिला राजनीतिक मामलों की कमेटी 20 नवंबर तक बनाई जाएगी। नगर निकाय अध्यक्षों की घोषणा 10 नवंबर तक और नगर निकाय कमेटियों का गठन 30 नवम्बर तक किया जाएगा।

## सखी मंडल से जुड़ आजीविका शुरू कर आत्मनिर्भर बनी महिलाओं ने साझा किये अनुभव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित कार्यशाला में सीईओ-जेएसएलपीएस अनन्य मित्तल ने कहा कि वर्तमान में सरकार की विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ 33 लाख से अधिक सखी मंडल की महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के नए आयाम स्थापित करना है। आवश्यकता है कि हम सभी जिलों में उपलब्ध परिसंपत्तियों का पुनः उपयोग सुनिश्चित करें ताकि समुदाय को अधिकतम लाभ मिल सके। इस दिशा में DDCS और DPMS की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। यह पहल न केवल महिला सशक्तिकरण बल्कि ग्रामीण आर्थिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह कार्यशाला जेएसएलपीएस एवं Grant Thornton Bharat LLP के संयुक्त प्रयास से "Building Synergy: Orientation of DDCs & Asset Repurposing for Community Growth" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन रांची में किया गया। ग्रांट थॉरंटोंन भारत एलएलपी के पार्टनर चिराग जैन ने बताया कि एसेट रिपर्पोज़िंग के माध्यम से खाली पड़ी सरकारी इमारतों का उपयोग महिला नेतृत्व वाले व्यवसायों के लिए किया जा रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों को आजीविका के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मॉडल झारखंड जैसे राज्यों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

## रांची एसएसपी ने विभिन्न इलाकों का किया औचक निरीक्षण, दो थाना प्रभारियों से मांगा स्पष्टीकरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन रविवार की देर रात राजधानी की विधि-व्यवस्था का निरीक्षण करने अचानक सड़कों पर निकले। एसएसपी के औचक निरीक्षण की खबर किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मी को नहीं थी। निरीक्षण के दौरान कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ओरमांझी और पिठोरिया के थाना प्रभारियों से एसएसपी ने स्पष्टीकरण मांगा है। एसएसपी राकेश रंजन ने बिरसा चौक, मेन रोड, हरमू, बायपास रोड और अरगोड़ा चौक सहित शहर के कई अन्य महत्वपूर्ण इलाकों की विधि-व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद किया। कर्मियों से उन्होंने वाहनों की चेकिंग और पुलिस बल की तैनाती के बारे में जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। एसएसपी राकेश रंजन ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी भी तरह की लापरवाही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे कितना भी बड़ा हो या उसे किसी भी प्रभावशाली समूह का संरक्षण क्यों न मिला हो, पुलिस को बिना किसी दबाव के उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को बिना किसी दबाव के कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर में सुरक्षा और शांति बनी रहे। एसएसपी ने बताया कि निरीक्षण लगातार जारी रहेगा।

## रांची नगर निगम की सख्त कार्रवाई आजाद बस्ती में पकड़ा अवैध बूचड़खाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : रांची नगर निगम की टीम ने लोअर बाजार थाना क्षेत्र के आजाद बस्ती, गुदड़ी इलाके में एक अवैध बूचड़खाना पकड़ा है। जांच में पता चला कि यहां चोरी के पशुओं को काटा जा रहा था और यह काम नगर निगम की ही जमीन पर किया जा रहा था।

नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार मौजाः कोनका थाना संख्याः 198 सर्वे वार्ड संख्याः IV प्लॉट संख्याः 1610 रकबाः 19.3 डिसमिल स्वामित्वः रांची नगर निगम यह जमीन पूरी तरह से नगर निगम की है। यहां अवैध कब्जा कर बूचड़खाना चलाना नियमों और पर्यावरण मानकों का उल्लंघन है।

अपर प्रशासक संजय कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया है। इस अभियान में नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम, सशस्त्र पुलिस बल और अंचल प्रशासन की टीम मिलकर काम करेगी ताकि इस तरह की अवैध गतिविधियों को पूरी तरह खत्म किया जा सके। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) को भी पत्र लिखकर अभियान के दौरान दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा है। अपर प्रशासक ने साफ कहा है कि अवैध बूचड़खानों या कब्जों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी।

## झारखंड की कृषि मंत्री ने प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को चान्हो प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। मंत्री ने कार्यालय के एक-एक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और कार्य के लिए आए ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायत मंत्री के समक्ष रखी। कार्यालय में पसरे सन्नाटे और बंद कमरों को देखकर मंत्री ने नाराजगी जताई और तत्काल रांची उपायुक्त (डीसी) को इसकी सूचना दी। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर शोकॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही सीओ और बीडीओ को भी कार्यालय से अनुपस्थित रहने का कारण बताने का आदेश दिया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि चान्हो प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमित रूप से समय पर नहीं पहुंचने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिस पर आज यह औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय जनता की सेवा के लिए है, व्यक्तिगत सुविधा के लिए नहीं। अगर अधिकारी और कर्मचारी व्यवस्था एवं अनुशासन का पालन नहीं करते, तो ऐसे अधिकारियों की आवश्यकता मांडर विधानसभा क्षेत्र में नहीं है। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।


### मंत्री ने दिव्यांगजनों के बीच व्हील चेयर का किया वितरण



रांची : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत चान्हो प्रखंड के पंडरी पंचायत सचिवालय परिसर में पंडरी, बलसोकरा और पतरातु पंचायत के 222 दिव्यांग लाभुकों के बीच व्हील चेयर सहित सहायक उपकरणों का वितरण किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज के विशेष जिम्मेदारी वाले वर्ग हैं, और उनकी मुस्कान लौटाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लाभुकों से उपकरणों का सही उपयोग करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि पंडरी पंचायत में मैरेज हॉल निर्माण का वादा जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चक्रवात से फसल नुकसान झेल रहे किसान, यदि बिरसा फसल बीमा योजना के तहत निबंधित हैं, तो वे टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना देकर मुआवजा पा सकते हैं। वहीं जिन किसानों ने बीमा नहीं कराया है, उन्हें आपदा प्रबंधन विभाग के तहत राहत दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एसएसपी ने सात पुलिस पदाधिकारियों का किया तबादला, अशोक कुमार बने सुखदेव नगर थाना प्रभारी



रांची : रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने सात पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में रविवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार तबादला किए गए पदाधिकारियों में पांच इंस्पेक्टर और दो सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। इंस्पेक्टर अशोक कुमार को सुखदेव नगर का थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि इंस्पेक्टर असित कुमार मोदी को सदर पश्चिमी का सर्किल इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं, इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा को मांडर सर्किल इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू को डायल 112 का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही इंस्पेक्टर सुशील कुमार को यातायात थाना प्रभारी कोतवाली (चुटिया) के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि सब-इंस्पेक्टर नवीन कुमार को सिल्ली थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, सब-इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ठाकुर को झारखंड उच्च न्यायालय का सुरक्षा का दायित्व दिया गया है।

### जगन्नाथपुर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू, संजय सेठ ने किया था शिलान्यास



रांची : रांची के हेहल स्थित बगीचा टोली के जगन्नाथपुर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो गया है। रक्षाराज्य मंत्री संजय सेठ की अनुशंसा पर यह कार्य सीएसआर मद से कराया जा रहा है। लगभग 1.55 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इस निर्माण कार्य का शिलान्यास श्री सेठ ने भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने के लिए तालाब का पानी फिलहाल खाली किया जा रहा है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में यह तालाब स्वतः सूख जाता था, लेकिन इस वर्ष अधिक वर्षा होने के कारण तालाब पूरी तरह भरा हुआ है। ऐसे में अब इसकी सफाई एवं मरम्मत के बाद सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। इस योजना के तहत तालाब की चारदीवारी, घाट, पैदल पथ, बैठने की व्यवस्था, सौर लाइट एवं जल निकासी प्रणाली जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। तालाब के सौंदर्यीकरण से स्थानीय लोगों को छठ महापर्व सहित अन्य धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में काफी सुविधा मिलेगी।

### कपड़ा कंपनियों का पलायन झारखंड सरकार की सबसे बड़ी विफलता : बाबूलाल



रांची: झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश से चार बड़ी कपड़ा इकाइयों (टेक्सटाइल कंपनियों) के पलायन को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है।उन्होंने इसके लिए राज्य की औद्योगिक नाति और कुव्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया। बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि राज्य के लिए यह एक बड़ा औद्योगिक झटका है। उन्होंने लिखा कि राज्य से चार प्रमुख कपड़ा कंपनियां ओडिशा स्थानांतरित होना झारखंड के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड की टेक्सटाइल नीति केवल कागजों तक सीमित है। इससे उद्योगपतियों को कोई लाभ नहीं रहा है। मरांडी ने कहा कि उद्योगपतियों को झारखंड में नीतिगत सहयोग और आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जबकि पड़ोसी राज्यों में निवेशकों को बेहतर अवसर और प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। इसी कारण चार प्रमुख कंपनियां अब अपना उत्पादन केंद्र झारखंड से ओडिशा स्थानांतरित करने की तैयारी में है।

### झारखंड हाईकोर्ट में लगा ब्लड डोनेशन कैंप



रांची : झारखंड हाईकोर्ट अपना सिल्वर जुबली फेस्टिवल मना रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कोर्ट परिसर में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया, जिसकी शुरूआत झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस समेत हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने की। इस मौके पर एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अन्य अधिवक्ताओं और हाईकोर्ट के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया। ब्लड डोनेशन कैंप में इकट्ठा किये जाने वाले खून थेलेसिमिया से पीड़ित मरीजों को दिए जाएंगे। रक्तदान शिविर के उद्घाटन के मौके पर हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत हाईकोर्ट के अन्य न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता भी मौजूद रहे। मौके पर झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है, इसीलिए सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। अपने शरीर से जीवित रहते किया गया दान काफी महत्वपूर्ण होता है।

### नीरज साहू नाम का नया गैंग बना मांगते थे लेवी, 6 अपराधी अरेस्ट



रांची: रांची पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने टीपीसी और एक नए बने गिरोह 'नीरज साहू गैंग' के नाम पर लेवी मांगने वाले छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में उमेश मुण्डा नितेश मुण्डा, राम विजय, पवन लोहरा के अलावा दो अन्य अपराधी शामिल है। ये गिरफ्तारियां ओरमांझी और खलारी थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों के संबंध में की गई हैं। धुमकुड़िया भवन का निर्माण करा रहे ठेकेदार से मांगी रंगदारी अपराधियों ने ओरमांझी में धुमकुड़िया भवन का निर्माण करा रहे ठेकेदार को फोन कर खुद को टीपीसी का सदस्य बताया और ठेकेदार से निमार्णाधीन भवन के लिए मैनेज करके चलने को कहा। इन अपराधियों ने ठेकेदार को एक-दो दिन के भीतर 40 हजार रुपये पहुंचाने की धमकी दी और ऐसा न करने पर जान के खतरे की चेतावनी भी दी।

## एक नजर

### चंदवारा में टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**चंदवारा :** चंदवारा में सोमवार को पिपराडीह रेलवे स्टेशन के पास चंदवारा क्रिकेट नॉक आउट टी-10 टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा बरही विधान सभा पूर्व प्रत्याशी कृष्णा यादव, मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, पसंस प्रतिनिधि बालगोविंद स्वर्णकार, रहे। यह टूनार्मेंट एक सप्ताह तक चलेगा और इसमें कई टीमें शामिल होंगी। वहीं खेल आयोजक अब्दुल हसन ने इसकी जानकारी दी। वहीं उदघाटन मैच तिलैया एवं मदनगुंडी के बीच खेला गया जिसमें तिलैया की टीम दस ओवर में दस विकेट खो कर 66 रन बनाई एवं गेंदबाजी में जबरदस्त प्रदर्शन कर मदनगुंडी की टीम को उनचालीस रन पर ऑल आउट कर दिया।
मौके पर अतिथियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया मौके पर टूनार्मेंट के अध्यक्ष अब्दुल हसन उपाध्यक्ष रणजीत कुमार सचिव विकास कुमार सोनी अंपायर के मुख्य भूमिका में विकाश राणा, रजनीकांत पंडित, एवं कमेंट्री में समाज सेवी मनोज दास एवं टीपू सोनी भूमिका निभाई।

### सेक्टर-4 में मारपीट कांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार



**बोकारो :** सेक्टर-4/एफ निवासी विजय झा एवं अनिल झा पर चाकू, लाठी-डंडा एवं कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें घायल करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 01 अक्टूबर 2025 को हुई थी, जिसके संबंध में सेक्टर-4 थाना कांड संख्या 108/2025, दिनांक 02.10.2025 दर्ज किया गया था। छापामारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त विकास कुमार (पिता- लक्ष्मी नारायण घांसी, निवासी- रविदास मोड़, डी/4 सेक्टर-4, बोकारो) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापामारी जारी रखे हुए है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है — वह सेक्टर-4 थाना कांड संख्या 47/2024 (धारा 341, 323, 307, 506 भा.द.वि.) में भी अभियुक्त रह चुका है।
छापामारी दल में स.अ.नि. सुनील मनोहर, स.अ.नि. सुरेश उरांव, आरक्षी अनिल सिंह एवं बब्लू गोप शामिल थे।

### तेतुलिया सौलह आना कमेटी की हुई बैठक, शिवमंदिर का होगा जिर्णोउद्धार



**चंदनकियारी :** प्रखण्ड पंचायत सियालजोरी के तेतुलिया गांव में सोमवार को तेतुलिया सौलह आना कमिटी का बैठक शिवमंदिर प्रागंण में हुआ। बैठक में कमिटी के पदाधिकारियों व समस्त ग्रामीण उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि पौराणिक शिवमंदिर का जिर्णोउद्धार कार्य व सौंदर्यकरण का कार्य किया जायेगा। सभी पदाधिकारी व ग्रामीण अपने अपने सहयोग राशि कमिटी को जमा करेगा। यह पौराणिक मंदिर है जो सौ बर्ष पुर्व निर्माण हुआ था। बैठक में सौलह कमिटी के अध्यक्ष अशोक सिंह, भोलानाथ दास, जीतू रजक, अजय घोषाल,रामेश्वर कुम्भकार, जादू रवानी, संजीव सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# बोकारो में पारंपरिक तरीके से लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ राजकीय महोत्सव का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** प्रकृति की गोद में बसे जिले के गोमिया प्रखंड के ललपनिया के पवित्र स्थल लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में सोमवार सुबह को राजकीय महोत्सव 2025 का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ। पूरे क्षेत्र में जय लुगुबाबा के जयघोष और मांदर की थापों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, नायके बाबा और आयोजन समिति अध्यक्ष बबली सोरेन व अन्य सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर तीन दिवसीय महोत्सव की शुरूआत की। आस्था का सैलाब-दस हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे लुगुबाबा के दरबार पहले ही दिन श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। दस हजार से अधिक श्रद्धालु लुगु पहाड़ पर चढ़कर लुगुबाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गीत-संगीत गाते हुए आस्था की राह पर आगे बढ़ते दिखाई दिए। भक्तों ने कहा कि लुगुबाबा हमारे पुरखों की आत्मा हैं, हमारी धरती और हमारे धर्म के रक्षक। यहां आकर मन को शांति और आत्मा को शक्ति मिलती है।

**लोकसंस्कृति और परंपरा का जीवंत उत्सव**

लुगुबुरू महोत्सव केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह झारखंड की आदिवासी अस्मिता, लोक संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत उत्सव है। यहां सांताली और अन्य जनजातीय समाजों के लोग अपने पारंपरिक परिधानों में नृत्य और गीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए सुगठित व्यवस्था जिला प्रशासन और आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए विस्तृत तैयारियां की हैं। - टेंट सिटी में आवास और विश्राम की सुविधा- बोकारो स्टील सिटी व गोमिया रेलवे स्टेशन से निःशुल्क बस सेवा- खिचड़ी सेवा, साफ-सुथरा पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साज-सज्जा- सूचना व सहायता केंद्र, स्वास्थ्य शिविर और स्वच्छता टीम निरंतर सक्रिय उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा ने पूजा-अर्चना कर महोत्सव की सफलता और जिले की सांस्कृतिक एकता, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।उन्होंने कहा कि लुगुबुरू महोत्सव हमारी मिट्टी की खुशबू, हमारी संस्कृति की आत्मा और हमारी परंपरा की पहचान है। यह पर्व झारखंड की लोकआस्था को विश्व पटल पर स्थापित करता है।

**सुरक्षा और सेवा – प्रशासन सतर्क**

एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूरे परिसर में पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन व सीसीटीवी निगरानी, और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर आगंतुक को सुरक्षित, सहज और भक्तिपूर्ण अनुभव मिले, यही हमारा प्रयास है।

## श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ढाब, चंदवारा में जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम कोडरमा के तत्वाधान में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत पीएम उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ढाब , चंदवारा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को तंबाकू एवं मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के साथ-साथ क्षय रोग (टीवी) के प्रति जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान स्लोगन प्रतियोगिता करवाया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम तीन उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरष्कार एवं अन्य सभी को सांत्वना पुरष्कार दिया गया। जिला परामर्शित दीपेश कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन से स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक दृष्टि से भी परिवार के लिए हानिकारक है। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र /छात्राओं ने जीवन पर्यन्त तम्बाकू पदार्थों का सेवन न करने की शपथ ली।

# भाकपा माले का धरना 11 नंबर से जयनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जयनगर माले प्रखंड सचिव मुंना यादव ने जानकारी देते हुए कहा जनता के जन सवालों को को लेकर मांगे पूरी होने तक धरना दिया जाएगा दिनांक 11/11/2025 समय 11 बजे दिन से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष विभिन्न सवालों को लेकर धरना दिया जाएगा ज्ञात हो कि दिनांक18/3/2025 को पार्टी की ओर से धरना दिया गया था जिस पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुआ। जयनगर में बाइपास रोड का निर्माण मंइयां सम्मान के लाभ से वंचितों को शीघ्र लाभ दिया जाए वृद्धा पेंशन विधवा दिव्यांग पेंशन के वंचितों को शीघ्र लाभ देने पेंशन की राशि तीन हजार प्रति माह करने




नया राशन कार्ड बनाने व कार्ड में नाम जुड़वाने के आवेदन पर जल्द काम किया जाए। प्राथमिक शिक्षा दुरुस्त किया जाए स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर बैठने की गारंटी व दवा सुनिश्चित किया जाए। पंचायत भवन व सरकार आपके द्वारा में लिए गए आवेदनों पर त्वरित करवाई किया जाए। पंचायत सेवक, हल्का कर्मचारी को पंचायत भवनों में व तहसील भवनों में बैठने की गारंटी किया जाए। भ्रष्टाचार व घूसखोरी पर रोक लगाया जाए जमीन की दाखिल खारिज व खाता प्लॉट रकवा ऑनलाइन सुधार संबंधी कार्यों में तेजी लाया जाए कैंप लगाकर लिए गए भूमि संबंधित आवेदनों पर त्वरित काम करने की गारेंटी करें। रैयती खतियानी जमीन को ऑनलाइन के द्वारा छेड़छाड़ कर ऑनलाइन में गैरमजुरूवा खास बना दिया गया है जिसे सुधार किया जाए और गड़बड़ी करने वाले के ऊपर कारवाई किया जाए 12- ईरगोबाद अकतो नदी पर बंद पड लिफ्ट इरीगेशन को चालू करने की गारंटी करें ।

# सहयोगिनी द्वारा 120 बच्चों को ड्रेस जूता तथा अभिभावकों के बीच राशन का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कसमार :** प्री स्कूल पोषण तथा शिक्षा कार्यक्रम के तहत आज कसमार प्रखंड के चौड़ा, केदला, त्रियोनाला तथा भूरसाटांड़ स्थित केंद्र में 120 अभिवंचित बच्चों को ड्रेस, जूता , ग्राम जैकेट तथा उनके 150 अभिभावकों को राशन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि सही पोषण से ही कुपोषण से मुक्ति मिल सकती है। इसके लिए बच्चों को पौष्टिक आहार आंगनबाड़ी के माध्यम से दिया जा रहा है । साथ ही सहयोगिनी द्वारा इन बच्चों को प्रतिदिन दूध- बिस्कुट दिया जाना नेक कार्य है। उन्होंने कहा कि जीवदया फाउंडेशन के सहयोग से कसमार प्रखंड के चार गांव में 120 बच्चों को प्रतिदिन एक गिलास दूध तथा बिस्किट प्रदान किया जाता है। जिससे उन्हें पौष्टिक संतुलित आहार मिल पा रहा है । साथ ही बच्चों के स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए उनके साथ एक्टिविटी की जाती है । सभी बच्चों को ड्रेस, जैकेट , जूता ,मौजा तथा उनके अभिभावकों को 30 किलो राशन प्रदान किया गया है । उन्होंने कहा कि अभीवंचित वर्ग के बच्चों के विकास के लिए संस्था के द्वारा यह प्रयास लगातार चल रहा है। जो कि आगे जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा इस प्रखंड में बच्चों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही है। जिसके तहत किशोरियों का सर्वांगीण तथा नेतृत्व क्षमता विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सहयोगिनी की नीतू कुमारी बिंदिया देवी, नीमा देवी, प्रकाश कुमार, अभय कुमार सिंह ,गौतम सागर, दशमी देवी, गिरिबला देवी, लाबनी रवि कुमार रॉय आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल में "एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम"के तहत अधिकारियों को किया गया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इस्पात संयंत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बोकारो निवास के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। बीएसएल एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के कुल नौ अधिकारियों को एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बीएसएल के ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक, श्रप्रशांत कुमार श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक, चंदन कुमार, सहायक महाप्रबंधक , राकेश कुमार वेलपुरी, सहायक महाप्रबंधक, सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक, राजीव रंजन, सहायक महाप्रबंधक, आभा कुमारी, वरीय प्रबंधक, आयुष केडिया, उप प्रबंधक एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के प्रदीप कुमार जायसवाल, प्रबंधक शामिल हैं।

# लुगुबुरू घंटाबाड़ी राजकीय महोत्सव को लेकर प्रशासन तैयार : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** लुगुबुरू घंटाबाड़ी राजकीय महोत्सव 2025 को लेकर जिला प्रशासन बोकारो सभी तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष महोत्सव को और अधिक सुसंगठित, पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने पर काम किया गया है। महोत्सव की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें डीसी अजय नाथ झा और एसपी हरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से मीडिया प्रतिनिधियों को कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था और आयोजन की मुख्य विशेषताओंकी जानकारी दी।

**प्रकृति को प्रधानता –बांस से बने बेंच व डस्टबिन**

जिला प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। स्थल परिसर में जगह-जगह बांस के बेंच, डस्टबिन एवं अन्य पर्यावरण हितैषी संरचनाएं* स्थापित की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण मिल सके।

**श्रद्धालुओं से अपील – अच्छा संदेश लेकर जाएं, अच्छा संदेश देकर जाएं**

उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे बाबा लुगु का दर्शन करें और यहां से एक अच्छा संदेश लेकर जाएं और एक अच्छा संदेश देकर जाएं। जिला प्रशासन का ध्येय है श्रद्धालुओं का सेवा करना। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालु बाबा लुगु के अतिथि है और उन अतिथियों का सत्कार करना प्रशासन का कर्तव्य है।

**दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में प्रदर्शनी**

इस वर्ष के महोत्सव में आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही संगोष्ठी होगा। स्वदेशी खेल प्रतियोगिताएं, पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम और लाइव पेंटिंग का आयोजन भी हुआ है। इन आयोजनों के माध्यम से झारखंड की समृद्ध जनजातीय परंपराओं को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा पुख्ता**

माननीय मुख्यमंत्री आगामी 05 नवम्बर को महोत्सव में शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था की विशेष तैयारी की है। महोत्सव स्थल पर मीडिया सेंटर, हेल्थ सेंटर और सूचना सहायता केंद्र की व्यवस्था की गई है ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

**सीसीटीवी निगरानी और फायर सेफ्टी की व्यवस्था**

मौके पर एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान सीसीटीवी कैमरे, लाइव स्क्रीनिंग, नियंत्रण कक्ष और फायर सेफ्टी सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही सभी स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। पूरे महोत्सव परिसर को अलग - अलग आठ जोनों में विभाजित किया गया है। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोडरमा स्टेशन से 12,300 का अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**कोडरमा :** सोमवार को निरीक्षक प्रभारी/कोडरमा के नेतृत्व में उप निरीक्षक/सुशील कुमार साथ प्रधान आरक्षी/अरूण कुमार राम, तथा आरक्षी/शंकर कुमार सभी रेसुब, पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 04/05 पर समय करीब 07:50 बजे गशत कर रहे थे। गश्ती के क्रम में प्लेटफार्म सं0 04/05 पर स्थित fob के पास पहुँचे तो एक व्यक्ति को काले रंग के पिठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उनके पास जाकर पूछताछ किया गया तो उन्होने अपना नाम व पता अमन कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता- अखिलेश कुमार, पता- गोवाईचक, थाना- नौबतपुर, जिला- पटना (बिहार) का रहने वाले बताया। जब उनके कब्जे वाले पिट्ठु बैग को वहीं पर खोलकर चेक किया गया तो उसके अंदर रखा हुआ (1) 14 अदद Royal Stag Deluxe Whisky जिसमें 10 अदद बोतल की क्षमता 750 मिली0 और कीमत 820/- रुपए तथा 04 अदद बोतल की क्षमता 375 रुपए तथा कीमत 410 रुपए (2) 03 अदद Magic Moment Vodka जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 और कीमत 820/- रुपए अंकित पाया गया। उसके बाद उक्त व्यक्ति से शराब के बाबत पूछताछ किया गया तो उनकें द्वारा बताया गया कि मैं बेरोजगार हूँ। इसलिए इसे बिहार ले जाकर अधिक दामों में बेचकर उसपर लाभ कमाते हैं। जिसके बाद मौके पर ही उपस्थित गवाहों के समक्ष उप निरीक्षक/सुशील कुमार के द्वारा सभी शराब को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा पकड़े गये व्यक्ति का गिरफ्तारी सह जामातालाशी बनाते हुए गिरफ्तार किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। जब्त सभी शराब की कुल क्षमता 11250 मिली0 व कुल कीमत 12,300/- रुपए आंका गया। जब्त सभी शराब एवं गिरफ्तार व्यक्ति को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

### कोडरमा स्टेशन से 7200 मि0ली0 अंग्रेजी शराब जब्त



**कोडरमा :** ऑपरेशन सतर्क के तहत सोमवार को निरीक्षक प्रभारी/कोडरमा के नेतृत्व में उप निरीक्षक/सुशील कुमार साथ प्रधान आरक्षी/अरूण कुमार राम, आरक्षी/शंकर कुमार सभी रेसुब, पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 04 पर समय करीब 10:20 बजे गस्त कर रहे थे। गस्त करने के क्रम में प्लेटफार्म सं0 04 के कालका इंड के पास पहुँचे तो एक सफेद रंग का बोरा संदिग्ध अवस्था में रखा हुआ देखा गया। उक्त बोरा के बावत आसपास बैठे यात्रियों से पुछा गया तो किसी भी यात्री के द्वारा उसपर अपना दावा पेश नहीं किया गया। लिहाजा शंका के आधार पर बोरा को वहीं पर खोल कर चेक किया गया तो उसके अंदर रखा हुआ 24 अदद Royal Jharkhand देशी शराब जिसमें प्रत्येक की क्षमता 300 मिली0 और कीमत 65 रुपए अंकित पाया गया। जिसके बाद मौके पर ही उप निरीक्षक/सुशील कुमार, रेसुब पोस्ट कोडरमा के द्वारा उपलब्ध गवाहों के समक्ष सभी शराब को समय 10:40 बजे जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा आगे की कार्यवाही वास्ते रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। जब्त सभी शराब की कुल क्षमता 7200 मि0ली0 व कुल कीमत 1560/- रुपए आंका गया। जब्त सभी शराब को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

### बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन




**बोकारो :** बीएसएल में विगत 27 अक्टूबर से सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी की थीम पर मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह सोमवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा के साथ अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक तथा एसीवीओ ज्ञानेश झा, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अन्य वरीय अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा सतर्कता सप्ताह के दौरान आयोजित किये गए विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा ने सभी को सतर्कता शपथ दिलाई तथा सतर्कता जागरूकता के सफल आयोजन के लिए सतर्कता विभाग की सराहना की और कहा कि सभी स्टेक होल्डर्स और जन सामान्य को॰सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी के अभियान से जोड़कर ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना और राष्ट्र की समृद्धि को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न श्रेणियों यथा भाषण, ड्राइंग, निबंध, पोस्टर कविता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक चित्रा पराशर के द्वारा किया गया।

### कैराली पब्लिक स्कूल में कराटे का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट

**बोकारो :** कैराली पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में सोमवार को कराटे खेल का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के तीसरी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कराटे खेल के कोच सिंहान खेदु गोराई ने खिलाड़ियों के कराटे खेल के प्रदर्शन के आधार पर बेल्ट ग्रेडिंग किया 'इस कराटे बेल्ट ग्रेडिंग में कुल 50 खिलाड़ी सफल हुए। जिसमें सभी सफल कराटे खिलाड़ियों को स्कूल के प्राचार्य रूमा मिश्रा ने बेल्ट व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कर्ष कुमार येलो बेल्ट यश राज ऑरेंज बेल्ट देवांश तिवारी शिवांश कुमार ,लक्ष्य कुमार, जीत कुमार, अयांश रुद्र प्रताप ,आर्य कुमार ,श्रेयांश कुमार, दीक्षित आयशा सिंह ,आराध्या, अनमोल भारती ,नियति कुमारी, सिया कुमारी ,श्रेया कुमारी, भव्य राय, इशिता प्रसाद, वैष्णवी सिंह ,रानी राणा, स्वामी प्रसाद, शौर्य राज मंथन, अर्णव कुमार ,सत्यम कुमार, शिवम चौरसिया ,आदर्श कुमार, सिद्धांत राज , आकृति कुमारी ,दीपशिखा ,आदित्य सिंह व इसी बरनवाल शामिल है।

## एक नजर

### हाथीखेदा मंदिर में मनरेगा संघ की हुई बैठक, सहदेव बेहरा बने अध्यक्ष



**पटमदा** : बोड़ाम प्रखंड के हाथीखेदा मंदिर के समीप रविवार को बोड़ाम प्रखंड के मनरेगा संघ की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बोड़ाम प्रखंड मनरेगा संघ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सलाहकार और मीडिया प्रभारी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सहदेव बेहरा, सचिव विजय कुमार दास कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध नायक, मीडिया प्रभारी जगन्नाथ सीट, सलाहकार सहदेव महतो, उपाध्यक्ष गणेश सिंह को चुना गया। इस बीच रखल चंद्र गोराई, संजीत महतो, सुधीर हांसदा, मनोज कुमार मिश्रा बाकसिंह माहली आदि उपस्थित थे।

### सीओ ने फाइलेरिया नाइट ब्लाइंड शिविर का किया उद्घाटन



**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के कुमीर पंचायत अंतर्गत कुमीर गांव में राज्य एवं जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के आलोक में नाइट ब्लाइंड सर्वे का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया से पीड़ित लोगों की जांच करना तथा उन्हें पता करना तथा प्रभाव को कम किया जा सके ।कार्यक्रम में अंचलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार दास, चिकित्सा प्रभारी डॉ आर के सिंह एवं प्रोग्राम ऑफिसर रूपाली पाठक, मुखिया दीपक कोड़ा, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, आंगनबाड़ी सेविका सहीया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### विवाद में पड़ोसी की हत्या, एक गिरफ्तार

**पलामू** : पलामू के हरिहरगंज के सतगांवा के जसमुद्दीन अंसारी की हत्या चार फीट रास्ता विवाद में हुई थी। पड़ोसी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर तेज धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी थी। घटना के 6 दिन के भीतर पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना में इस्तेमाल कटार, मोबाइल एवं मृतक का पहना हुआ कपड़ा बरामद किया गया है। मुख्य आरोपित सहित दो फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। हत्या का सौदा डेढ लाख में तय हुआ था। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को बताया कि जसमुद्दीन अंसारी का उसके पड़ोसी इरफान अंसारी से चार फीट रास्ता को लेकर विवाद था। दोनों के बीच मकान बनाने से पहले चार फीट रास्ता छोड़कर निर्माण का निजी समझौता हुआ था। चार फीट छोड़कर जसमुद्दीन ने मकान बनाया था। इधर जब इरफान मकान बनाने लगा तो उसने जमीन नहीं छोड़ी। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। मामला काफी बढ जाने के कारण इरफान ने जसमुद्दीन की हत्या की योजना बनायी। पूर्व परिचित तरहसी गुरहा के अब्दुल के अलावा बिहार के औरंगाबाद के अलीनगर के मो. सैफउल्लाह को डेढ लाख में हत्या की सुपारी दी। 50 हजार रुपए एडवांस दिया गया था। प्लानिंग के तहत जसमुद्दीन को 27 अक्टूबर को फोन करके गांव में बुलाया गया और धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। अनुसंधान के दौरान अब्दुल रमजान को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार सहित अन्य सामान बरामद हुए। साथ ही घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों की पहचान हुई। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। तीनों आरोपित ओडिशा के गैरेज में काम करते थे। इस कारण तीनों में जान पहचान हुई थी।

# रनिया थाना प्रभारी पर हमला करने के आरोप में दो नामदर्ज सहित 40-50 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : लोहागाढ़ा डाईर मेला में अवैध शराब की बिक्री बंद कराने गए रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल पर रविवार को जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो नामजद और 40 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया है। रनिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रशांत डांग के आवेदन पर मेला समिति के अध्यक्ष शिव अवतार सिंह और सचिव मनोज कांशी समेत 40 से 50 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सीओ सह बीडीओ प्रशांत डांग की लिखित शिकायत में बताया गया है कि रनिया थाना क्षेत्र के लोहागढ़ा में आयोजित डाईर मेला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीओ और थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, अमरजीत सिंकू एवं सशस्त्र बल के साथ में गये हुए थे। विधि-व्यवस्था संधारण के दौरान डाईर मेले के अध्यक्ष शिव अवतार सिंह एवं सचिव मनोज कांशी को मेले क्षेत्र में अपने स्वंयसेवकों को भी तैनात करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन मेला आयोजन के दौरान उनके द्वारा कोई भी स्वयंसेवक तैनात नहीं था। बताया गया कि करीब साढ़े तीन बजे दारू भट्टी की तरफ से दो गुटों में आपस में झगड़े की सूचना थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल को मिली। इसके बाद थाना प्रभारी सशस्त्र बल को लेकर दारू भट्टी की तरफ गए तो देखा कि शराब पीने वाले कुछ लोग आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। थाना प्रभारी लड़ाई झगड़ा कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने शराब पीने एवं बेचने वालों को भी मना किया, तो लड़ाई झगड़ा कर रहे लोग एवं शराब बेचने वाले लोगों ने एकजुट होकर 40 से 50 की संख्या में जिसमें महिलाएं भी शामिल थी, सबने मिलकर थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बलों को घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच पीछे से किसी व्यक्ति ने जलावन लकड़ी से जान से मारने की नीयत से थाना प्रभारी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा और वह जमीन पर गिर गए। हमला करने के बाद कुछ युवक एवं महिला, थाना प्रभारी के साथ मारपीट करने लगे और सशस्त्र बल के के जवान अनीश बारला की रायफल छीनने की कोशिश की। इधर, मेले में तैनात दूसरे सशस्त्र बल के पहुंचने पर सभी मौके से भाग गए, जिसके बाद थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है। बीडीओ प्रशांत डांग ने बताया कि यह घटना डाईर मेला समिति के अध्यक्ष शिव अवतार सिंह और सचिव मनोज कांशी द्वारा मेला संचालन में लापरवाही करने के कारण हुई है। सीओ प्रशांत डांग के आवेदन पर दोनों के खिलाफ नामजद एवं अन्य 40-50 अज्ञात लोगों पर मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज हुआ है। मामले की जांच के लिए तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में तोरपा रनिया की पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही पुलिस पर हमला करने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि थाना प्रभारी के सिर पर गंभीर चोटें आई है और उनका इलाज रांची में चल रहा है।

## सरिया के कुमबाटांड हत्याकांड में 13 अभियुक्त फरार, भय के साये में जी रही विधवा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया** : एक साधारण जमीन के टुकड़े की लालच ने एक परिवार को अनाथ कर दिया, लेकिन न्याय की किरण अभी भी दूर-दराज बसी लगती है। सरिया थाना क्षेत्र के कुमबाटांड गांव में बीते 7 अक्टूबर को हुए क्रूर हत्याकांड ने पूरे इलाके को सदमे में डुबो दिया है। जुम्मन मियां की निर्मम हत्या के 26 दिन बाद भी, 16 नामजद अभियुक्तों में से मात्र तीन को ही न्याय के हत्थे चढ़ाया जा सका है। बाकी 13 आरोपी खुलेआम सड़कों पर घूम रहे हैं, मानो कानून का कोई डर ही न हो। पीड़ित परिवार का हर सदस्य भय के का ले बादलों तले सिहर रहा है–रातें डरावनी हो गई हैं, और दिन न्याय की बेचैनी में कट रहे हैं।मृतक जुम्मन मियां के पुत्र इमाम उल अंसारी की आंखों में आंसू और आवाज में कसक साफ झलकती है। हम कब तक इस डर



में जीएंगे? क्या न्याय सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएगा? इमाम उल की यह पुकार न केवल एक बेटे का दर्द है, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों की व्यथा है जो जमीन के नाम पर खूनखराबे का शिकार हो चुके हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि यह विवाद वर्षों पुराना है, लेकिन 7 अक्टूबर को यह हिंसक रूप ले बैठा जब अभियुक्तों ने जुम्मन पर जानलेवा हमला बोल दिया।स्थानीय पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू तो कर दी है, लेकिन फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी में देरी से परिवार का विश्वास डगमगा रहा है। सरिया थाने के अधिकारी अभी टिप्पणी करने से बच रहे हैं, मगर सूत्र बताते हैं कि छापेमारी तेज कर दी गई है। फिर भी, सवाल वही है– क्या एक गरीब परिवार को न्याय के लिए इतना इंतजार करना पड़ेगा? जुम्मन मियां की यादें अब परिवार के लिए घाव बन चुकी हैं; उनकी विधवा रात-रात भर कराहती रहती हैं। यह घटना झारखंड के ग्रामीण इलाकों में व्याप्त भूमि विवाद की कड़वी सच्चाई को उजागर करती है, जहां एक बीघा जमीन की कीमत जान से भी ज्यादा हो जाती है।पीड़ित परिवार ने प्रशासन से गुहार लगाई है क्या यह पुकार अनसुनी रह जाएगी, या न्याय की रोशनी इन अंधेरे दिनों को चीर देगी? कुमबाटांड का यह दर्द न केवल एक गांव की कहानी है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक सबक है।

## तिरूलडीह पुलिस की बड़ी कार्रवाई डोडा लदा छोटा हाथी वैन जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़**: जिला के तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिबंधित डोडा लदे एक छोटा हाथी वैन को जप्त किया गया। डोडा माफिया, चालक एवं रैकी कर वाहन के साथ चलने वाले एक बाइक चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ईचागढ़ की ओर से छोटा हाथी वैन में एक वैन? डोडा लेकर बंगाल की ओर जाने के क्रम में कुदा तिरूलडीह सड़क पर सुनसान जगह पर तिरूलडीह पुलिस पीछा कर डोडा सहित वाहन और एक बाइक को जप्त कर लिया। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि एक छोटा हाथी पर तीरपाल ढककर चौड़ा के रास्ते बंगाल कि ओर जा रहा था, जिसमें एक व्यक्ति आगे आगे रेकी कर बाइक से जा रहा था। संदेह होने पर पीछा किया गया। पुलिस को देखकर छोटा हाथी एवं रेकी में सामिल व्यक्ति भी बाइक छोड़कर भाग गया। थाना प्रभारी ने बताया कि डोडा सहित वाहन एवं बाइक को जप्त कर विधि सम्मत कार्रवाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन का डीटेल निकाल कर डोडा का अवैध कारोबार करने वाले पर भी कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का अवैध शराब व नशा के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कारवाई किया जाएगा।

## शहीद स्मारक समिति के रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त संग्रह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : शहीद स्मारक समिति पूर्वी सिंहभूम द्वारा एम.जी.एम. कॉलेज अस्पताल के सहयोग से पटमदा ग्राम प्रधान भवन में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा आम जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कुल 40 यूनिट रक्तदान किया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में मानवता की सेवा तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। आयोजन समिति के सदस्यों जिला परिषद प्रदीप बेसरा ने कहा कि रक्त की एक यूनिट किसी की जीवन-रक्षा का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। शिविर में एम.जी.एम. अस्पताल की चिकित्सक टीम ने रक्त संग्रह और जाँच की व्यवस्था संभाली। मौके पर समिति के सदस्यों



समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने बताया कि भविष्य में इस तरह के और भी बड़े रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मानवता के कार्य से जुड़ सकें। शहीद स्मारक समिति ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और रक्तदान एक जीवनदान है, इसे जीवन का उत्सव बनाएं। मौके पर मुखिया दीपक कोड़ा मुदी, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, बृंदावन दास, प्रबोध महतो, उपमुखिया गोपाल गोराई, मानिक बेसरा, सुधांशु , अजय मुर्मू, धीरेन महतो, पंचानन महतो, अजित आदि रक्त वीरों ने भाग लिया था।

## घाटशिला की जनता अब परिवर्तन के मूड में है : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला** : घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धालभूमगढ़ मंडल के रावताड़ा और पाणिनीय पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता अब पूरी तरह परिवर्तन के मूड में है। झामुमो सरकार की आदिवासी विरोधी और जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग त्रस्त है। इस बार घाटशिला की आदिवासी समाज वोट के जरिए इस सरकार को करारा जवाब देगी। उन्होंने चाईबासा घटना का जिक्र करते हुए कहा आदिवासी युवा अपने जायज हक और मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार



ने उन निहत्थे युवाओं और महिलाओं पर बेरहमी से लाठीचार्ज कराया और सैकड़ों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर दिए। यह सरकार आदिवासियों के नाम पर राजनीति करती है, पर असल में उनकी आवाज को कुचलने का काम करती है। मरांडी ने आगे कहा कि हेमन्त सोरेन अबुआ सरकार का नारा देते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद बबुआ के निर्देश पर आदिवासी समाज पर लाठी-गोली चलवाने का काम करते हैं। जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले उपचुनाव में झामुमो सरकार को इसका जवाब देगी।

## कोल्हान विवि के चार एनएसएस स्वयंसेवक धर्मशाला साहसिक शिविर के लिए रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर** : हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में अटल बिहारी वाजपई इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग एंड एलिट स्पोर्ट्स स्थल पर 6 नवंबर से 15 नवंबर के बीच होने वाले साहसिक शिविर में कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से चार स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इस शैक्षणिक यात्रा में कोल्हन विश्वविद्यालय की ओर से वोलेंटियर हरिप्रिया मोहंता, ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वूमेन से राजकुमारी प्रिया सिंह, रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन से सुमन डे और करीम सिटी कॉलेज से मोहम्मद रेहान रजा आज हिमाचल प्रदेश की ओर रवाना हुए। रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना




के प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर भूपेश चंद्र भी दलनायक के तौर पर जा रहे हैं। इस साहसिक शिविर में भाग लेने हेतु सभी एन एस एस स्वयंसेवकों को कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर अंजिला गुप्ता जी ने शुभकामनाएं दी और कहा कि इस तरह की यात्राएं विद्यार्थियों को व्यावहारिक और वास्तविक अनुभव देते हैं जिससे उनके व्यक्तित्व कौशल का विकास होता है। कोल्हान विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर दारा सिंह गुप्ता और अन्य सम्मानित व्याख्याता गणों ने भी इस शैक्षणिक यात्रा को सीखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। रंभा कॉलेज आफ एजुकेशन के अध्यक्ष रामबचन जी ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में यात्राएं एक शिक्षण बिंदु का कार्य करती हैं। युवा वर्ग को ऐसे अवसर देने के लिए हमारा महाविद्यालय सदैव तत्पर रहता है। कॉलेज के सचिव गौरव बचन ने कहा कि हमारी अपेक्षा है कि यह यात्रा सार्थक हो और विद्यार्थियों के जीवन अनुभव में कुछ सकारात्मक विचारों का समावेश करे। रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉक्टर कल्याणी कबीर और सभी व्याख्याता गणों ने भी साहसिक शिविर में जाने वाले टीम के हर स्वयंसेवक और दलनायक डॉ भूपेश चंद्र को शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिल्ली में नए थाना प्रभारी नवीन कुमार ने संभाला पदभार



**सिल्ली** : सिल्ली के नये थाना प्रभारी नवीन कुमार ने सोमवार के दिन अपना पदभार संभाला। बताते चलें की पूर्व थाना प्रभारी दिनेश कुमार ठाकुर का तबादला रांची हो गया है और उनके स्थान पर नवीन कुमार का पदस्थापन किया गया है। सादे समारोह में नये थाना प्रभारी ने निवर्तमान थाना प्रभारी से प्रभार लिया। पदभार लेने के बाद नए थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी इसके अलावा पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करना है। पुलिस हमेशा जनता की सेवा कार्यों में तत्पर रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि थाना क्षेत्र की जनता को कोई भी परेशानी होती है तो सीधे थाना से संपर्क कर सकते हैं।

### बौद्ध धर्म गुरु भदंत ज्ञानेश्वर के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**अनगड़** : एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा, टाटीसिलवे (रांची) के तत्वावधान में बौद्ध धर्म गुरु एवं एक्यूप्रेशर परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष भदंत ज्ञानेश्वर के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि भदंत ज्ञानेश्वर का निधन 31 अक्टूबर 2025 को यूके में हो गया था।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया और दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर परिषद के सचिव डॉ. मधुसूदन पांडेय ने भदंत ज्ञानेश्वर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बौद्ध धर्म के प्रचार–प्रसार के साथ–साथ मानवता, सेवा और एक्यूप्रेशर चिकित्सा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य करते आए थे। उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायमूर्ति महेंद्र प्रसाद ने कहा कि भदंत ज्ञानेश्वर न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श पुरुष थे। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में हवलदार अनुज सिंह, डॉ. बलराम महतो, डॉ. नरेश महतो, राकेश कुमार सिंह, माधुरी सिंह, पत्रकार सुरेंद्र ठाकुर, सुदेश महतो, सुजीत कुमार, संदीप पांडेय, ललिता कुमारी, पूजा कुमारी, लपम कुमारी, मुनमुन कुमारी, कोमल कुमारी, प्रीति कुमारी सहित अनेक श्रद्धालु एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। भदंत ज्ञानेश्वर की स्मृति में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. लखन मिश्रा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन तपस कुमार ने किया।

### प्रखंड स्तरीय मध्याम भोजन कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड स्तरीय मध्याम भोजन कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड मुख्यालय बीआरसी भवन में किया गया जिसमें प्रखंड के सभी रसोईया भाग लिया। इस प्रतियोगिता में रसोईया ने अपने हाथों से एक से बढ़कर एक भोजन बनाया साथ ही साथ सिल्ली सामुदायिक अस्पताल से जज के रूप में आये हुए डॉ विवेक द्वारा भोजन को खाने के बाद प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रसोईया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वीपीओ मनोज कुमार, वी हेमरम, अस्पताल के नरगिस खातून आदि शिक्षक गण उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी**

**शुद्धि-पत्र**

पथ प्रमण्डल, खूँटी अन्तर्गत निकाली गई अति अल्पकालीन निविदा जिसका निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–1026 दिनांक– 25.10.2025 पी0आर0 नम्बर– PR 364752 (Road) 25-26*D में आंशिक संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत् हैः–

परिमाण विपत्र बिक्री तिथि– 06.11.2025 एवं 07.11.2025 के जगह दिनांक– 06.11.2025 पढ़ा जाय।

निविदा प्राप्ति की तिथि – 10.11.2025 के जगह दिनांक– 07.11.2025 पढ़ा जाय।

निविदा खोलने की तिथि – 10.11.2025 के जगह दिनांक– 07.11.2025 पढ़ा जाय।

शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, खूँटी

PR 365103 Road (25-26)_D



**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा**

**–: आम सूचना :–**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि चतरा जिलान्तर्गत बहुत अधिक संख्या में पशुओं के रोग ग्रस्त होन की सूचना प्राप्त हो रही हैं, जिससे आकस्मिक स्थिति उत्पन्न हो गयी है। जिला के पशुओं के रोग को तत्काल नियंत्रित करने हेतु जिला / प्रखण्ड स्तरीय पशु रोग नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार हैः–

• **जिला स्तरीय पशु रोग नियंत्रण कक्ष**

| क्र0सं0 | कर्मियों का नाम | मोबाईल नं0 | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री कपिल देव साहु | 7992490820 | सुबह 06:00 बजे से 10:00 बजे तक |
| 02 | श्री विक्रम कुमार दास | 8292364359 | सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 03 | श्री निशांत कुमार शर्मा | 6200860078 | शाम 05:00 बजे से रात 08:00 बजे तक |

•**प्रखण्ड स्तरीय पशु रोग नियंत्रण कक्ष**

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पशु चिकित्सक का नाम | मोबाईल नं0 | सहायक का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | डा0 अलोना संगम | 8409820297 | श्री लखन ठाकुर<br>मो0 मुस्ताक | 7004091855<br>7541829635 |
| 02 | गिद्धौर कानहाचट्टी | डा0 इन्द्रजीत कुमार | 7463965339 | श्री बंसत कु0 यादव<br>श्री मानसु यादव | 7631107136<br>8051160291 |
| 03 | ईटखोरी मयुरहण्ड | डा0 नकुल कु0 मेंहता | 9241245583 | श्री विराज महतो<br>श्री उमेश कु0 यादव | 8987147150<br>9570677839 |
| 04 | हण्टरगंज | डा0 मो0 रेहान अहमद रज़ा | 9031148298 | श्री भूनेश्वर दाँगी<br>श्री महेश चौधरी<br>श्री प्रमोद सिंह | 9504861630<br>8292777770<br>9798366305 |
| 05 | प्रतापपुर कुन्दा | डा0 कुमार सौरभ | 9451344488 | मो0 रिजवान | 9798915065 |
| 06 | सिमरिया लावालौग | डा0 अलोना संगम | 8409820297 | श्री हरनाथ यादव<br>श्री रामौतार राम | 9431705990<br>7250166931 |
| 07 | पत्थलगड्डा | डा0 सरोज कुमार | 9835350800 | श्री पुनई यादव | 8298131144 |
| 08 | टण्डवा | डा0 पिंकी तिग्गा | 9102259362 | श्री मनोहर प्रसाद | 7739636796 |

जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय नियंत्रण कक्ष अवकाश के दिनों में भी कार्यरत रहेंगे।

जिला के पशुपालकों से अपील है कि पशुओं के रोगों की जानकारी एवं चिकित्सा हेतु उपर वर्णित मोबाईल नं0 पर सम्पर्क करें।

•**चलन्त पशुचिकित्सालय भी कार्यरत् है सभी प्रखण्डो में जिसका Toll Free no 1962 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।**

**जिला पशुपालन पदाधिकारी,**
**चतरा**

**PR 365189 (Animal Husbandry)25-26*D**

# लोक संस्कृति का वाहक पुष्कर मेला

राजस्थान में अजमेर से लगभग 11 किलोमीटर दूर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं।

यहां पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है, जो इस मेले की शोभा को और बढ़ा देते हैं। पुष्कर मेला कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं। पुष्कर में 30 अक्टूबर से सजे मेले का समापन पांच नवंबर को होगा। यह थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है। पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं। पुष्कर मेले को खास माना जाता है, क्योंकि यह धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्व का एक अनूठा संगम है। पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊंट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊंट, घोड़े, और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी, और ऊंट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं। जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं। राजस्थान में त्योहारों, पर्वों एवं मेलों की जैसी अनूठी परम्परा एवं संस्कृति है, वैसी देश में अन्यत्र कहीं मिलना कठिन है। यहां का प्रत्येक मेला एवं त्योहार लोक जीवन की किसी किवदन्ती या किसी ऐतिहासिक कथानक से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके आयोजन में सम्पूर्ण लोक जीवन पूरी सक्रियता से भाग लेता है। इन मेलों में राजस्थान की लोक संस्कृति जीवन्त हो उठती है। इन मेलों के अपने गीत हैं, जिनके प्रति जन साधारण की गहरी आस्था दृष्टिगोचर होती है। इससे लोग एकता के सूत्र में बंधें रहते हैं। राजस्थान में अधिकांश मेले पर्व व त्योहार के साथ जुड़े हुए हैं। मेलों का महत्व देवताओं एवं देवियों की आराधना को लेकर भी है क्योंकि देव पूजन से मानव को शान्ति प्राप्त होती है। वैसे तो राजस्थान के विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में मेले आयोजित किए जाते हैं, परन्तु कुछ गिने-चुने मेलों का अपना ही महत्व होता है। यहां के धार्मिक मेलों में सम्बंधित धर्म अनुयायियों के अतिरिक्त अन्य धर्म के लोग एवं अन्य जाति के लोग भी खुलकर भाग लेते हैं। मेला स्थल से परे पुष्कर नगरी का माहौल एक तीर्थनगरी सरीखा होता है। कार्तिक में स्नान का महत्व हिंदू मान्यताओं में वैसे भी काफी ज्यादा है। इसलिए यहां साधु भी बडी संख्या में पहुंचते हैं। मेले के शुरूआती दिन जहां पशुओं की खरीद-फरोख्त पर जोर रहता है। वहीं बाद के दिनों में पूर्णिमा पास आते-आते धार्मिक गतिविधियों का जोर हो जाता है। श्रद्धालुओं के सरोवर में स्नान करने का सिलसिला भी पूर्णिमा को अपने चरम पर होता है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है। पुष्कर मेला को राजस्थान का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। पुष्कर मेले की प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में ताजमहल का जो दर्जा विदेशी सैलानियों की नजर में है, ठीक वही महत्व त्योहारों से जुडे पारम्परिक मेलों में पुष्कर मेले का है। यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्मा जी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्मा जी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली की पहाडियों के मध्य गिरा और लुढकते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पडी और पवित्र सरोवर बन गए।

## सूडोकु नवताल- 7603

★★★✮☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7602 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# धर्म-स्थलों के हादसें- आखिर कब जागेगा तंत्र?

**ललित गर्ग**

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मची भगदड़ में हुई दर्दनाक मौतों ने एक बार फिर हमारे प्रशासनिक ढांचे, सरकारों की संवेदनशीलता और तंत्र की जवाबदेही पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। हर बार ऐसी त्रासदी होती है, कुछ जानें जाती हैं, कुछ परिवार उजड़ते हैं, कुछ आंसू बहते हैं- फिर वही रटंत बयान, "जांच के आदेश दे दिए गए हैं", "दोषियों पर कार्रवाई होगी", "पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा" और फिर सब कुछ धूल में मिल जाता है। सवाल यह है कि आखिर हम कब तक इस लापरवाही, इस प्रशासनिक नींद, इस जानलेवा कोताही और इस संवेदनहीन व्यवस्था का शिकार बने रहेंगे? किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, एक बार फिर भीड़ प्रबंधन की नाकामी श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। इस घटना के बाद जिस तरह से बयान दिए जा रहे हैं, वह पीड़ितों के जले पर नमक छिड़कने जैसा है।

धार्मिक स्थल आस्था के केंद्र होते हैं, ऊर्जा के केन्द्र होते हैं, जहां लोग शांति और श्रद्धा पाने आते हैं, लेकिन यह कैसी विडंबना है कि इन पवित्र स्थलों पर भी लोगों को असमय मृत्यु का सामना करना पड़ता है। श्रीकाकुलम में जो कुछ हुआ, वह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक प्रणालीगत विफलता है। भीड़ प्रबंधन के नाम पर प्रशासन हर बार हाथ खड़े कर देता है। न पर्याप्त बैरिकेडिंग, न एंट्री-एग्जिट का संतुलन, न भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिसबल या वॉलंटियर, न मेडिकल सहायता का इंतजाम। मन्दिरों, त्योहारों और विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बावजूद तैयारी का नामोनिशान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी का यह मंदिर कुछ महीने पहले ही खोला गया था और राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि जिले के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी नहीं थी। हालांकि इससे यह जवाबदेही खत्म नहीं हो जाती कि एक धार्मिक स्थल पर क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग जुटते चले गए और फिर भी स्थानीय पुलिस-प्रशासन को भनक कैसे नहीं लगी। सरकार और मंदिर प्रबंधन की बातों से लग रहा है कि दोनों पक्ष घटना से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण ओडिशा के जिस शख्स हरि मुकुंद पांडा ने कराया है, उनका कहना है कि सीढ़ियों की रेलिंग टूटने से हादसा हुआ। लेकिन, यही वजह तो काफी नहीं। भगदड़ मचने के बाद श्रद्धालुओं को बाहर जाने का रास्ता नहीं मिल पाया, वह व्यवस्थापकों की लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में आने-जाने का एक ही रास्ता था और जब भीड़ अनुमान से अधिक बढ़ती चली गई, तब भी पुलिस-प्रशासन को सूचित नहीं किया गया।



इस पर पांडा का कहना कि इस घटना के लिए कोई जिम्मेदार नहीं, यह एक्ट ऑफ गॉड है- इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में इस तरह की सोच बेहद शर्मनाक है। यह उन लोगों की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा है, जिन्होंने अपनों को खोया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। श्रीकाकुलम के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं।

यह कोई पहली घटना नहीं है। अतीत में प्रयागराज कुंभ, अयोध्या, हरिद्वार में प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर, सबरीमला, वैष्णो देवी, पुलकेश्वरम, देवरी मंदिर जैसे अनेक स्थलों पर भी ऐसी भगदड़ें हो चुकी हैं। चिंता की बात यह है कि पिछले हादसों से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है। केवल आंध्र में ही इस साल यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है। जनवरी में तिरुपति और अप्रैल में विशाखापत्तनम के सिम्हाचलम में भगदड़ से कई मौतें हुई थीं। पूरे देश में इस साल अभी तक भगदड़ की विभिन्न घटनाओं में 114 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हर बार सरकारें "सीख लेने" की बात करती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सीखने की क्षमता हमारे तंत्र से जैसे गायब हो चुकी है। धार्मिक आयोजनों की भीड़ का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होता। आज तकनीक का युग है सीसीटीवी, ड्रोन, डिजिटल टिकटिंग, भीड़-सेंसरिंग सिस्टम जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। परंतु इनका उपयोग नहीं किया जाता क्योंकि धर्म और आस्था के नाम पर "प्रबंधन" को हमेशा भाग्य पर छोड़ दिया जाता है। जब तक कोई हादसा न हो, तब तक कोई अधिकारी मंदिर परिसर में झांकने तक नहीं आता। और जब हादसा हो जाता है, तब "प्रेस कॉन्फ्रेंस" और "मुआवजा" की राजनीति शुरू हो जाती है। यह भी एक सामाजिक प्रश्न है कि क्या हमारी आस्था इतनी अंधी हो चुकी है कि हम सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर देते हैं? क्या धार्मिक आयोजनों में अनुशासन और व्यवस्था का पालन करना हमारी श्रद्धा को कम कर देगा? श्रद्धा के नाम पर अराजकता, प्रशासनिक ढिलाई और अव्यवस्था का यह घातक संगम अब रुकना चाहिए। सरकारों को चाहिए कि वे भीड़ प्रबंधन को एक राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाएं। हर बड़े धार्मिक स्थल पर स्थायी भीड़ नियंत्रण तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें प्रवेश और निकास मार्ग स्पष्ट हों, आपातकालीन निकास गेट हों, प्रशिक्षित स्वयंसेवक हों, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था हो। स्थानीय प्रशासन को नियमित तौर पर सुरक्षा मॉक ड्रिल करनी चाहिए। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। आज जरूरत है केवल मुआवजे और जांच की नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने की। कौन अधिकारी लापरवाह था, किस विभाग ने सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की, और क्यों भीड़ को अनियंत्रित छोड़ा गया- इन प्रश्नों का उत्तर दिए बिना जांच बेईमानी है। श्रीकाकुलम की यह त्रासदी एक और चेतावनी है। अगर अब भी सरकारें नहीं जागीं, तो आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी, क्योंकि धार्मिक आस्था बढ़ रही है, पर प्रबंधन की मानसिकता वही पुरानी बनी हुई है। भीड़ केवल संख्या नहीं होती, वह जीवन है, वह परिवार है, वह उम्मीद है और जब वह कुचल जाती है, तो यह केवल एक हादसा नहीं, शासन की असफलता एवं सरकारी कोताही की द्योतक है। तमिलनाडु के करूर में तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय की रैली में हुआ हादसा हो या फिर श्रीकाकुलम की घटना - कुछ गलतियां बार-बार दोहराई जा रही हैं। हादसों के बाद सबक लेने के बजाय जिम्मेदार लोग और संस्थाएं बचने का रास्ता तलाशने लगते हैं। सरकारों को समझना होगा कि भीड़ प्रबंधन भारत जैसे देश की जरूरत है। मुआवजे की घोषणा करके मामले को हल्का किया जा सकता है, लेकिन जवाबदेही तय हो और लापरवाही पर सजा मिले। क्या यह पुकार अब भी सत्ता के कानों तक नहीं पहुंचेगी?

# ज्ञान के प्रकाश से समाप्त होती है माया

**हृदयनारायण दीक्षित**

जीवन प्रकृति का उपहार है। कोई जन्म लेता है। जन्मा शिशु हंसता है। हाथ-पैर चलाता है। परिवार छोटे बच्चों को बढ़ता हुआ देखकर प्रसन्न होता है। फिर आती है जीवन की चुनौतियां। दुख आते हैं। सुख आते हैं। वे बारी-बारी से आते-जाते हैं। परिवार बढ़ता है। वह वृहत्तर समाज का अंग हो जाता है। वह जैसा चाहता है, वैसा नहीं होता तो उसे दुख होता है। दुख और सुख आते-जाते हैं। दुख स्वयं निरपेक्ष नहीं है। दुख-सुख का अभाव है। दुख का मुख्य कारण आसक्ति है। माना जाता है, माया मोह में फंसकर व्यक्ति दुखी रहता है। बुद्ध ने माया को ही समस्या का जड़ माना है।

शब्द "माया" लोक जीवन में बहुत चलता है। संसार के प्रति आसक्ति के लिए भी "माया" शब्द का प्रयोग होता है। तब उसे माया मोह कहते हैं। संसार को कागज की पुड़िया बताने वाले संत कबीर भी माया को ठगनी बताते हैं। एक पूरी सभ्यता को ही "माया सभ्यता" कहा जाता है। माया सभ्यता मध्य अमेरिका के दक्षिणी मेक्सिको से लेकर ग्वाटेमाला बेलीज पश्चिमी होंडुरस और एल साल्वाडोर तक फैली हुई थी ऋग्वेद में एक शब्द आया है "ऋभु"। ऋभु कारीगर हैं। एक मंत्र के अनुवाद में ऋभुओं द्वारा बहुत सुंदर स्थापत्य बनाने की प्रशंसा की गई है। माया किसी ने किसी रूप में भारत के मन में बहुत गहराई से बैठी हुई प्रतीत होती है। तुलसीदास भी सांसारिक दुखों का कारण माया बताते हैं। माया प्रभावित जीव दुखी रहते हैं।

माया संस्कृत का शब्द है। इसका अर्थ है- जो नहीं है, अर्थात हमारे इन्द्रियबोध को धोखा देने वाला। अद्वैत दर्शन में माया की धारणा बहुत महत्वपूर्ण है। यह सत्य सुव्यवस्थित है कि परमार्थतः ब्रह्म ही एकमात्र सत है। ब्रह्म एक निर्गुण निर्विकार भेदरहित सत्ता है। ब्रह्म से अलग कुछ भी नहीं। बाकी सब मिथ्या है। लेकिन सांसारिक जीवन में कुछ जिज्ञासाएं भी चला करती हैं। ब्रह्म की सत्ता पर पूर्ण विश्वास न करने वाले विद्वान कहते हैं कि सांसारिक जीव ऐसा अनुभव नहीं करते। उनके अनुसार जगत में उन्हें जगत जीव प्रपंच के अनुभव दिखाई पड़ते हैं। वैसे भी विद्वतजनों में मतभेद बने रहना स्वाभाविक है। मूलभूत प्रश्न है कि इस संसार के सारे प्रपंच और ब्रह्म से उनके सम्बंध क्या हैं? संसार में जैव विविधता है। मत भिन्नता भी है। जीवन के बारे में अनेक दृष्टिकोण हैं। कुछ मानते हैं कि यह जीवन और जगत किसी सर्वशक्तिशाली परम शक्ति के द्वारा दिया गया है। उसे ईश्वर की संज्ञा दी गई है, लेकिन कुछ ऐसे चिंतक विचारक भी हैं, जो जीवन जगत के लिए प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। अद्वैत वेदांत में केवल ब्रह्म को ही माना गया है। उनका ब्रह्म संसार नहीं बनाता। शंकराचार्य ने ब्रह्म को मात्र एक पारमार्थिक सत्ता बताया है। फिर प्रत्यक्ष संसार की गतिविधियों का रहस्य क्या है? प्रत्यक्ष भौतिक जगत को माया रूप देखना तथ्यगत नहीं जान पड़ता। शंकराचार्य के अनुसार माया भावात्मक है। अविद्या अभावात्मक है। सुर नर मुनि भी माया के पाश में बंधे रहते हैं। माया में प्रतिबिंबित ब्रह्म ईश्वर है, किंतु विद्या में प्रतिबिंब ब्रह्म जीव है। माया ईश्वर को भी प्रभावित करती है, जबकि अविद्या जीव को प्रभावित करती है। अविद्या त्रिगुणात्मक है। अज्ञान, अव्यक्त, अनिर्वचनीय, भ्रांति आदि शब्द एक जैसे हैं। इस तरह माया जड़ है और अपनी सत्ता के लिए ब्रह्म पर आश्रित है। उपनिषदों में विद्या और अविद्या शब्द आए हैं। कुछ विद्वान मानते हैं कि आसक्ति के कारण यह संसार खूबसूरत दिखाई पड़ता है। दुख आने पर यह संसार वैसा नहीं दिखाई पड़ता जैसा हम सोचते हैं। दर्शन में ऐसे प्रश्नों पर गंभीर विचार हुआ है। प्रश्न है कि, यह विश्व किस तरह अस्तित्व में आया? क्या इसे किसी ने बनाया है? क्या यह सदा से है? अगर किसी देव शक्ति ने बनाया है, तो इस रचना के पहले कुछ तो रहा ही होगा? कोई वस्तु पदार्थ अथवा अणु परमाणु शून्य से नहीं पैदा हो सकते। वैदिक काल से लेकर उपनिषद काल तक यह धारणा रही है कि ईश्वर शासक नहीं है। वह करुणानिधान है। वह सर्वशक्तिमान सत्ता है। जो समस्या भारत में ऋषियों के सामने थी, वही समस्या यूनानी दार्शनिकों के मध्य विचारणीय थी।

शंकराचार्य ने स्वयं कहा है कि माया और अविद्या में कोई भेद नहीं है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी है। शंकराचार्य ने सांख्य दर्शन के द्वैतवाद का खंडन किया है और सांख्य के पुरुष तत्व को ब्रह्म या आत्मा का आसन दिया। माया अनादि है, लेकिन अनंत नहीं है। माया की शुरूआत कब हुई पता नहीं। अनादि और अनंत में फर्क होते हैं। अनादि वह तत्व है जो सदा से है और अनंत का अर्थ, जिसका अंतिम छोर पता नहीं। शंकराचार्य के अनुसार माया ज्ञान के सामने नहीं बचती। अनादि होकर भी अनंत न होना स्वाभाविक है। वस्तुतः माया ज्ञान प्रकाश मिलते ही समाप्त हो जाती है।

माया अजर-अमर नहीं है। वह ज्ञान से बाधित है। माया ज्ञान के समक्ष नहीं बच पाती। यह अभावात्मक भी नहीं है। यदि यह केवल अभाव रूप होती तो इससे सृष्टि का उद्भव असंभव होता। संसार भ्रम से भरा पूरा है। इस तरह माया सत नहीं है। ब्रह्म से स्वतंत्र उसकी कोई सत्ता नहीं है। माया को सत या असत नहीं कहा जा सकता। माया सत नहीं है। यह यथार्थ ज्ञान से तिरोहित हो जाती है। माया की कोई स्वतंत्र सत्ता नहीं है। वह असत भी नहीं है। वह जगत को आरोपित करती है। इसी तरह का माया जैसा एक आंतरिक अनुभव अध्यास है, जो वस्तु नहीं है। उसका अनुभव करना अध्यास है। माया भी ऐसी है। जिस प्रकार रस्सी को सांप समझने तक सत्य का पता नहीं चलता। वहां सांप वास्तव में नहीं होता, लेकिन अध्यास के कारण वह प्रभावी रहता है। माया का आश्रय ब्रह्म है। माया ब्रह्म में रहती है और संसार के आविर्भाव के लिए ब्रह्म को ही अपना विषय बनाती है। अपने सारे काम करते हुए वह प्रभावित नहीं होती। ब्रह्म भी प्रभावित नहीं होता। माया और अध्यास एक जैसे दिखाई पड़ते हैं, मगर हैं नहीं। माया संसार रचती है। अध्यास के तीन घटक बताए गए हैं। अधिष्ठान, अध्यस्त, अध्यस्त वस्तु और आरोप। यहां अधिष्ठान वह तत्व है जो अध्यास काल में उपस्थित है।

शंकराचार्य के अनुसार अध्यास का कारण अविद्या है। अविद्या का मतलब अज्ञान नहीं होता। विद्या और अविद्या शब्द उपनिषदों से आए हैं। अविद्या का अर्थ है प्रत्यक्ष संसार की वस्तुओं और आचार विचार की सारी कार्यवाहियों का ज्ञान और विद्या का मतलब है परम तत्व का ज्ञान। ईशावास्योपनिषद के एक मंत्र में कहते हैं कि जो विद्या के उपासक हैं, वे अंधलोकों में जाएंगे और जो विद्या के उपासक हैं। वे भी अंधलोकों में जाएंगे। सांसारिक ज्ञान अविद्या है। अविद्या और विद्या आध्यात्मिक ज्ञान है। साधक दोनों की जानकारी के लिए उपासना करें। अविद्या से जुड़े होने के कारण अध्यस्त के गुण दोष का कोई प्रभाव अधिष्ठान पर नहीं पड़ता।

पुराना उदाहरण लें, जब कोई व्यक्ति अविद्या के कारण रस्सी में सर्प का ज्ञान प्राप्त करता है, तब सर्पत्व का कोई प्रभाव रस्सी पर नहीं पड़ता। अध्यास के प्रभाव में रस्सी सांप नहीं बन जाती। वह सांप जैसी प्रतीत होती है। इससे सर्प ज्ञान बाधित होता है। शंकर के अनुसार अध्यस्त वस्तु अपने मूल रूप में बनी रहती है। इसे असत नहीं कहेंगे। भ्रम काल में भी उसका अनुभव होता है और यह वस्तुतः सही नहीं होता है। हम भारतवासी अध्यात्मबोध को श्रेष्ठ मानते हैं। लेकिन ऐसा बोध माया की सीमा तक जाता है। माया की सीमा है। वह अनंत नहीं है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# मदरसा, इमाम और जाली मुद्रा निर्माण!

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

देश की अर्थव्यवस्था पर चोट करने की कोशिश अब किसी एक क्षेत्र तक सिमटी नहीं रहीं। कभी जम्मू-कश्मीर तक सीमित दिखने वाला नकली मुद्रा नेटवर्क अब देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी जड़ें फैला रहा है। चिंताजनक यह है कि हाल के वर्षों में पकड़े गए कई मामलों में ऐसे लोग सामने आए हैं जो अधिकांश मजहबी या शैक्षणिक संस्थानों खासतौर पर मदरसों से जुड़े हुए हैं।

## खंडवा से उठती चेतावनी

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले का ताजा मामला इसी चिंता की जड़ को उजागर करता है। पेठिया गांव के इमामबाड़े में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से जब पुलिस ने करीब 19.87 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए, तो यह सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं रही। यह उस सच्चाई का आइना बन गई है जिसमें कुछ लोग मजहब और शिक्षा की आड़ में राष्ट्र की आर्थिक संरचना को खोखला करने में लगे हैं। जुबेर मदरसे में शिक्षक था, इमाम था, यानी समाज में भरोसे और आस्था का प्रतीक लेकिन उसने उसी भरोसे को जालसाजी की छाया में बदल दिया।

यहां जुबेर का नेटवर्क भी बहुत कुछ कहता है, मालेगांव, बुरहानपुर और खंडवा के बीच फैले इस गिरोह की परतें यह दिखाती हैं कि नकली मुद्रा निर्माण अब संगठित आर्थिक अपराध के रूप में विकसित हो चुका है। पुलिस और ग्रामीणों की सतर्कता ने इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया, वस्तुतः यह राहत की बात है; किंतु यह भी उतना ही सच है कि यदि यह नेटवर्क कुछ महीनों और सक्रिय रहता तो लाखों की फर्जी करेंसी बाजार में खप चुकी होती।

## श्रावस्ती और प्रयागराज में मदरसे बने छपाईघर

उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती और प्रयागराज से इससे पहले सामने आए मामले स्थिति की भयावहता को और गहरा करते हैं। श्रावस्ती में पकड़े गए मदरसा संचालक मुबारक अली उर्फ नूरी और उसकी पत्नियों का गिरोह यूट्यूब से तकनीक सीखकर नोट छापने का धंधा चला रहा था। वहीं प्रयागराज के अतरसुइया इलाके में जिस मदरसे में नकली नोट छपते पाए गए, उसका कार्यवाहक प्रिंसिपल खुद इस रैकेट में शामिल था।

मौलवी तफसीरुल आरीफीन और उसके साथियों के पास से पुलिस ने 1.30 लाख रुपये के नकली नोट, प्रिंटर, अर्धनिर्मित करेंसी और अन्य उपकरण बरामद किए। खास बात यह थी कि ये लोग केवल रुपए 100 के नोट छाप रहे थे ताकि उन्हें बाजार में आसानी से खपाया जा सके। यह पूरी प्रक्रिया एक सुनियोजित आर्थिक अपराध की तरह दिखती है, जहां अपराधी जानते हैं कि कौन सा मूल्यवर्ग पकड़ में कम आएगा, किस रास्ते से नकदी बाजार में उतारी जा सकती है, और कैसे डिजिटल युग में जालसाजी को 'घरेलू उत्पादन' जैसा रूप दिया जा सकता है।

## गुजरात, महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक फैला नेटवर्क

सितंबर 2025 में गुजरात के बनासकांठा जिले के महादेविया गांव में खेत के भीतर नकली नोटों की फैक्ट्री पकड़ी गई। वहीं महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, तमिलनाडु और बिहार में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने फरवरी 2025 में एक साथ 11 ठिकानों पर छापेमारी कर सात मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई बताती है कि यह नेटवर्क किसी राज्य या भाषा की सीमा में बंधा नहीं है, यह तो पूरे देश में फैले बहुस्तरीय गिरोह का हिस्सा है।

डीआरआई की जांच से सामने आया कि अब ये गिरोह भारतीय मुद्रा के लिए प्रयुक्त 'सिक्योरिटी पेपर' तक आयात करने लगे हैं। यानी अब नकली नोट बनाना केवल प्रिंटर और स्कैनर का खेल नहीं रहा है, यह अंतरराष्ट्रीय अवैध व्यापार का हिस्सा बन चुका है। जब गाजीपुर, ठाणे, भिवानी, कोल्हापुर, बेलगाम, पश्चिमी गोदावरी और खगड़िया जैसे शहरों में नकली नोट छपते पाए जाएं, तो यह किसी छिटपुट अपराध की बात नहीं रह जाती। स्वभाविक तौर पर यह एक सुनियोजित आंतरिक तोड़फोड़ की रणनीति का हिस्सा दिखाई देता है।

जिस पर कि लोकसभा में सामने आए आंकड़े जो इस साल पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के संदर्भ में रखे गए में बताया गया है कि कुल 2.17 लाख नकली नोट पकड़े गए, जिनमें सर्वाधिक ?500 मूल्यवर्ग के नोट (1,17,722) थे। वस्तुतः यह जानकारी ये संकेत देती है कि नकली मुद्रा का कारोबार अब नए स्वरूप में और नई तकनीक से सक्रिय है। सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक लगातार सुरक्षा विशेषताओं को अद्यतन कर रहे हैं, लेकिन जालसाज भी उतनी ही तेजी से नए रास्ते खोज रहे हैं।

## मदरसे और इमामों की भूमिका पर प्रश्न

यहाँ सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि ऐसे अपराधों में मजहबी शिक्षा संस्थान और उनसे जुड़े व्यक्ति क्यों बार-बार सामने आ रहे हैं? आप समझें कि यह पूरे समुदाय पर आरोप लगाने का विषय नहीं है, फिर भी आज समाज विशेष के भीतर आत्ममंथन की आवश्यकता अवश्य दिखती है। मदरसे शिक्षा के केंद्र हैं; जहाँ बच्चों को नैतिकता, शुचिता और मजहबी ज्ञान दिया जाता है। यदि इन्हीं जगहों से आर्थिक अपराधों की जड़ें पनपने लगें तब फिर सत्य आचरण की उम्मीद किससे की जाएगी, यह आज एक बड़ा प्रश्न उभरता है?

## राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से खतरा

पिछले एक दशक में पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई द्वारा भारत में नकली नोटों की तस्करी के प्रमाण मिलते रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

**4 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.07 ब.से |
| चंद्र | मीन में | धनु | 09.23 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.28 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.14 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.47 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 16.18 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.58 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.56 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.09 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.26 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कन्या | 02.37 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 04.48 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 308 वा दि **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 194 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 22.37 बजे रात समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 15.06 12.35 ब को समाप्त। **योग** वज्र 15.43 बजे समाप्त। **करण** गर 12.24 बजे तदन वणिज 22.37 बजे रात को समाप्त **चन्द्रायु** 13.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 23' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872518 **जूलियन दिन** 2460983.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 12 **विशेष** वैकुंठ चतुर्दशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

## एक नजर

### मुखिया पति पर फायरिंग मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

**धनबाद** : बाघमारा थाना क्षेत्र में मुखिया पति शंकर बेलदार पर हुई फायरिंग की घटना में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी विश्वजीत चक्रवर्ती उर्फ विशु को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने पूछताछ के दौरान अपने अपराध स्वीकार करते हुए फायरिंग की घटना में संलिप्तता कबूल की है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक 7.65 एमएम बोर का देशी पिस्टल और दो जिंदा गोली बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त 2025 को मुखिया पति शंकर बेलदार पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई थी। इस संबंध में बाघमारा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से आरोपित फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर 2 नवंबर को पुलिस टीम ने उसे धर दबोचा। बरामद हथियारों के मामले में बाघमारा थाना में एक दूसरी प्राथमिकी सोमवार को आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज की गई है। इस संबंध में बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित विश्वजीत चक्रवर्ती उर्फ विशु का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर पूर्व में भी कई संगीन मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने, उगाही, धमकी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

### शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

**धनबाद** : धनबाद जिला में बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के किसान चौक बैंक ऑफ इंडिया रोड के समीप लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट की वजह से सोमवार को आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। आग की लपेट इतनी तेज थी कि ट्रांसफार्मर के समीप लगे सारे केबल वायर भी जलकर राख हो गए। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा बिजली विभाग को दी गई, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर अपने स्तर से आग को बुझाया। इस दौरान ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर राख हो गया। विद्युत कर्मी संतोष मंडल ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से पहले आग लगी और आग की लपटों की वजह से ट्रांसफार्मर से तेल का रिसाव होने लगा, देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर राख हो जाने की वजह से उक्त क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### विधायक ने किया गेहूं बीज वितरण समारोह का शुभारंभ

**धनबाद** : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) की ओर से हरा हरियाली बीज भण्डार, राजगंज, (बाघमारा) धनबाद में गेहूं बीज प्रभेद वितरण समारोह का शुभारंभ सोमवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। जिला कृषि पदाधिकारी, धनबाद डॉ० अभिषेक मिश्र ने बताया की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) की ओर से धनबाद में बिरसा बीज विनिमय एवं वितरण योजना के तहत 50प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज प्रभेद डिबिडब्ल्यू-187 200 क्वि०, एचडी-2967 200 क्वि0 के वितरण किया जाएगा, जिसके तहत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## खोया-पाया

मैं मोहम्मद अर्शी, पिता श्री मोहम्मद इलियास दिनांक 20/10/2025 को सिमडेगा शहर में कहीं University of Allahabad द्वारा प्रदत्त Bachelor of Engineering Degree Certificate in Mechanical-2001, जिसका Enrollment No. 97 AU /1719 Roll No. 8531 है का मूल प्रमाण पत्र खो गया है।

## इंटरनेट सेवा संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने सिमडेगा उपायुक्त से की मुलाकात

# ताराबोगा में इंटरनेट सेवा ठप, उपायुक्त ने कहा- जल्द उठाए जाएंगे ठोस कदम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ठेठईटांगर** : प्रखंड के ताराबोगा पंचायत क्षेत्र में इंटरनेट सेवा की गंभीर समस्याओं को लेकर इंटरनेट सेवा संघर्ष मोर्चा, ताराबोगा के प्रतिनिधिमंडल ने आज सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इंटरनेट सेवा में लंबे समय से चल रही अस्थिरता ने ग्रामीण जीवन और प्रशासनिक कार्यों को गहराई से प्रभावित किया है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया ताराबोगा पंचायत क्षेत्र में इंटरनेट स्पीड अत्यंत धीमी है और कई क्षेत्रों में नेटवर्क पूरी तरह बंद रहता है, ऑनलाइन कक्षाएं बाधित हो रही हैं, बैंकिंग, उरउ केंद्र और ई-गवर्नेंस सेवाएं प्रभावित हैं, सरकारी ऑनलाइन योजनाओं में आवेदन करना कठिन हो गया है, डिजिटल लेन-देन में दिक्कत के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य जिसमें अमृत चिराग तिर्की (जिला अध्यक्ष, भारत आदिवासी पार्टी), बलदेव सिंह (मुखिया, ताराबोगा), जॉन कुल्लू (अधिवक्ता), सिस्टर पुष्पा खेस (प्रधानाध्यापिका, संत अन्ना उच्च विद्यालय), वाशिम अकरम (सीएससी संचालक), इश्क डुंगडुंग (पंचायत समिति सदस्य), नितेश कुमार (पीडीएफ संचालक), जेरोम टेटे (ग्राम प्रधान, ताराबोगा), शीत कुमार बड़ाईक, आनंद कुमार आदि कुल 12 सदस्य मौजूद रहे। मौके पर अमृत चिराग तिर्की, जिला अध्यक्ष, भारत आदिवासी पार्टी ने कहा ताराबोगा में डिजिटल इंडिया का सपना अधूरा है। इंटरनेट सेवा की लचर स्थिति यहां के बच्चों, किसानों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। यह सिर्फ तकनीकी नहीं, मानवीय संकट है। आगे अधिवक्ता जॉन कुल्लू ने कहा डिजिटल सेवाओं में बाधा सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन है। ई-कोर्ट से लेकर सरकारी फाइलें तक ऑनलाइन चलती हैं, ऐसे में इंटरनेट की धीमी गति ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ेपन में धकेल रही है। वही मुखिया बलदेव सिंह ने कहा पंचायत स्तर पर लोग सरकारी योजनाओं और बैंक सेवाओं से वंचित हैं। इंटरनेट का ठप रहना गांव की प्रगति पर सीधा प्रहार है। सिस्टर पुष्पा खेस, प्रधानाध्यापिका ने बताया स्कूलों में बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई और असाइनमेंट से वंचित हैं। हम 'सबका शिक्षा, सबका विकास' कहते हैं, लेकिन इंटरनेट की कमी से यह सपना अधूरा रह जाता है। उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लिया और कहाः हम दूरसंचार विभाग और नेटवर्क सेवा प्रदाताओं से तत्काल बातचीत करेंगे। एक तकनीकी टीम को निरीक्षण हेतु भेजा जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि सुदूर ग्रामीण इलाकों को भी डिजिटल सशक्तिकरण मिले।

## खेल के साथ साथ अपना भविष्य संवारने पर भी ध्यान दें युवा : अजय एक्का

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ठेठईटांगर** : प्रखंड अंतर्गत रेंगारीह मुंडलटोली में स्थानीय युवाओं के द्वारा हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का उपस्थित रहे। जिप सदस्य ने खिलाड़ियों व युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी का समय युवाओं के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण है इसलिए खेल-कूद के साथ साथ अपने भविष्य को भी संवारने पर ध्यान देना चाहिए। झारखण्ड सरकार ने विगत 4 - 5 सालों में 2.07 लाख नौकरियां खत्म कर दी जो युवाओं के लिए बेहद चिंता का विषय है। बहुत सारे विभागों में पद् रिक्त है लेकिन सरकार बहाली नहीं निकाल रही है तथा तीसरे चौथे ग्रेड के नौकरियों में अनुबंध पर बहाली ली जा रही है जो स्थानीय युवाओं के लिए और ही चिंता का विषय है, इसलिए युवाओं को अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए भी तैयार होने की आवश्यकता है। हॉकी टूर्नामेंट का फाईनल मुकाबला संत पियुस इंटर कॉलेज रेंगारीह एंव डेम्बुटोली की टीम के बीच खेला गया जिसमें कॉलेज के छात्रों ने डेम्बुटोली की टीम को 2:0 से हराकर कर खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर प्रवीण खलखो, विलशन टेटे, नवीन मिंज, निरोज बाड़ा, रसाल खलखो,ललित बाड़ा, मनोज बाड़ा, हेमंत बाड़ा, सुमन बाड़ा रोशन बाड़ा, फ्रांसिस बाड़ा, प्लासिदियुस बाड़ा, अभिषेक बाड़ा, अशोक बाड़ा सहित स्थानीय खेल प्रेमी एवं युवागण उपस्थित थे।

## धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं सिमडेगा विधायक : विमला प्रधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : विधायक द्वारा रामरेखा राजकीय महोत्सव को लेकर गठबंधन सरकार द्वारा धर्म की राजनीति नहीं करने का बयान दिया गया था। इस बयान पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार और सिमडेगा विधायक धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, रामरेखा धाम में 2015 में मेरे विधायिका काल में भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया था तत्कालीन उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के प्रयास से साथ ही मेरे एवं सिमडेगा जिला प्रभारी मंत्री रामचन्द्र चंद्रवंशी के सहयोग से पहली बार रामरेखा में भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया था एवं देश के चर्चित कलाकारों को भी बुलाया गया था, महोत्सव में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास भी शामिल हुए थे साथ ही मेरे प्रयास से ही कोचेडेगा से रामरेखा धाम होते हुए कोंडरा तक सड़क का चौड़ीकरण किया गया। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी के प्रयास से 25 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि धाम के विकास के लिए स्वीकृत हुई पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं राज्य सरकार की लापरवाही के वजह से उसे पैसे का अभी तक उपयोग नहीं किया गया है, जिससे धाम का विकास ठप है। वर्तमान विधायक के कार्यकाल के 6 वर्ष पूरे होने वाले हैं पर सिमडेगा जिला में विकास की गति शून्य है, सिमडेगा में बनने वाले बस स्टैंड एवं मेडिकल कॉलेज को अन्यत्र ले जाया गया तो किस मुंह से विधायक विकास की बात करते हैं जनता का ध्यान विकास की तरफ से भटकाने हेतु इस तरह की बयानबाजी करते हैं, रामरेखा मेला को राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने की रूपरेखा जिला प्रशासन ने तैयार की इसके लिए जिला प्रशासन धन्यवाद के पात्र हैं पर इसमें विधायक की कोई भूमिका नहीं है, विधायक झूठ-मुठ का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं, पर जनता जागरूक है।

## नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत उन्होंने अलग-अलग योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई एवं नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा 15वें वित्त आयोग, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के भी समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा क्षेत्र में साफ सफाई, जल जमाव आदि के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी लेते हुए इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, नगर प्रबंधक नगर परिषद सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत विरोध में जाम हुआ सड़क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ पतरातु मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख कर जाम कर दिया। रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के पास लगे जाम को हटाने के लिए जिला प्रशासन ने पहल की। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम रामगढ़ से पतरातू जा रहे छोटकी मोर्राम निवासी आनंद मुंडा 31 वर्ष और प्रदीप मुंडा 43 वर्ष की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आनंद मुंडा और प्रदीप मुंडा एक तीन वर्षीय बच्चे को लेकर पतरातू जा रहे थे। उनकी बाइक की डिक्की में छठ का प्रसाद भी भरा पड़ा था। भदानी नगर ओपी क्षेत्र के बनगड्डा गांव के पास एक बाइक ने उनकी बाइक संख्या ( जेएच 24 एन 5487 ) को चकमा दिया। इससे उनकी बाइक पलटी और डिवाइडर से टकरा गई। बाइक पर सवार आनंद और प्रदीप दूसरे लेन में फेंका गए और तीन वर्षीय बच्चा झाड़ी में फंस गया। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक बोलोरो (जेएच 01 बीएक्स 9439) ने दोनों को कुचल दिया। हादसे में दोनों व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस ने तत्काल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम केबाद मृतक के परिजनों ने हंगामा किया। मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी रमेश रविदास और रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने लोगों को समझाने की कोशिश की। अंचल अधिकारी ने बताया कि जिस इलाके में दुर्घटना होती है इस क्षेत्र से तत्काल दो लाख रुपये का मुआवजा आपदा प्रबंधन से मिलना है।

# एचआईवी संक्रमित बच्चों को न्याय दिलाने की मांग पर भाजपा ने रामगढ़ में किया विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के तत्वाधान में आज दोपहर 2:00 बजे रामगढ़ सिविल सर्जन कार्यालय के समीप चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया कि पीड़ित गरीब आदिवासी बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के दोषी पदाधिकारी सहित राज्य के स्वास्थ्य विभाग में आकंठ डूबे भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने भ्रष्ट निकम्मे स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में सिविल सर्जन कार्यालय के गेट पर हेमंत सोरेन हाय! हाय! इरफान अंसारी को बर्खास्त करो! संक्रमित बच्चों को इन्साफ दो! के जोरदार नारों से विरोध प्रदर्शन किया गया और अन्त में राज्यपाल महोदय के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है आए दिन मर्माहत करने की घटनाएं सरकारी अस्पतालों में घटित हो रही है। सबसे बुरा हाल तो स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के कार्यकाल में हो रहा है। पूरे झारखंड प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। जिस तरह से चाईबासा में संक्रमित खून चढ़ाने की घटना घटी है यह घोर लापरवाही है। इस घटना से सरकारी अस्पतालों में डर का माहौल बन चुका है। हम सरकार से मांग करते हैं कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को तुरन्त बर्खास्त किया जाए और पूरे प्रकरण की सिटिंग जज से अथवा सीबीआई से ऊंच स्तरीय जांच की जाए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणनंजय कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, डॉ संजय प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी,महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, जिला मंत्री दिलीप सिंह,संजीव कुमार बबला, सरदार अनमोल सिंह,कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ,जिला आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू,भीम सेन चौहान, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा देवी, मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी ,सूर्यवंश श्रीवास्तव ,संजय शाह, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, बबलू साव,अशोक कुमार, नरेश साव, राजेश कुमार, वरिष्ठ नेता मनोज सिंह, मनोज कुमार महतो, जगदीश शर्मा,जितेन्द्र साहू ,संतोष कुमार साह, अर्जुन प्रसाद वर्मा,सुशांत पांडेय, ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मण्डल , जय किशोर ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर अंतिम दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**रामगढ़** : सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर अंतिम दिन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार जसकीरत सिंह सैनी, गुरजोत सिंह सैनी, जसकीरत सिंह सैनी,मन्नत सिंह,राजा सिंह,राजा कौर निशान साहेब लेकर चल रहे थे। प्रभातफेरी की अगुवाई कर रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर किला मंदिर होते हुए चट्टी बाजार,मैं न रोड सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहेब पहुंची आज प्रभात फेरी में पांच निशान सब लेकर सिख बच्चे लाइट एंड साउंड के साथ आगे आगे चल रहे थे, यहां प्रभात फेरी का स्वागत खालसा क्रिकेट क्लब के द्वारा किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दलजीत सिंह अरोड़ा एवं मनजीत सिंह जी ने विक्की छावड़ा एवं अनु छाबड़ा जी को सिरोंपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी की सेवा खालसा क्रिकेट की तरफ से चाय नाश्ते का प्रबंध गुरुद्वारा साहिब में किया गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में आज स्वर्गीय जसवंत सिंह छाबड़ा पंजाबी पुस्तक वाले के परिवार वालों की तरफ से निशान साहब की सेवा की गई। कर किरपा तेरे गुण गांवा अमृत वेले बोल्या बबीहा, ता दर सुनी पुकार, सब ते वड्डा सतगुरू नानक जिन कल राखी मेरी,जैसे साध-संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, खजांची रघुवीर सिंह छाबड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी तेजेंद्र सिंह सोनी, जगजीत सिंह सोनी मंजीत सिंह कुज्जू वाले, विंकल कालरा, प्रीतम सिंह कालरा, प्रसिद्ध शब्द गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी,राजा कालरा, सतपाल सिंह सलूजा, हरजीत सिंह छाबड़ा कंवलजीत सिंह लांबा, मनप्रीत कौर सैनी, लवली लांबा,बलविंदर कौर पवार, बबली सोनी, निक्की लांबा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### पिछले बारिश में घर हुआ क्षतिग्रस्त, प्रशासन से नए आवास की लगाई गुहार




**सिमडेगा** : प्रखंड के खिंडा पंचायत अंतर्गत परकला गांव के सुमिता तिर्की उम्र 48 वर्ष पति स्व: सुशील तिर्की का घर बीते दिनों भारी बारिश होने से उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके बाद घर को मरम्मत कर लकड़ी के खंभे के सहारे खड़ा किया गया था। परंतु फिर से भारी बारिश होने से उनका घर पुन: धंस गया। वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं उनको रहने में बहुत परेशानी हो रही है, उनके दो बच्चें हैं एक लड़का और एक लड़की दोनों का उम्र लगभग 18- 19 वर्ष के हैं। खासकर जब उनके पास रहने के लिए और कोई विकल्प नहीं है। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें नए आवास की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकारी योजनाओं के तहत गरीब परिवारों को आवास देने की व्यवस्था है, और सुमिता तिर्की को इसका लाभ मिलना चाहिए। जहां वे अपने बच्चों के साथ सुरक्षित रह सकेंगी। प्रशासन इस समस्या का जल्द समाधान कर सुमिता तिर्की को नए आवास मुहैया कराएगी।

### मुखिया पूजा कुमारी ने किया गोशला आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**चौपारण** : प्रखंड अंतर्गत पंचायत बहेरा के ग्राम गोशला में नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन सोमवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया पूजा कुमारी, उपमुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ गोपाल सिंह तथा वार्ड सदस्य सुभाष देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इसके बाद अतिथियों ने ग्रामीणों के साथ नए भवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर सेविका रुकमणी कुमारी और सहायिका मसोमात दुलारी ने अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित ग्रामीणों के बीच मिठाई वितरित की गई। मुखिया पूजा कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधाएं सुलभ हों। उन्होंने आगे कहा कि नए भवन के निर्माण से सेविका और सहायिका को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा तथा बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ माहौल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त होगी।

### सेवा कार्यों के लिए इनरव्हील क्लब को किया गया सम्मानित



**रामगढ़** : शहर के विकास नगर स्थित गौशाला परिसर में सोमवार को विशेष कार्यक्रम के तहत इनरव्हील क्लब को गौशाला के प्रति उनके निरंतर सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौशाला प्रबंधन समिति ने क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनरव्हील क्लब सदैव समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहा है और गौसेवा में उनका योगदान अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से गौशाला को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की गई। कार्यक्ररममें कहा गया कि जो गौ मााता दूध नहीं देती है, उनके चारे, चिकित्सा और देखभाल में सहायता मिल सकेगी। क्लब की सदस्यों ने गौ सेवा का संकल्प दोहराते हुए कहा कि वे भविष्य में भी गौ संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी। मौके पर रेणु मेवाड़, जनेशा वडेरा, मेघा बगड़िया, नीरु साहनी, शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा श्रॉफ, राजिंदर बुढ़वाल, नम्रता जैन, मनबीर कौर, जसमीत कौर, जसबिंदर होरा, दीपा वडेरा, मधु अग्रवाल, हरमीत कौर, पिंकी बंसल सहित अन्य सदस्य मौजूद थीं।

# डीसी द्वारा पुराना सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के डीसी हेमंत सती द्वारा पुराना सदर अस्पताल परिसर, कुपोषण उपचार केन्द्र (एमटीसी), एमसीएच भवन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने अस्पताल परिसर की विभिन्न इकाइयों की स्थिति का गहन आकलन किया। डीसी ने जर्जर अवस्था में पाए गए भवनों को चिन्हित कर ध्वस्त करने तथा नए सिरे से डीपीआर तैयार कर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के अनुरूप भवन निर्माण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। अस्पताल परिसर में बरसात के दौरान जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने कनीय अभियंता शैलेश कुमार को पूरे परिसर में नालों का डीपीआर तैयार कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि, रोगियों को स्वच्छ, सुरक्षित व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी निर्माण एवं सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। इस दौरान सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ रामदेव पासवान, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महमूद आलम तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



## जिला उद्योग केन्द्र की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**साहिबगंज:** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला उद्योग केन्द्र, लघु एवं कुटीर उद्योग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित विभिन्न चलन्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 05 नवंबर से 10 नवंबर तक विशेष पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ उठा सकें।

## एक नजर

### तेज रफ्तार मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त, मोटरसाइकिल चालक युवक गंभीर घायल



**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कंडोला पहाड़ निवासी सिविल पहाड़िया का 17 वर्ष पुत्र सोनू माल्टो साहिबगंज से अपने घर की ओर जा रहा था, जहां सुबह 9:00 बजे के लगभग बांझी व दुर्गा टोला सड़क के बीच पर पेड़ टूट कर गिरा हुआ था, तेज रफ्तार मोटरसाइकिल होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उक्त चालक बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जहां राहगीरों ने उक्त घायल को उठाया और घटना की सूचना परिजनों को दिया, सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच कर उक्त घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उक्त घायल का इलाज किया। चिकित्सक ने बताया कि दाहिना हाथ टूट गया है और शरीर में गंभीर चोटे लगी है। अस्पताल में चिकित्सक की देख-रेख में इलाज चल रहा है।

### मालगाड़ी से चावल की बड़ी चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

पश्चिमी सिंहभूम: पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में सोमवार को चावल चोरीका मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। चक्रधरपुर स्टेशन के आउटर पर खड़ी मालगाड़ी के वैगन का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने चावल की बोरियां चोरी कर लीं। चोरी की यह घटना डंडासाई इलाके में वेस्ट केबिन आउटर के पास हुई, जिससे रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, चोरों ने चलती हुई मालगाड़ी को निशाना बनाते हुए वैगन का दरवाजा तोड़ दिया और दर्जनों बोरियां नीचे गिरा दीं। बाद में मौके से लगभग 20 से 25 बोरियां चावल की बरामद की गईं, जो डाउन रेल लाइन के किनारे बिखरी हुई थीं। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और बोरियों को जब्त कर जांच शुरू कर दी। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसआई पंकज कुमार ने बताया, ह्लघटना की जानकारी मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची और चावल की बरामद बोरियों को कब्जे में लिया गया है। प्राथमिक जांच में यह संगठित गिरोह का काम प्रतीत होता है। आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### वन पट्टा और भू समस्या के खिलाफ उपायुक्त कोडरमा के समक्ष संयुक्त वन अधिकार समिति का धरना

**कोडरमा :** वनाधिकार कानून के तहत वन पट्टा के लिए और जिला में व्याप्त भू समस्याओं के खिलाफ कल दिनांक 04.11.25 को मन्दिर प्रांगण लोकाई से रैली निकालते हुए समाहरणालय कोडरमा के समक्ष धरना दिया जाएगा। कोडरमा जिला के मांगों को लेकर उपायुक्त कोडरमा को स्मार पत्र दिया जाएगा।इस धरना को एकता परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रण सिंह परमार, पूर्व विधायक सह समाजवादी नेता गौतम सागर राणा ,पूर्व विधायक सह कम्युनिस्ट नेता बिनोद कुमार सिंह ,जंगल बचाओं आन्दोलन के राजेश महतो, कोडरमा के समाजिक कार्यकर्ता असीम सरकार, रामस्वरूप ,चुन्नुलाल सोरेन सहित दर्जनों समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस धरना में जिला के हजारों लोग भाग लेंगे।

## वन विभाग द्वारा लघु वनोपज आधारित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, साहिबगंज द्वारा ग्रामीण आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से लघु वनोपज आधारित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला प्रशिक्षण बोरियो प्रखंड के दनवार नर्सरी परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें लाह प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने लाह के संरक्षण, संग्रहण एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की विधियों की जानकारी दी, जिससे ग्रामीण समुदाय इसे आजीविका के रूप में अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। वहीं दूसरा प्रशिक्षण मंडरो फॉसिल पार्क परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें महुआ से खाद्य उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएँ शामिल हुईं। प्रशिक्षकों ने महुआ के पौष्टिक, औषधीय एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे रोजगार का बेहतर स्त्रोत बताया। दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदायों को लघु वनोपज के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना, ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना एवं वन संपदा के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर वनरक्षी सुनील कुमार, फेलिसिटस हांसदा सहित अन्य वनकर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हेलमेट चेकिंग अभियान में पगड़ीधारी सिख युवक और पुलिस पदाधिकारी की हुई अनोखी बातचीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** गोलमुरी चौक पर यातायात पुलिस की ओर से चलाए जा रहे हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान सोमवार को एक ऐसा नजारा सामने आया जिसने पूरे माहौल को मानो सीख और सम्मान के रंग में रंग दिया। पुलिस अधिकारी एक-एक कर बाइक सवारों की जांच कर रहे थे, तभी एक पगड़ीधारी सिख युवक बिना हेलमेट के बाइक चलाते आया। उसे पुलिस ने रोक दिया। अधिकारी ने नियमों का हवाला देते हुए उसे हेलमेट पहनने की सलाह दी, जिस पर युवक ने शांत स्वर में कहा कि वह पगड़ी के ऊपर हेलमेट नहीं पहन सकता है। युवक ने बताया कि पगड़ी उनके लिए सिर्फ सिर पर बंधा कपड़ा नहीं, बल्कि उनके धर्म और अस्मिता का प्रतीक है। इस पर पुलिस अधिकारी ने जवाब दिया कि कानून सबके लिए समान है और सड़क सुरक्षा सबसे पहले आती है। दोनों के बीच कुछ देर तक आदर और तर्क के बीच संवाद चलता रहा। इस अनोखी बातचीत की वहां मौजूद लोगों ने तारीफ की। अधिकारी ने कानून का महत्व समझाया तो युवक ने अपनी धार्मिक आस्था की मयार्दा बताई। अंत में पुलिस अधिकारी ने मुस्कुराते हुए युवक को एक पुष्प भेंट किया और कहा, हम आपका धर्म और भावना समझते हैं, लेकिन आपकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। हम चाहते हैं कि आप सुरक्षित रहें, यही सबसे बड़ी श्रद्धा है। युवक ने भी अधिकारी के इस व्यवहार की सराहना की और धन्यवाद दिया। वहीं, अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने अन्य बाइक चालकों और ट्रिपल सवारों को भी रोककर ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की।



## महापुरुषों के स्थल स्मारकों पर श्रद्धांजलि एवं स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों की सफाई, माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों ने राजमहल स्थित वीर सिदो-कान्हू मुर्मू एवं सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की तथा उन्हें पुष्पमालाओं से अलंकृत किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने समाज में स्वच्छता, राष्ट्रभक्ति और एकता के संदेश को जन मनासा तक पहुंचना और संकल्प लिया। संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और सेवा भावना का प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर दर्जनों एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्रों ने ह्लएकता में शक्ति हैह्व के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया और सरदार पटेल सहित सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।

## उद्यान विकास योजना अंतर्गत प्रगतिशील किसानों को मधुमक्खी पालन उपकरणों का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत उद्यान विकास योजना की उप-योजना मधुमक्खी पालन के तहत साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड में चयनित 20 प्रगतिशील कृषकों को तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक किसान को 20 मधुमक्खी बक्से, 20 मधुमक्खी छत्ते, शहद निष्कर्षण यंत्र तथा अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मधुमक्खी पालन से किसान कम लागत में बेहतर आमदनी अर्जित कर सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, सब्जी प्रसार कार्यकर्ता मुकेश कुमार, तथा प्रगतिशील किसान प्रेम पासवान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को मधुमक्खी पालन के आधुनिक तरीकों, शहद उत्पादन एवं बाजार से जुड़ाव की जानकारी भी प्रदान की। यह कार्यक्रम जिले में उद्यानिकी आधारित आजीविका को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## स्वास्थ्य विभाग की दवाओं की खरीद में पारदर्शिता बरते राज्य सरकार : सरयू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने झारखंड के स्वास्थ्य विभाग पर सोमवार को गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि विभाग में ऐसा क्या चल रहा है कि विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य होने के बावजूद भी उन्हें मांगी गई जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि विभाग उनसे कुछ न कुछ छिपाने की कोशिश कर रहा है, जिससे सरकार की कार्य-संस्कृति पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। सरयू राय ने इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखते हुए दवाओं की खरीद में पारदर्शिता लाने और सभी प्रकार की दवाओं की खरीद निविदा (टेंडर) प्रक्रिया से करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की दवा निमार्ता सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से ऊंची दरों पर दवाएं खरीदी जा रही हैं, जबकि देश के अन्य राज्यों में दवा खरीद निविदा प्रणाली से की जाती है। राय ने बताया कि उनके प्रश्न पर विभाग ने पहले एक त्रिसदस्यीय जांच समिति गठित की थी, जिसका प्रतिवेदन अब तक उन्हें नहीं दिया गया। उन्होंने कई बार विभागीय सचिव को पत्र लिखकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, यहां तक कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन भी किया, परंतु कोई सार्थक जवाब नहीं मिला। उन्होंने पत्र में कहा कि विभाग ने समिति की रिपोर्ट के आधार पर फिर से ऊंची कीमतों पर दवा खरीदने का निर्देश जारी कर दिया है, जो पारदर्शिता के सिद्धांत के खिलाफ है। सरयू राय ने प्रश्न उठाया कि आखिर ऐसा क्या है जिसे स्वास्थ्य विभाग छिपा रहा है और विधानसभा में दिए गए अपने ही आश्वासन की अवहेलना कर रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया कि दवाओं की खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, जांच समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और भविष्य में सभी दवा खरीद निविदा प्रक्रिया से ही की जाए ताकि जनता के धन की बबार्दी रोकी जा सके।



## संक्षिप्त खबरें

### हिरानंदपुर, तलवाडांगा एवं इलामी में मौंथा चक्रवात से हुई क्षति का अंचलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण




**पाकुड़ :** ज़िले में हाल में हुई लगातार बारिश के कारण हिरानंदपुर, तलवाडांगा एवं इलामी क्षेत्र में फसलों एवं आवासीय परिसंपत्तियों को हुई क्षति का अंचलाधिकारी, पाकुड़ अरबिंद कुमार बेदिया द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत आकलन कर क्षति से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्रित की।प्रभावित परिवारों से संपर्क कर स्थिति की समीक्षा की गई तथा मुआवजा प्रदान किए जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए गए।अंचलाधिकारी ने बताया कि प्राप्त रिपोर्ट को शीघ्र ही जिला प्रशासन को प्रेषित किया जाएगा, ताकि पात्र लाभुकों को नियमानुसार राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तत्परता के साथ आपदा प्रभावित परिवारों के सहयोग हेतु प्रतिबद्ध है।

### ओवरस्पीडिंग जागरूकता सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा का संदेश-"रफ़्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ"




**पाकुड़ :** ज़िले में 03 नवम्बर से 09 नवम्बर 2025 तक "ओवरस्पीडिंग जागरूकता सप्ताह" मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य तेज गति से वाहन चलाने के खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर "रफ़्तार नहीं, जीवन की ज़िम्मेदारी निभाओ — रफ़्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ" का संदेश दिया जा रहा है। अभियान के तहत जन- जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आम नागरिकों, वाहन चालकों और युवाओं को सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी ने इस अवसर पर जनसामान्य से यातायात नियमों के पालन की अपील करते हुए कहा कि थोड़ी सी सावधानी, किसी बड़ी दुर्घटना को रोक सकती है। सड़क पर संयम और गति नियंत्रण ही जीवन की सुरक्षा का सबसे सरल उपाय है। प्रशासन सभी से आग्रह करता है कि वे वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट अवश्य लगाएं तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। सभी नागरिकों के सहयोग से ही "सुरक्षित पाकुड़, सुरक्षित झारखण्डह्व का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### बारिश में सीएस कार्यालय के छत से पानी टपक रहा व छज्जा गिरे



**साहिबगंज:** स्वास्थ्य विभाग साहिबगंज के सीएस कार्यालय की दूसरी मंजिल के छज्जा से बारिश के कारण पानी टपक रहा है। कार्यालय के प्रांगण की ओर छज्जा गिरने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, डैम, डीपीएम और स्वास्थ्य विभाग के बड़ाबाबू के कार्यालयों की छत से पानी टपक रहा है, जिससे कार्य में परेशानी हो रही है। कई कार्यालयों में जरूरी फाइलों को बचाने के लिए प्लास्टिक से ढकाव किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, फर्स में पानी जमा होने के कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। जानकारी के अनुसार, यह भवन लगभग 20 वर्षों पहले निर्मित किया गया था, लेकिन पूरी छत और कमरे से पानी टपक रहा है, जिससे किसी भी समय कोई दुर्घटना घट सकती है। इस स्थिति को लेकर स्वास्थ्य कर्मी चिंतित हैं। इस मामले पर सीएस डॉ. रामदेव पासवान ने बताया कि भवन के संबंध में प्रमंडल विभाग को पत्र लिखा गया है और नया टेंडर कर भवन का पुनर्निर्माण कराया जायेगा।

### नवनियुक्त चौकीदारों का पासिंग आउट परेड आज, कार्यक्रम में जिला जज, डीसी व एसपी करेंगे शिरकत



**साहिबगंज:** जैप-09 स्थित परेड मैदान में मंगलवार की सुबह 9:30 बजे नवनियुक्त चौकीदारों की पासिंग आउट परेड का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पीडीजे, डीसी हेमंत सती व एसपी अमित कुमार सिंह मुख्य रूप से शिरकत कर सलामी लेंगे। इस दौरान नवनियुक्त चौकीदारों को उनके दायित्वों के प्रति सजग, अनुशासित एवं संवेदनशील रहने, आत्मविश्वास एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई जाएगी। जिसमें 60 महिला, 204 पुरुष कुल 264 चौकीदार पासिंग आउट परेड में शामिल होंगे।

### वन विभाग द्वारा लघु वनोपज आधारित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, साहिबगंज द्वारा ग्रामीण आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से लघु वनोपज आधारित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला प्रशिक्षण बोरियो प्रखंड के दनवार नर्सरी परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें लाह प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने लाह के संरक्षण, संग्रहण एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की विधियों की जानकारी दी, जिससे ग्रामीण समुदाय इसे आजीविका के रूप में अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। वहीं दूसरा प्रशिक्षण मंडरो फॉसिल पार्क परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें महुआ से खाद्य उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएँ शामिल हुईं। प्रशिक्षकों ने महुआ के पौष्टिक, औषधीय एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे रोजगार का बेहतर स्त्रोत बताया। दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदायों को लघु वनोपज के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना, ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना एवं वन संपदा के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर वनरक्षी सुनील कुमार, फेलिसिटस हांसदा सहित अन्य वनकर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 10 साल बाद फिर यादव हत्याकांड में बाहुबली जेल में

## दोनों बार अनंत सिंह को भूमिहार SSP ने ही किया गिरफ्तार





**पटना।** शनिवार देर रात मोकामा से जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह को पुलिस ने दुलारचंद यादव हत्याकांड में गिरफ्तार किया। 10 साल में 2 विधानसभा चुनाव से पहले मोकामा में 2 यादव की हत्या हुई। दोनों बार अनंत सिंह जेल गए। खास बात यह कि दोनों बार उन्हें गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी भूमिहार थे। अनंत सिंह इसी बिरादरी से हैं। 30 अक्टूबर को हुई दुलारचंद यादव की हत्या ने लोगों के जेहन में पुटुस हत्याकांड की यादें ताजा कर दी। 18 जून 2015 को बाढ़ के लदमा गांव में 20-21 साल के पुटुस की लाश मिली थी। शव की हालत ऐसी थी कि देखने वाले दहल गए। उंगलियों से नाखून उखाड़ लिए गए। पीटने के जख्म। मोकामा एक बार फिर खूनी राजनीति की गवाह बना है। लालू यादव के खास आदमी माने जाने वाले 76 साल के दुलारचंद यादव को 30 अक्टूबर को चुनाव प्रचार के दौरान मार दिया गया। यह घटना ठीक वही माहौल लेकर आया है, जो 10 साल पहले, 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पुटुस यादव की हत्या के बाद बना था। पुटुस यादव की हत्या छेड़खानी विवाद के बाद हुई थी। 17 जून को बाढ़ के कॉलेज मोड़ के पास महिला के साथ गलत हरकत को लेकर युवकों के दो गुटों के बीच मारपीट हुई थी। बाद में पुटुस यादव, प्रदीप, सोनू और बबलू को अगवा कर लिया गया। प्रदीप, सोनू और बबलू तो बच गए, लेकिन पुटुस नहीं। दूसरे दिन 18 जून को लदमा गांव के पास खेत में उसकी लाश मिली। आरोप था कि अनंत के इशारे पर उनके गुर्गों ने पुटुस और 3 अन्य युवकों को उठाया। अनंत सिंह के घर में उन्हें यातना दी गई। दुलारचंद ने अनंत सिंह की पत्नी को कहा था नाचने वाली दुलारचंद ने हत्या से 2 दिन पहले अनंत सिंह की पत्नी के लिए आपत्तिजनक बातें कहीं थीं। उन्होंने कहा था, ह्यवो नीलम देवी नहीं नीलम खातून है। चुनाव लड़ रही थी तो लोग दरी लेकर दौड़ रहे थे। कह रहे थे कि नाचने वाली आई है। अनंत सिंह ने उसे रख लिया। दोनों की कोई शादी हुई थी? नीलम देवी भूमिहार थोड़े ही है। दोनों बार अनंत सिंह की गिरफ्तारी में दिखी एक समान बात पुटुस यादव हत्याकांड में 24 जून 2015 को पटना के नवनियुक्त एसएसपी विकास वैभव ने अनंत सिंह को गिरफ्तार किया था। उन्हें अरेस्ट करने के लिए 500 पुलिस के जवान, दंगा विरोधी वाहन, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम भेजी गई थी। उनके घर से खून लगे कपड़े, हथियार, पत्रिकाएं और अन्य सामान बरामद किए गए। 1 नवंबर 2025 की रात जब अनंत सिंह को गिरफ्तार किया गया। करीब 150 पुलिस के जवानों के साथ पटना रस्ढ कार्तिकेय शर्मा बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना में कारगिल चौक स्थित अनंत सिंह के घर पहुंचे। दोनों बार अनंत को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी भूमिहार पुलिस अधिकारी ने निभाई। लालू यादव ने कहा था- ह्यएगो छोटा सा है, मोकामा वाला पुटुस यादव की हत्या के समय 2015 में लालू यादव और नीतीश कुमार साथ थे। मोकामा के छोटे सरकार कहे जाने वाले विधायक अनंत सिंह पर आरोप थे। लालू का गुस्सा तब आसमान छूने लगा था। उन्होंने सार्वजनिक मंच से कहा था...एगो छोटा सा है, मोकामा वाला। हूं..नाम सुना है, उसे जेल में भिजवाए हमलोग, सबलोग। एगो यादव को पकड़के ले आके मार-मार के, नाखून नोच-नोच के जान मार दिया। उसका नाम है अनंत सिंह। यादव रोते-रोते आया कहा कि नोच-नोच के मारदेलकई। नीतीश कुमार को हमने कहा तब गिरफ्तार हुआ अनंत सिंह।लालू ने फेसबुक पर लिखा था: 'दूध का दूध और पानी का पानी'2015 में पुटुस की हत्या के बाद उसके पिता कपिलदेव यादव लालू से मिले थे। इसके बाद राजद प्रमुख ने फेसबुक पर लिखा...दो रोज पहले बाढ़ में विनय उर्फ पुटुस यादव की हत्या के संबंध में उनके पिता कपिलदेव यादव मुझसे मिलने आये। मैंने पूरा घटनाक्रम बारीकी से जाना। पीड़ित परिवार से वादा किया कि लालू इस केस का दूध का दूध और पानी का पानी करेगा। दोषियों को किसी भी सूरत में बचने नहीं दूंगा, चाहे उसके कितने भी लंबे हाथ हो। पप्पू यादव ने कहा था- जो हमारे बच्चों को मारते हैं हम उन्हें टिकट देते हैं पुटुस हत्याकांड के बाद पप्पू यादव ने कहा था, ह्यसभी ऐसे ही लोगों को टिकट देंगे। हर घटना में एक की नाम क्यों आता है। स्पीडी ट्रायल चला कर फांसी की सजा हो। पहले ही फांसी हो जाती, लेकिन पुटुस यादव हत्याकांड के बाद हमारे ही लोगों ने पैसे लेकर कंप्रोमाइज कर लिया। जो हमारे बच्चों को मारते हैं हम उनको ही टिकट देते हैं, वोट देते हैं और जिताते हैं। 2015 में लालू ने लिया जेल भेजने का क्रेडिट, 2020 में दिया राजद का टिकट अनंत सिंह को लेकर राजद प्रमुख लालू यादव ने जिस तरह का स्टैंड अब तक लिया है। इससे वे खुद सवालों में हैं। जेल जाने के बाद भी अनंत सिंह 2015 का चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत गए थे। जिस लालू यादव ने अनंत सिंह को जेल भेजने का क्रेडिट लिया, उन्होंने ही उन्हें 2020 के विधानसभा चुनाव के समय राजद का टिकट दे दिया। अनंत सिंह 35,757 वोटों के अंतर से जीत गए। पुटुस केस में समझौता हुआ। अनंत सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड: 53 मामलों का सफर 2025 में अनंत सिंह द्वारा दिए गए एफिडेविट के अनुसार उनके खिलाफ 28 आपराधिक मामले दर्ज थे। दुलारचंद हत्याकांड को जोड़ दें तो यह संख्या 29 हो जाती है। हालांकि, पटना हाईकोर्ट के आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, अनंत सिंह के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या 53 है। 16 अगस्त 2019 को पटना जिले के लदमा गांव में अनंत सिंह के पैतृक घर पर छापेमारी हुई। पुलिस ने एक अङ-47 राइफल, एक मैगजीन, जिंदा कारतूस और दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए। इसके बाद उनपर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया गया। सिविल कोर्ट ने अनंत सिंह को 10 साल जेल की सजा सुनाई, लेकिन 14 अगस्त 2024 को पटना हाईकोर्ट ने उन्हें सबूत के अभाव में बरी कर दिया। कोर्ट ने पाया कि पुलिस की जांच में कमियां थीं। हथियार अनंत सिंह के हैं। यह साबित नहीं किया जा सका। दुलारचंद यादव: लालू के करीबी से जन सुराज तक का सफर 1990 के दशक में लालू यादव के उदय के साथ दुलारचंद ने मोकामा के टाल इलाके में अपनी मजबूत पकड़ बनाई। पहलवानी से राजनीति में आए दुलारचंद ने यादव, ओबीसी और दलित मतदाताओं को अपने साथ जोड़ा और टाल के बादशाह के नाम से प्रसिद्ध हो गए। उनकी पहचान लालू के करीबी के रूप में की जाने लगी। 2025 में जन सुराज के साथ थे। अनंत सिंह के भाई के खिलाफ लड़े, लेकिन जीत न पाए दुलारचंद अनंत सिंह और उनके बड़े भाई दिलीप सिंह के खिलाफ कई बार चुनाव लड़े, लेकिन हर बार हार गए। 2019 में पुलिस ने दुलारचंद को कुख्यात गैंगस्टर बताकर गिरफ्तार किया। उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि सामने आई, लेकिन मोकामा में उनकी सामाजिक पकड़ कभी नहीं टूटी। 31 अक्टूबर को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई जिसमें मौत का कारण फेफड़ा फटना और कार्डियो रेस्पिरेटरी फेलियर बताया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि दुलारचंद को भारी वस्तु से पीठ पर जोरदार झटका लगा, जिससे कई पसलियां टूटीं और फेफड़े फट गए। इस तरह, गोली नहीं बल्कि गाड़ी से कुचलना मौत का मुख्य कारण बना। 3 FIR, 5 नामजद, अनंत सिंह मुख्य आरोपी दुलारचंद के पोते नीरज कुमार की FIR में अनंत सिंह को मुख्य आरोपी बताया गया। अनंत के खिलाफ 3 FIR दर्ज किए गए हैं। इनमें अनंत के अलावा राजवीर सिंह, कर्मवीर सिंह, छोटन

## सहरसा सदर अस्पताल में डॉक्टर से मारपीट-तोड़फोड़




**सहरसा।** सदर अस्पताल में रात करीब साढ़े 11 बजे डॉक्टर से मारपीट और तोड़फोड़ की घटना हुई। मरीज के साथ आए तीन युवकों पर यह मारपीट का आरोप है। इस घटना के बाद इमरजेंसी सेवा करीब ढाई घंटे तक बाधित रही, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सिविल सर्जन के आश्वासन के बाद रात दो बजे के बाद इमरजेंसी सेवा बहाल हो सकी। सहरसा सदर थाना क्षेत्र के हकपाड़ा निवासी मनीष कुमार सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उन्हें रात करीब 9 बजे सदर अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया और भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। रात करीब 11:30 बजे घायल मनीष के साथ आए तीन युवकों का इमरजेंसी के ट्राएज रूम में तैनात नर्सों से ऑक्सीजन लगाने को लेकर विवाद हो गया। शोर सुनकर डॉक्टर रोशन लाल अपने रेस्ट रूम से इमरजेंसी पहुंचे। डॉ. रोशन लाल ने जब युवकों को समझाने का प्रयास किया, तो उन्होंने डॉक्टर के साथ हाथापाई और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अस्पताल परिसर में रखे गमलों को भी तोड़ दिया गया। डॉ रोशन लाल ने कहा कि उन्हें धमकी भी दी गई कि वह बाहर निकलेंगे तो उनके साथ फिर मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाएगा। डायल 112 की पुलिस ने किया स्थिति नियंत्रित घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और इमरजेंसी सेवा पूरी तरह ठप हो गई। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने सिविल सर्जन और अन्य अधिकारियों को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। बाद में डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। डॉ. रोशन लाल ने अपनी सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी, तो आम मरीजों की सुरक्षा कैसे होगी। रात करीब 2:30 बजे सिविल सर्जन ने डॉ. रोशन लाल को सोमवार को आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद आपातकालीन सेवा फिर से शुरू हो सकी। इस घटना से अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य कर्मियों में भय और आक्रोश का माहौल है।

# अमित शाह बोले- लालू-राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ होगा





**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार के आखिरी 2 दिन बचे हैं। 6 नवंबर को पहले फेज की वोटिंग होगी। सीतामढ़ी की चुनावी सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ' मैं आपको बिहार चुनाव का रिजल्ट अभी बता देता हूं। 14 नवंबर को दोपहर 1 बजे तक लालू-राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। भारी बहुमत से बिहार में NDA की सरकार बनेगी। 'महाठगबंधन' में न नेता है, न नीति है। मालूम ही नहीं है कि कौन, किस सीट से लड़ रहा है।' सहरसा में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी सभा की। उन्होंने कहा, देश में कुछ भी होता है तो ये लोग हमारे ऊपर ठीकरा फोड़ते हैं। इन लोगों को अपमान मंत्रालय बना देना चाहिए। प्रधानमंत्री का समय बहुत कीमती होता है, ये फालतू की बातों में आपका समय बर्बाद कर रहे हैं। सहरसा में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि, हाल में इन लोगों ने रक्क्रकरवाकर 65 लाख वोट काट दिए। आपको वोट कटना मतलब नागरिकता खत्म कर देना। ये बड़ी साजिश है देश में कुछ भी होता है तो ये लोग हमारे ऊपर ठीकरा फोड़ते हैं। इन लोगों को अपमान मंत्रालय बना देना चाहिए। 20 साल से बिहार में एक ही सरकार चल रही है। नीतीश की सरकार केन्द्र से चलती है। आज बिहार में सीएम का सम्मान नहीं हो रहा है। आपके सीएम की नहीं सुनी जा रही है। बीजेपी के बड़े बड़े नेता यहां आए। बीजेपी के बड़े नेता केवल अतीत की बात करते हैं। भाजपा सांसद रवि किशन ने राहुल गांधी के मछली पकड़ने वाले वीडियो पर कहा है कि उनके हाथ जितनी मछली लगी हैं उससे कम ही वोट उन्हें मिलेंगे। हम वोट पकड़ रहे हैं, वो मछली पकड़ रहे हैं। पटना में जनशक्ति जनता दल प्रमुख तेज प्रताप यादव ने कहा, राहुल गांधी का काम मोटरसाइकिल चलाना और प्रदूषण फैलाना है। वो पूरी जिंदगी मछली पकड़ते रहेंगे। देश अंधकार में डूब जाएगा... 'जलेबी पकाना, मछली पकड़ना, उनको तो रसोईया होना चाहिए था'। वो नेता क्यों बने?..." तेजप्रताप ने कहा तेजस्वी कल महुआ गए थे, और वहां स्थानीय विधायक ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। वो सामाजिक न्याय की बात करते हैं, लेकिन महुआ में वो गरीबों को पीट रहे हैं। मेरा कार्यक्रम राघोपुर में है, और सिर्फ एक नहीं, मेरा हेलीकॉप्टर राघोपुर में दो जगहों पर उतरेगा। चुनाव के पहले चरण को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। 3 से 7 नवंबर तक सीमा पूरी तरह सील रहेगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच आवाजाही पर पूरी तरह बैन रहेगी।

# कभी करीबी रहे गोपाल मंडल के खिलाफ सीएम का प्रचार

## भागलपुर में बोले- पहले की सरकार ने कुछ नहीं किया





पटना। बिहार विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर हैं। आज सोमवार को सीएम नीतीश कुमार की भागलपुर जिले में तीन चुनावी सभा है। गोपालपुर सीट के तीनटंगा में मुख्यमंत्री की पहली सभा की। गोपालपुर में जदयू ने सिटिंग विधायक गोपाल मंडल का टिकट काट कर लोकसभा चुनाव के समय आरजेडी से जेडीयू में आए बुलो मंडल को उम्मीदवार बनाया है। सभा में नीतीश कुमार ने कहा, 'पहले वाली स्थिति में बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलता था। अब बच्चा, लड़का, लड़की आराम से घूमते हैं। हम भी अपने इलाके में जाते थे तो देखते थे सब बंद रहता था। पहले फालतू सरकार थी। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। पढ़ाई की व्यवस्था नहीं थी, इलाज की व्यवस्था नहीं थी। सड़कें नहीं थीं। बिजली नहीं थी। हमारी सरकार आई तो हमने सभी के हित में काम किया।' तीनटंगा के बाद सीएम की कहलगांव के गोराडीह में सभा हुई। इसके बाद तीसरी सभा सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के करहरिया स्थित देवी प्रसाद महतो उच्च स्कूल के मैदान में होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन की शुरूआत 2005 से पहले और बाद के बिहार की तुलना करते हुए की। उन्होंने कहा कि पहले वाली सरकार (राजद) ने कोई काम नहीं किया था। ऐसा बुरा हाल था कि लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। हमारी सरकार ने कानून का राज स्थापित किया। हम लोगों ने 2006 में ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू करा दी और 2016 में 60 वर्ष से पुराने हिंदू मंदिरों की भी घेराबंदी कराई, ताकि कोई विवाद न हो। चाहे हिंदू हो या मुस्लिम, हमने सबके लिए काम किया। नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के कामों को गिनाते हुए कहा कि 2006 में पंचायती राज में 50% आरक्षण, 2013 में पुलिस में 35% और 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण महिलाओं को दिया गया। उन्होंने कहा कि आज बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या देश में सबसे ज्यादा है। 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर 'जीविका' समूह की शुरूआत की, जिनकी संख्या आज 1 करोड़ 40 लाख हो गई है। रोजगार के मुद्दे पर नीतीश कुमार ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि हमने 2020 में 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार का वादा किया था। अब 10 लाख नौकरी का काम हो गया है और रोजगार पाने वालों की संख्या भी 40-50 लाख हो गई है। अब हमने तय कर दिया है कि अगले 5 साल में 1 करोड़ युवाओं का (रोजगार सुनिश्चित) किया जाएगा। धोरैया विधानसभा में प्रत्याशी मनीष कुमार के समर्थन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सड़क मार्ग से अमरपुर विधानसभा में जदयू प्रत्याशी जयंत राज के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे। मुंगेर में कल मुख्यमंत्री नीतीश ने सम्राट चौधरी की जमकर की तारीफ मुंगेर में रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा के दौरान डिप्टी सीएम और तारापुर प्रत्याशी सम्राट चौधरी की जमकर तारीफ की। CM नीतीश ने सम्राट की ओर इशारा करते हुए कहा, 'ये बढ़िया काम करते हैं, इन्हें बनाइए और आगे बढ़ाइए। नीतीश करीब 5 मिनट तक सम्राट की तारीफ करते रहे। उन्होंने कहा, ये बनेंगे तो बिहार बनेगा। इससे पहले CM नीतीश ने बेगूसराय के साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र से NDA के लोजपा (रा.) के प्रत्याशी सुरेंद्र विवेक के समर्थन में सभा की। इस दौरान लालू-राबड़ी राज पर जमकर निशाना साधा।

## संक्षिप्त डायरी

### गयाजी के इमामगंज में चिराग पासवान की चुनावी रैली



**गयाजी।** के इमामगंज में एनडीए के स्टार प्रचारक लोजपा(रा.) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने चुनावी रैली को संबोधित किया। एनडीए समर्थित हम पार्टी की प्रत्याशी दीपा मांझी के समर्थन में आम जनता से वोटिंग की अपील की। रोशनगंज खेल मैदान में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए चिराग ने करीब सात मिनट तक सरकार की उपलब्धियों और विपक्ष के झूठे प्रचार पर निशाना साधा। चिराग पासवान ने दीपा मांझी हमारी भाभी हैं। भाभी हमारे समाज में मां तुल्य होती हैं। अगर आप दीपा मांझी को वोट देते हैं तो समझिए आपने मेरी मां को वोट दिया है। विपक्ष अफवाह फैला रहा है कि लोजपा और हम पार्टी में मतभेद है, जबकि एनडीए परिवार पूरी मजबूती से एकजुट है। सभा में मौजूद हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि 90 के दशक में शाम तीन बजे के बाद इमामगंज में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। लेकिन हमारे शासनकाल में कानून व्यवस्था कायम हुई। ना हमने किसी को फंसाया, ना किसी को छुड़ाया। जो दोषी था, उसे कानून ने सजा दी। मांझी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि बिहार को पीछे ले जाने वालों से सावधान रहें और विकास की राजनीति पर भरोसा रखें। विपक्ष के लोग आज फिर उसी जंगलराज को लाना चाहते हैं, जब भय और अराजकता का माहौल था।

### मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन, मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प




**मोतिहारी।** में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शरण कॉम्प्लेक्स में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बुद्धिजीवी, शिक्षक, छात्र, समाजसेवी और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसका उद्देश्य मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतंत्र में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी, मोतिहारी के वाइस चांसलर प्रो. संजय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थे। प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो. श्याम नंदन ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। डॉ. आशुतोष शरण सहित कई अन्य प्रतिष्ठित अतिथि भी मंच पर उपस्थित थे। नागरिकों की जिम्मेदारी है मतदान प्रोफेसर श्याम नंदन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि नागरिकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से स्वयं मतदान करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक के मतदान केंद्र तक पहुंचने से ही लोकतंत्र मजबूत होगा और सही मायने में लोगों की सरकार बनेगी। उन्होंने युवाओं से सही उम्मीदवार चुनने की अपील की। डॉ. आशुतोष शरण ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय नागरिक होने का सबसे बड़ा प्रमाण मतदान करना है। उन्होंने कहा कि जो लोग वोट नहीं देते, वे लोकतंत्र के सबसे बड़े दोषी हैं। उन्होंने जोर दिया कि हर वोट महत्वपूर्ण है और यह हमारे भविष्य को निर्धारित करता है। बूथ तक पहुंचाने में सहयोग देने का लिया संकल्प इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने आगामी चुनाव में स्वयं मतदान करने और अपने परिवार व मोहल्ले के लोगों को भी बूथ तक पहुंचाने में सहयोग देने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ-साथ लोकतांत्रिक चेतना भी सशक्त होगी। संगोष्ठी के दौरान पूरे माहौल में ह्लपहले मतदान, फिर जलपानह्व का संदेश गूंजता रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह पहल मोतिहारी को शत-प्रतिशत मतदान वाला जिला बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### सड़क हादसे में बच्ची की मौत बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर ट्रक से टकराई बाइक



**नालंदा।** में बिहटा सरमेरा टू-लेन पर ट्रक और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बच्ची की मौत हो गई। जबकि भाई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृतका की पहचान नित्या कुमारी(5) के तौर पर हुई है। घायल की पहचान चंदुआरा गांव निवासी पिता नीतीश कुमार(50) और भाई आयांश के तौर पर हुई है। घटना रहुई थाना क्षेत्र के भंडारी गांव के पास की है। बाइक ट्रक से टकरा गई नीतीश कुमार ने बताया कि हर दिन की तरह अपने दोनों बच्चों को लेकर बिहार शरीफ बाइक से स्कूल छोड़ने के लिए जा रहे थे। भंडारी गांव के पास ट्रक ने अचानक टर्न ले लिया। जिसके कारण बाइक ट्रक से टकरा गई। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम जानकारी के मुताबिक नीतीश सोंसदी पंचायत के उपसरपंच हैं। इसके अलावे बिहार शरीफ और गांव में टयूशन भी पढ़ाते हैं। हादसे की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। मुआवजे का आश्वासन देकर सड़क जाम को हटाया। आरोपी ड्राइवर की तलाश जारी इस संबंध में रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# ठंड के मौसम में डैंड्रफ से हैं परेशान तो इन आसान उपाय को अपनाकर पाएं छुटकारा

ठंड के मौसम में डैंड्रफ होने की समस्या आम हो जाती है। ये सिर्फ हमारे बालों को नुकसान ही नहीं पहुंचाती बल्कि शर्मिंदा भी करती है। इसे दूर करने के लिए कैमिकल युक्त शैम्पू, कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल करने के बजाय कुछ अन्य उपाय किए जाएं, तो बालों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है आइए जानते हैं कुछ टिप्स.

## नारियल का तेल

नारियल का तेल रूसी के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नहाने से पहले 4-5 चम्मच नारियल के तेल से मालिश करें और 1-2 घंटे बाद बालों को धो लें। रातभर लगाकर भी छोड़ सकते हैं। इससे डैंड्रफ में राहत मिलती है। ऐसा शैम्पू भी इस्तेमाल कर सकते है जिसमें नारियल तेल हो।

शैम्पू करने से पहले डैंड्रफ को साफ करने के लिए नमक बहुत कारगर है। नमक को स्कैल्प पर डालकर हल्कें हाथों से रगड़ें इससे मृत त्वचा निकलने लगेगी। कुछ देर रगड़ने के बाद शैम्पू कर लें। आप पाएंगे कि डैंड्रफ पहले से काफी कम हो रहे है। जब भी शैम्पू करें इस प्रक्रिया को अपनाएं कुछ ही समय में डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल जाएगा।

## नींबू का रस

दो चम्मच नींबू के रस को अपने बालों के स्कैल्प पर रगड़कर इससे अच्छी तरह से मालिश करें। फिर एक कप पानी में एक नींबू का रस मिलाएं अब इस पानी से अपने बालों को साफ करें। ऐसा आप हफ्ते में 3 बार करें।

## नारियल और नींबू का रस

नारियल के तेल में एक चम्मच नींबू का रस डालकर इन्हें हल्का गर्म कर लें। अब इस तेल से अपने बालों की मसाज करें। फिर शैम्पू से अपने बालों को धो लें। ये प्रक्रिया आप हफ्ते में कम से कम 2 बार जरूर करें।

# कुर्ते से लगें स्मार्ट

कुर्ते आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं, जितने पहले थे। बस, इसकी स्टाइल में थोड़ा बदलाव जरूर देखने को मिल रहा है। आजकल पाकिस्तानी सूट ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। लड़कियां जोधपुरी शैली के सलवार कुर्ते भी बनवाना पसंद करती हैं। ये कुर्ते ढीले-ढाले और कई रंगों में उपलब्ध होते हैं। आम तौर पर लोगों की राय है कि आज के आधुनिक युग में लड़कियां जींस आदि पहनना ही पसंद करतीं हैं और सलवार कुर्ते तथा अन्य पारंपरिक कपड़ों का चलन कम हो रहा है, लेकिन फैशन डिजाइनरों की राय इससे अलग है। उनका कहना है कि आज भी लड़कियां सलवार कमीज बनवाना पसंद करतीं हैं और अब तो इसमें रेट्रो फैशन की झलक भी देखने को मिल रही है। आजकल तो लड़कियां जींस के साथ भी लांग और शार्ट कुर्ते पसंद करती हैं। सलवार के साथ शार्ट कुर्ते या अनारकली स्टाइल के कुर्ते ज्यादा देखे जा रहे हैं। संगीता का कहना है कि कुर्ते को जींस, लेगिंस और जेगिंस, मतलब डेनिम स्टाइल की जींस की तरह दिखने वाली सलवार के साथ पहनने का फैशन काफी प्रचलन में है। केवल सलवार कमीज ही नहीं, दुल्हन के लहंगों में भी आधुनिकता और पारंपरिकता का मिश्रण देखने को मिल रहा है। सलवार कमीज का जादू कुछ और ही होता है। इस आउटफिट में थोड़ी सी तब्दीली करते ही इसे इंडो वेस्टर्न लुक दिया जा सकता है। आइए जानते हैं सलवार-कुर्ते से जुड़े कुछ टिप्स-



अगर आप अपनी हाइट थोड़ी ज्यादा दिखाना चाहती हैं, तो थोड़ा लंबा कुर्ता सिलवाएं। मसलन अगर आपकी हाइट 5'3'' है तो आपको 47-48 इंच का कुर्ता सिलवाना चाहिए।

अगर आपके हाथ मोटे हैं और आप स्लीवलेस नहीं पहन सकती हैं, तो 5 इंच की स्लीव्स बनवा लें। इससे आपके हाथ का अतिरिक्त मांस भी छिप जाएगा और आपके हाथ दुबले दिखेंगे।

सलवार को बहुत सारे स्टाइल्स में पहना जा सकता है। इनका स्टाइल भी ट्रेंड के साथ बदलता रहता है। फिलहाल ढीली सलवार फैशन में है और शॉर्ट कुर्ते ने एक बार फिर एंट्री की है।



# कामकाजी महिलाओं को हमेशा रखना चाहिए इन बातों का ध्यान

**शादी के बाद एक लड़की को अपने पति से ही नहीं बल्कि अपनी सास-ससुर से भी अच्छा तालमेल बनाने की जरूरत है। लेकिन तब क्या हो जब आप घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के चलते बिल्कुल भी समय नहीं निकाल पा रही हों।**

वो जमाना गया जब महिलाएं घर की चार दीवारी में रहकर ही अपना पूरा जीवन काट देती थीं। आज की महिलाएं न केवल अपने अधिकारों को लेकर स्वतंत्र हैं बल्कि पुरुषों की तरह घर से बाहर निकल अपनी एक अलग पहचान बनाने में भी कामयाब हो रही हैं। हां, वो बात अलग है कि लाख-पढ़ी लिखी होने के बाद भी लड़कियों को ससुराल जैसी पारंपरिक भूमिकाओं से गुजरना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें न केवल अपने पति के दिल में जगह बनानी होती है बल्कि अपने सास-ससुर संग एक अच्छे रिश्ते की शुरूआत करना भी उन्हीं की जिम्मेदारी में से एक है। लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत कामकाजी महिलाओं के साथ है, जिन्हें हर पल इस बात की चिंता सताती रहती है कि घर और ऑफिस के बीच क्या वह अपनी संतुलन भूमिकाएं निभा भी पाएंगी या नहीं?

खैर, हम इस तर्क-वितर्क से किसी नतीजे पर पहुंचें उससे पहले आपको बता दें कि जहां कुछ महिलाओं ने एक संयुक्त परिवार में रहने के कई दोष बताएं हैं तो वहीं इसके विपरीत कई कामकाजी महिलाओं का ऐसा कहना है कि एक संयुक्त परिवार में रहना आपके लिए एक मजबूत समर्थन बन सकता है बशर्ते आपको काम और घर के बीच बैलेंस बनाना आता हो। ऐसे में अगर आप भी चाहती हैं कि कम समय में ही आप सभी की लाडली बन जाए तो आपको इन बातों का हमेशा ध्यान रखें।

## काम के साथ घर को भी प्राथमिकता

हम इस बात को अच्छे से समझते हैं कि एक लड़की के लिए उसका करियर कितना महत्व रखता है लेकिन शादी के बाद आपको यह भी समझना चाहिए कि अब आप अकेले नहीं है आपका अपना एक परिवार है, जिसके हिसाब से भी अब आपको चीजों को मैनेज करना होगा। शादी से पहले जहां घंटों-घंटों आप ऑफिस में काम करती थीं तो वहीं अब आपको अपने



परिवार के लिए भी समय निकालना होगा साथ ही साथ घर खर्च के हिसाब से लेकर पार्टनर के माता-पिता की देखरेख करने तक आपको कई बातों को भी ध्यान रखना होगा।

## सुनें और समझें

अगर आप वाकई में चाहती हैं कि आप काम के साथ-साथ अपने परिवार की भी लाडली बनी रहीं तो सबसे पहले बातों को सुनने और समझने की आदत डालें। ऐसा करने से न केवल आप अपने सास-ससुर के मन की बातों को जान पाएंगी बल्कि वह भी आपके काम के महत्व को समझेंगे। यही नहीं, अपने परिवार के हर सदस्यों को जानने की कोशिश करें। यही नहीं, साथ ही साथ उन्हें यह भी बताएं कि घर की जिम्मेदारी को निभाने में आपके लिया क्या संभव है और क्या नहीं।

## पति से हो खुलकर बातचीत

किसी ने ठीक ही कहा है कि सबसे अच्छी शादी वह होती है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हों। अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ प्यार करने से बेहतर कुछ भी नहीं है। ऐसे में कोशिश करें कि आप और आपके पति के बीच एक स्वस्थ दोस्ती का रिश्ता हो। इसके बाद आपको अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुद फर्क समझ आ जाएगा। वह न केवल आपको समझेंगे बल्कि आपको घर-परिवार की जिम्मेदारी का एहसास होगा।



# पहली मुलाकात में जानें एक-दूसरे को

**जब भी कपल्स एक-दूसरे से मिलने के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले जेहन में ये बात जरूर आती है कि आखिर पहली मुलाकात में हम बात क्या करेंगे? यही सवाल हमें परेशान करता रहता है और वैसे भी पहली-पहली मुलाकात तो बहुत खास होती है, जो हमेशा याद रहती है।**

लेकिन इस मुलाकात में हम एक-दूसरे से बात ही न कर पाएं या यूं कहें कि उस समय क्या बात करें? ये समझ ही न आए तो क्या करें? क्योंकि हमने आमतौर पर देखा है कि हमारे मन में बातें तो ढेरों रहती हैं, लेकिन पहली मुलाकात पर वे बातें जुबान पर आ ही नहीं पातीं और हम शांत बैठे रह जाते हैं। और यहां-वहां देखकर बस यही सोचते रह जाते हैं कि बातें करें तो क्या? आखिर क्या बातें फर्स्ट मीटिंग में करें? कैसे बातों से एक-दूसरे को समझने में आसानी हो सकती है? ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपके पार्टनर को बोर नहीं होने देंगी? आइए जानते हैं।

जब भी किसी के साथ पहली मुलाकात के लिए जाएं तो बातों की शुरुआत आप उनके प्रोफेशन से कर सकते हैं, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसमें इंट्रेस्ट जरूर आता है। चाहे प्रोफेशन के बारे में गॉसिप अच्छी हो या बुरी, इस बारे में बात करना लोग काफी पसंद करते हैं। पार्टनर के फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस के बारे में आप पूछ सकते हैं या अभी रिसेंट उन्होंने कौन सी मूवी देखी है? इस बारे में भी आप बात कर सकते हैं। तारीफ किसको पसंद नहीं आती? जनाब तो कॉम्प्लीमेंट करना बिलकुल भी न भूलें। उन्हें नोटिस करें और उनकी तारीफ कीजिए। आप उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ कर सकते हैं। दोस्तों के बारे में बात करें, क्योंकि लड़का हो या लड़की-सभी को अपने दोस्तों के बारे में बात करना पसंद आता है। तो आप पूछ सकते हैं कि आपके फ्रेंड्स कैसे हैं? किस फ्रेंड्स से अपनी बातें शेयर करते हैं? इस तरह की बातें आपकी मुलाकात को और इंट्रेस्टिंग बनाएंगी। वीकेंड के बारे में पूछें कि उनके इस वीकेंड क्या प्लान हैं? यदि कोई प्लान नहीं हैं, तो आप प्लान कर सकते हैं जिससे कि एक-दूसरे को अच्छे से समझने के लिए और समय मिल सके। अगर बातें बोरिंग हो रही हैं तो आप हंसी-मजाक कर सकते हैं कि उनके साथ ऐसा वाकया कब हुआ, जब उनकी हंसी रुक ही नहीं रही थी। ऐसी कोई फनी बात, जो आपके साथ हुई हो तो वह बात भी आप उनसे शेयर कर सकते हैं।



# क्या आप जानते हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका

**जब भी कम्फर्ट की बात आती है तो सबसे पहले हम लेगिंग्स के बारे में सोचते हैं, क्योंकि लेगिंग्स काफी आरामदायक होती है। लेकिन इसे पहनने में हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण हम हंसी के पात्र बन जाते हैं।**

क्या आप जानती हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका? अगर हां तो यह बहुत बढ़िया बात है और यदि आपका जवाब ना है तो इस लेख को पढ़कर आप इस बारे में पूरी जानकारी पा सकते हैं।

हमने अक्सर ऐसी कुछ महिलाओं को देखा है, जो लेगिंग्स के साथ क्रॉप टॉप ट्राई कर लेती हैं। लेकिन यदि आप भी ऐसी गलती करती हैं तो इसे छोड़ दें, क्योंकि लेगिंग्स के साथ कभी भी क्रॉप टॉप नहीं पहना जाता। यह दिखने में बहुत भद्दा लगता है। ये तो बात हुई क्रॉप टॉप कि लेकिन अगर आप छोटे टॉप पर लेगिंग्स पहनने का विचार कर रही हैं तो इसे बिलकुल भी ट्राई न करें, भले ही आप कितनी भी स्लीम ट्रीम क्यों न हों, पर छोटे टॉप के साथ लेगिंग्स की यह स्टाइल आप पर बिलकुल अच्छा नहीं लगेगी। आपको ऐसी अंडरवियर पहनना चाहिए जिसमें हेमलाइन लेगिंग्स के ऊपर नजर न आए। ऐसे लेगिंग्स पहनने में बहुत अजीब सा लगता और आप इसमें कम्फर्टबल भी नहीं रह सकती हैं।

प्रिंटेड लेगिंग्स को न करें ट्राई

आप प्रिंटेड लेगिंग्स ट्राई न ही करें तो बेहतर है, क्योंकि ये पहनने में बिलकुल भी अच्छे नहीं लगते। इसलिए अगर आप लेगिंग्स लेने जा रही हैं, तो प्रिंटेड लेगिंग्स न ही लें तो बेहतर है।

# पाएं हाई हील्स की तकलीफ से छुटकारा

**अधिकतर लड़कियां हिल्स पहनना तो चाहती है, लेकिन उन्हें लगता है कि इसे पहनना काफी तकलीफभरा हो सकता है, लेकिन एक अच्छी और स्टाइलिश ड्रेस के साथ हिल्स काफी अच्छी लगती है पर पैरों की तकलीफ के कारण इसे नहीं चुनते हैं। लेकिन हम यहां आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे है जिन्हें अपनाकर आप हाई हिल्स में कंफर्टेबल हो सकती है हम ये नहीं कहते कि हिल्स में आप बहुत आरामदायक महसूस करेंगी लेकिन कुछ टिप्स को अपनाकर आप हाई हिल्स पहनने से होने वाली दिक्कतों से बच सकती हैं.तो आइए, जानते हैं कि हाई हील्स पहनने के दौरान होने वाली परेशानी को आप कैसे कम कर सकती हैं**

## सैंडिल के सही साइज का चुनाव करें

हील्स वाली सैंडिल में आपके पैर आगे की ओर पुश होते हैं, ऐसे में अपने लिए सही साइज की सैंडिल का चुनाव करें।

## अपना फुट टाइप पहचानें

सभी के फुट अलग-अलग होते हैं, किसी के पैर के पंजे चौड़े तो किसी के पतले होते हैं। अपने पंजे के अनुसार सैंडिल के आगे की डिजाइन चुनें, जिससे कि आपके पैर आगे से दबे नहीं।

## मोटी हील को प्राथमिकता दें

मोटी हील आपके पैरों को ज्यादा कवरेज और सपोर्ट देती हैं। इसे पहनने से आपकी एड़ियों पर कम दबाव पड़ेगा, जिससे पैरों में दर्द भी कम होगा।

## ब्रेक लें

पार्टी व किसी खास अवसर पर ही हाई हील्स पहनें। यदि इसके अलावा भी पहनें तो कभी-कभी फ्लेट चप्पल पहनें और अपने पैरों को थोड़ा ब्रेक दें।

## हील की पोजीशन का ख्याल रखें

आपके जूते ऐसे होने चाहिए जिसमें बॉडी का भार पंजों और हील दोनों पर रहे। वरना पंजो या फिर हील पर ज्यादा प्रेशर पड़ेगा। ऐसा होने पर पैरों में दर्द शुरू हो सकता है। इसलिए हील की पोजीशन का ख्याल जरूर रखें।



# शानदार प्रदर्शन के बाद दिल्ली पहुंचेगी चैंपियन टीम इंडिया, पीएम मोदी से होगी भेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला विश्व कप 2025 का समापन भारतीय महिलाओं द्वारा अपने पहले खिताब जीतने के साथ हुआ। 2 नवंबर को डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में हुए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिलाओं को हराकर भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के इतिहास रचने पर पूरा देश खुशी से झूम उठा। इस जीत के साथ ही, अब टीम के नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय टीम 4 या 5 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के लिए दिल्ली जाएगी।

विश्व कप फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 298 रन बनाए। इसके बाद टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 246 रनों पर रोक दिया और 52 रनों से मैच जीतकर अपना पहला महिला विश्व कप खिताब जीता। भारत की जीत सुनिश्चित होने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर महिला टीम को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने यह भी बताया कि यह जीत आने वाली पीढ़ी को खेलों में शामिल होने के लिए कैसे प्रेरित करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, 'आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा था। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य की चैंपियन टीमों को खेलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।' अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, टीम देर रात तक जश्न मनाती रही। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने खिलाड़ियों के अपने परिवारों के साथ जश्न मनाते हुए कई वीडियो और तस्वीरें साझा कीं, जिनमें अंजुम चोपड़ा, झूलन गोस्वामी और मिताली राज जैसी पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हुईं।




# सिनर ने जीता पेरिस मास्टर्स, अल्काराज़ से छीनी विश्व नंबर-1 की कुर्सी



**पेरिस (एजेंसी)।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस मास्टर्स 2025 का खिताब अपने नाम किया और साथ ही विश्व नंबर-1 रैंकिंग पर दोबारा कब्जा जमा लिया। फाइनल में उन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को सीधे सेटों में 6-4, 7-6(4) से हराया। 24 वर्षीय सिनर के लिए यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक रही। उन्होंने न केवल अपना पहला पेरिस मास्टर्स खिताब जीता बल्कि बिना एक भी सेट गंवाए टूर्नामेंट जीतने वाले इतिहास के चौथे खिलाड़ी बने। यह सिनर का इस वर्ष का पांचवां खिताब है और उन्होंने लगातार 26वीं इनडोर हार्डकोर्ट जीत दर्ज की। फाइनल के बाद सिनर ने कहा, ÷यह मेरे लिए बहुत बड़ा पल है। हमने पिछले कुछ महीनों में लगातार मेहनत की है और अब उसका नतीजा देखना बेहद संतोषजनक है।÷

वहीं, ऑगर-अलियासिम के लिए यह हार निराशाजनक रही। उन्हें ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स में जगह बनाने के लिए यह खिताब जीतना जरूरी था, लेकिन वे मौका गंवा बैठे। इस जीत के साथ सिनर ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर टेनिस जगत की शीर्ष रैंकिंग हासिल कर ली है।

# महिला टीम पर हुई पैसे की बारिश, बीसीसीआई ने आईसीसी से अधिक इनाम घोषित किया



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपना खजाना खोल दिया है। बीसीसीआई ने विजेता भारतीय टीम के लिए जो इनामी राशि घोषित की है वह आईसीसी की इनामी राशि से भी अधिक है।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर खिताबी जीत दर्ज की है। आईसीसी ने इसके बाद भारतीय टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर करीब 39.78 करोड़ रुपए की इनामी राशि दी है। वहीं बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टीम को 51 करोड़ रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

सैकिया ने कहा, साल 1983 में कप्तानी कपिल देव ने भारतीय टीम को विश्वकप में जीत दिलाकर क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की थी। आज महिलाओं ने भी वही किया है। हरमनप्रीत और उनकी टीम ने आज न केवल ट्रॉफी जीती है, बल्कि उन्होंने सभी भारतीयों का दिल भी जीता है। इससे महिला क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी के लिए एक अच्छी राह बनी ही। टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही महिला क्रिकेट अगले स्तर पर पहुंच गया था। वहीं खिताबी जीत से वह शीर्ष पर पहुंच गया है। इससे उभरती हुई क्रिकेटरों को प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने साथ ही कहा, जय शाह के बीसीसीआई अध्यक्ष रहने के दौरान वह महिला क्रिकेट में कई बदलाव लाए थे जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंनं वेतन समानता पर भी ध्यान दिया था। इसके बाद आईसीसी अध्यक्ष बनने के बाद शाह ने महिलाओं की पुरस्कार राशि 300 फीसदी बढ़ा दी। पहले पुरस्कार राशि 2.88 मिलियन डॉलर थी, और अब इसे बढ़ाकर 14 मिलियन डॉलर कर दिया गया है। इन सभी कदमों ने महिला क्रिकेट को काफी बढ़ावा मिला है।

# आईपीएल 2026: एसआरएच का बड़ा फैसला, रणजी में फॉर्म में लौटे गेंदबाज को रिलीज नहीं करेगी टीम

**हैदराबाद (एजेंसी)।** घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद सनराइजर्स हैदराबाद अपने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को रिलीज या किसी अन्य फ्रेंचाइज़ी को ट्रेड करने के पक्ष में नहीं है। शमी, जिन्होंने पिछली आईपीएल सीजन में महज छह विकेट लिए थे, इस समय रणजी ट्रॉफी 2025-26 में लाजवाब फॉर्म में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शमी के लिए कुछ टीमों ने ट्रेड ऑफर दिए थे, लेकिन SRH ने सभी प्रस्ताव ठुकरा दिए। टीम प्रबंधन का मानना है कि 35 वर्षीय शमी ने फिटनेस और लय दोनों वापस पा ली है। उन्होंने गुजरात के खिलाफ शानदार पांच विकेट झटके और बंगाल के ओपनिंग मैच में सात विकेट लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।

सूत्रों के अनुसार, नए चयनकर्ता आरपी सिंह ने भी शमी से उनकी वापसी को लेकर चर्चा की। माना जा रहा है कि अगर प्रदर्शन जारी रहा, तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शामिल किया जा सकता है। इस बीच, खबरें यह भी हैं कि SRH ईशान किशन को रिलीज कर सकती है, जिनके लिए मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स दिलचस्पी दिखा रही हैं।



# भारतीय तीरंदाज काफी प्रतिभाशाली : ब्रैडी एलिसन



नई दिल्ली । अमेरिका के शीर्ष तीरंदाज ब्रैडी एलिसन आजकल आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) के लिए भारत आये हुए हैं। इसी दौरान ब्रैडी ने कहा कि भारत हमेशा ओलंपिक पदक की दौड़ में रहता है। उसके तीरंदाज काफी प्रतिभाशाली है। उन्होंने कहा, ''भारत के पास आज विश्व कप और अन्य चैंपियनशिप में ढेरों पदक हैं। अगर आप अपने सर्वश्रेष्ठ दो रिकर्व तीरंदाजों को मिश्रित टीम में उतारें, तो किसी भी टीम के लिए उन्हें हराना बहुत कठिन होगा।फ्र गौरतलब है कि तीरंदाजी को लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में पहली बार कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा, '' भारतीय तीरंदाजों के पदक की संभावना सिर्फ कंपाउंड में नहीं बल्कि रिकर्व में भी काफी अधिक है। अभी कई भारतीय तीरंदाज काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही कहा कि ओलंपिक अभी तीन साल दूर है, पर भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।'' एलिसन ने कहा कि किसिक ली को नए रिकर्व मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने की भारतीय तीरंदाजी संघ की योजना एकदम सही है। उन्होंने कहा, '' वह दुनिया के सबसे अच्छे कोच में से एक है। उन्होंने जहां भी काम किया है वहां ओलंपिक पदक और विश्व चैंपियन दिए हैं। यह भारत के लिए लाभप्रद साबित होंगे। '' साथ ही कहा कि मैंने भी अपने करियर के शुरुआती दौर में कोच किसिक ली से प्रशिक्षण लिया था।

# दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ही एमसीए ने दी हरमनप्रीत सहित भारतीय महिला टीम को बधाई

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप जीत पर दिग्गज क्रिकेटरों वेंकटेश प्रसाद, ईशांत शर्मा, सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स के साथ ही मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टीम को बधाई दी है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने सोशल मीडिया में लिखा, कप्तान हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम को ऐतिहासिक विश्व कप जीत पर ढेर सारी बधाई! आपके कौशल, दृढ़ संकल्प और जज्बे ने एक पीढ़ी को प्रेरित किया है और देश को बेहद गौरवान्वित किया है।



वहीं पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने लिखा, विश्व चैंपियन! हमारी महिला भारतीय क्रिकेट टीम का अविश्वसनीय प्रदर्शन, सच्चा टीम वर्क, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन। हर खिलाड़ी ने पूरे जुनून से खेला और विश्व कप जीता। बहुत गर्व है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिलीवियर्स ने लिखा, टीम इंडिया को बधाई। दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम को भी फाइनल में पहुंचने पर गर्व होना चाहिए। महिला क्रिकेट दुनिया भर में तरक्की कर रहा है। यह टूर्नामेंट और फाइनल मैच दोनों काफी शानदार रहे। वहीं पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने लिखा, इतिहास रच दिया! हमारी महिला टीम ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। यह जीत आने वाली पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। यह उनके जज़्बे, हिम्मत और भरोसे की शानदार जीत है! आपने एक अरब लोगों के दिलों को गर्व से भर दिया है!

इसके अलावा पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा, इन खिलाड़ियों के सफर को मैंने करीब से देखा है, और मैं कह सकता हूं कि यह ऐतिहासिक जीत उनकी अच्छी तैयारी, लगातार कोशिश और अटूट इरादे का परिणाम है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने हर मुश्किल का सामना शानदार अनुशासन, विश्वास और एकता के साथ किया। उनका सकारात्मक रवैया और समर्पण कभी कम नहीं हुआ। यह वर्ल्ड कप जीत दिखाती है कि जब सपना, मेहनत और भरोसा एक साथ मिलते हैं, तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

एमसीए ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया, इतिहास रच दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आईसीसी महिला विश्व कप जीतने पर बधाई। आपके जुनून, दृढ़ता और शक्ति ने करोड़ों दिलों को गर्व से भर दिया है।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने बताया भारतीय महिला टीम की जीत का कारण

## -भारत की किसी भी टीम को हराना कठिन



नई दिल्ली। इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप जीत पर प्रशंसा करते हुए कि है पिछले कुछ समय से वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। हुसेन ने कहा कि उसके खिलाड़ी फार्म में थे और उसने आईसीसी खिताब जीतने का लक्ष्य हासिल कर ही लिया। हुसैन ने कहा है कि क्रिकेट की बात करें तो भारत की पुरुष टीम हो या महिला टीम उसे हराना बेहद कठिन होता है। उन्होंने कहा कि डब्लयूपीएल शुरु होने से भी भारतीय महिला क्रिकेटर बेहतर हुई हैं। हुसैन ने कहा, 'पिछले कुछ साल में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। विश्वकप के दौरान उनकी टीम शानदार रही। टूर्नामेंट के बीच में उन्हें थोड़ी परेशानी हुई पर उन्होंने अच्छी शुरुआत की और अंत भी अच्छा किया।' साथ ही कहा, फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की तुलना में भारत की कई खिलाड़ी फॉर्म में थीं। अगर आप भारतीय लाइनअप पर नजर डालें, तो टूर्नामेंट के अंत तक कई खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में थे। दूसरी ओर से दक्षिण अफ्रीकी टीम बल्लेबाजी में एक या दो खिलाड़ियों पर ज्यादा निर्भर रही है। इसीलिए उसे अतिरिक्त बल्लेबाज खिलाना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने भी अच्छा खेल दिखाया। उन्होंने भी बहुत अच्छा क्रिकेट खेला पर भारत क्रिकेट में बहुत अच्छा है, जैसा कि हमने दुनिया के इस हिस्से में देखा है, पुरुष हो या महिला टीम, किसी भी प्रारुप में, उन्हें हराना बहुत कठिन है।भारतीय टीम ने पहले दो मैच टूर्नामेंट में जीते थे पर अगले तीन मैचों में टीम को हार मिली थी। हार की हैट्रिक के बाद भी टीम दबाव में नहीं आयी और उसने जीत के साथ वापसी करते हुए इतिहास रच दिया।

# क्रिस गेल सहित कई पूर्व स्टार क्रिकेटरों के साथ हुआ स्कैम, श्रीनगर के होटल में फंसे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर से नए क्रिकेट टैलेंट को खोजने के लिए एक बड़े इवेंट के तौर पर पेश की गई इंडियन हेवन प्रीमियर लीग (IHPL) एक स्कैम साबित हुई है। लीग के ऑर्गनाइजर भाग गए हैं जिससे क्रिस गेल जैसे कई पूर्व इंटरनेशनल स्टार क्रिकेटर्स बिलों का पेमेंट न होने के कारण यहां एक होटल में फंसे हुए हैं। IHPL, जो अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में यहां बड़े धूमधाम से शुरू हुई थी, मोहाली बेस्ड युवा सोसाइटी ने ऑर्गनाइज की थी।

गेल, डेवोन स्मिथ, जेसी राइडर और शाकिब-अल-हसन जैसे पूर्व क्रिकेटरों के बड़े-बड़े बिलबोर्ड शहर भर में कई जगहों पर लगाए गए थे, जिसमें बताया गया था कि ये मेगास्टार लोकल खिलाड़ियों के साथ इस लीग में खेलेंगे, जो 8 नवंबर को खत्म होने वाली थी। ज़्यादातर मैच बख्शी स्टेडियम में खेले गए जिसमें इंटरवल के दौरान लाउडस्पीकर पर म्यूजिक बजता था। हालांकि यह लीग शनिवार को अचानक खत्म हो गई क्योंकि खिलाड़ियों ने बकाया पेमेंट न मिलने के कारण मैचों में आने से मना कर दिया। ऑर्गनाइजर गायब हो गए, जिससे होटल वालों ने खिलाड़ियों को तब तक जाने से रोक दिया जब तक उनका बकाया क्लियर नहीं हो जाता।



यह मामला तब सामने आया जब मेलिसा जूनिपर, जो इस इवेंट में अंपायर थीं, ने कहा कि उन्हें पेमेंट नहीं मिला है। जूनिपर ने कहा, 'हमें कोई पेमेंट नहीं मिला है।' उन्होंने आगे कहा कि होटल स्टाफ ने उन्हें 'गायब ऑर्गनाइजर' के बारे में बताया। हालांकि पुलिस होटल गई थी, लेकिन इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई शुरू की है या नहीं।

गेल उन कई खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने पिछले साल कश्मीर में लेजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में खेला था। यह इवेंट, जो इस साल की IHPLकी तरह ही एक प्राइवेट इवेंट था, ने स्टेडियम में भारी भीड़ खींची थी क्योंकि लोकल लोगों को लगभग 40 साल में पहली बार इंटरनेशनल खिलाड़ियों को एक्शन में देखने का मौका मिला था। परमिंदर सिंह, जो युवा सोसाइटी के चेयरमैन के तौर पर लिस्टेड हैं, शायद लेजेंड्स लीग की सफलता से प्रभावित होकर कश्मीर में IHPL ऑर्गनाइज करने के लिए प्रेरित हुए होंगे।

उन्होंने जम्मू और कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल के मालिक वाले बख्शी स्टेडियम को बुक किया और मैचों की मेजबानी के लिए किराया पहले ही दे दिया था। लीग खेलने के लिए 8 टीमें बनाई गईं जिसमें श्रीनगर सुल्तांस, जम्मू लायंस, लद्दाख हीरोज, पुलवामा टाइटन्स, उरी पैंथर्स, गुलमर्ग रॉयल्स, पटनीटॉप वॉरियर्स और किश्तवाड़ जायंट्स शामिल हैं। हर टीम में एक पूर्व इंटरनेशनल खिलाड़ी था।

गेल और दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के होने के बावजूद IHPL में भीड़ नहीं जुटी। ऑर्गनाइजर्स ने टिकटों पर भारी डिस्काउंट दिया और टिकटों की बिक्री बढ़ाने की कोशिश में एक लोकल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उमर जरगर की मदद ली, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सवाल पूछे जा रहे हैं कि ऑर्गनाइजर्स युवा सोसाइटी जिसे इतने बड़े लेवल की लीग आयोजित करने का कोई पिछला अनुभव नहीं था, उसे मैच होस्ट करने के लिए बख्शी स्टेडियम का इस्तेमाल करने की इजाजत कैसे दी गई।

स्पोर्ट्स काउंसिल की सेक्रेटरी नुजहत गुल ने कहा कि ऑर्गनाइजर्स वेन्यू का इस्तेमाल मैच होस्ट करने के लिए करना चाहते थे और उन्होंने पैसे भी दिए थे। उन्होंने आगे कहा, 'मेरा IHPL से कोई लेना-देना नहीं है। मैं उद्घाटन समारोह में सिर्फ एक मेहमान के तौर पर मौजूद थी।' युवा सोसाइटी ने अपनी वेबसाइट पर IHPL की घोषणा करते समय पूर्व क्रिकेटरों सुरेंद्र खन्ना और आशु दानी की तस्वीरों का इस्तेमाल किया, लेकिन यह नहीं बताया कि संगठन में इन दोनों की क्या भूमिका थी।

# भारतीय महिला टीम की खिताबी जीत के पीछे कोच अमोल मजूमदार की रही है अहम भूमिका



नवी मुम्बई । हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्वकप जीत के साथ ही इतिहास रच दिया। भारतीय टीम ने फाइनल में हुए एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीकी टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम की जीत में सभी खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही साथ ही इस जीत के सूत्रधार कोच अमोज मजूमदार भी रहे। मजूमदार स्वयं तो भारतीय टीम से खेलने का अपना सपना पूरा नहीं कर पाये पर उन्होंने महिला टीम को विश्व चैम्पियन जरुर बना दिया।

उन्हें दो साल पहले अक्टूबर 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उसके बाद से ही वह टीम को नया रुप देने में लग गये थे। उन्होंने टीम में भरोसा पैदा किया कि वे आईसीसी खिताब जीतने में सक्षम है। इससे पहले होता ये आया था कि टीम बड़े मुकाबलों में दबाव में आ जाती थी पर इस बार ऐसा नहीं हुआ। इसी कारण टीम दक्षिण अफ्रीका को हराने में सफल रही। साल 2005 और 2017 में टीम खिताबी मुकाबले में धैर्य खो बैठी थी पर इस बार ऐसा नहीं हुआ। टीम की जीत के बाद उन्होंने कहा, मेरे पास खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं है। ये बहुत ही गर्व का क्षण है। टीम ने कड़ी मेहनत और विश्वास के साथ हर भारतीय को गर्व करने का मौका दिया। मजूमदार ने प्रथम श्रेणी में 11 हजार से ज्यादा रन बनाये थे इसके बाद भी उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली थी। भारतीय टीम ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर जीत दर्ज की। जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत ने कोच अमोल मजूमदार के पैर छुए। इसका कारण है कि टीम की खिताबी जीत के शिल्पी कोच रहे। वह पर्दे के पीछे रहकर टीम का लगातार मार्गदर्शन करते रहे। मजूमदार ने अपने करियर में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली सहित कई दिग्गजों के साथ खेला था, ऐसे में उनके पास अनुभव का खजाना था। वह साल 1994 में भारतीय अंडर-19 टीम के उपकप्तान भी रहे थे। उन्होंने भारत ए की ओर से राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली के साथ भी खेला था। अमोल ने मुम्बई के लिए रणजी ट्रॉफी के अपने डेब्यू मैच में ही 260 रन बनाकर धमाका कर दिया था। वह एक ऐसे दौर में उभरे थे जिस समय भारतीय टीम के पास सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे सितारे थे। इस कारण अमोल को अवसर नहीं मिला। अमोल ने साल 2014 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास ले लिया और इस तरह 21 साल का उनका क्रिकेटर करियर समाप्त हुआ। इसके बाद ही उन्हे भारतीय महिला टीम का कोच बनाया गया।

# गंभीर ने भारतीय महिला टीम को बधाई दी , ये जीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी



सिडनी । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आईसीसी महिला विश्व कप में मिली शानदार जीत पर भारतीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल इतिहास रचा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने का काम भी किया है। गंभीर ने टीम के जीत दर्ज करते ही कहा कि इससे भावी पीढ़ियों की लड़कियों को इस खेल को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। भारतीय टीम ने साल 2005 और 2017 के फाइनल में मिली हार से उबरते हुए इस बार कोई गलती नहीं की। टीम को बधाई देते हुए, गंभीर ने सोशल मीडिया में लिखा, 'आपने न केवल इतिहास रचा है, बल्कि एक ऐसी विरासत भी बनाई है जो आने वाली पीढ़ियों की लड़कियों को प्रेरित करेगी!' भारतीय क्रिकेट टीम ने खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला विश्व कप खिताब जीता।

# महिला विश्व कप : यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा कैच, वोल्वार्ड्ट के कैच पर बोली अमनजोत कौर

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** महिला विश्व कप के फाइनल में अपने शानदार क्षेत्ररक्षण से दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजने में योगदान देने वाली अमनजोत कौर ने कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट के कैच को अपने अब तक के करियर का सबसे बड़ा कैच करार दिया। भारत ने रविवार का यहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर पहली बार विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया।

अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को रन आउट कर वोल्वार्ड्ट के साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने इसके बाद 42वें ओवर में वोल्वार्ड्ट का शानदार कैच उस समय लपका जब वह शतक पूरा कर भारत और जीत के बीच खड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी आठ ओवर में 79 रन की जरूरत थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन बनाने वाली वोल्वार्ड्ट फाइनल में भी शतक पूरा करने के बाद बड़े शॉट खेलने की तैयारी में थी।

उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेला और अमनजोत के हाथ से गेंद दो बार छिटकी लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में कैच पूरा कर स्टेडियम में मौजद दर्शकों के साथ टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया।। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'वह मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल कैच था, मैंने आज तक कभी मेरे हाथ से गेंद इस तरह से नहीं छिटकी थी। मैं या तो कैच लपकती थी या छूट जाता था। यह पहली बार है जब भगवान ने मुझे तीन मौके दिए।' उन्होंने कहा, 'वोल्वार्ड्ट का कैच काफी अहम था और उसके शतक के बाद हमें पता था कि वह एक छोर से बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेगी।'

अमनजोत ने कहा कि वह गेंद और बल्ले की नाकामी को क्षेत्ररक्षण से पूरा करना चाहती थी। उन्होंने कहा, 'मैं बल्ले से बड़ा योगदान नहीं दे सकी थी और गेंदबाजी में भी बहुत प्रभावी नहीं थी, ऐसे में मेरा ध्यान बेहतर क्षेत्ररक्षण से उस कमी को पूरा करने पर था। मुझे पता था कि क्षेत्ररक्षण अच्छा रहेगा तो हम कुछ रन बचाकर दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ा सकते है।' अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें इससे पहले ब्रिट्स को रन आउट कर बढ़ा दी थी। उनके सटीक थ्रो पर रन चुराने की कोशिश कर रही ब्रिट्स को पवेलियन लौटना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी के समय पिच थोड़ी बल्लेबाजी के अनुकूल हो गयी थी। हम यही बात कर रहे थे कि साझेदारी तोड़ना काफी जरूरी है। हम नहीं चाहते थे कि किसी भी मौके को हाथ से जाने दे। दूधिया रोशनी में ओस गिरने के बाद क्षेत्ररक्षण मुश्किल हो जाता है।'




# श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) क्रिकेट का छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा

कोलंबो । श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) क्रिकेट का छठा सत्र इस साल के अंत में खेला जाएगा। इसमें भारतीय क्रिकेटर पहली बार खेलते हुए नजर आयेंगे। श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने कहा है कि लीग का छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मुकाबले होंगे। ये मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## हापुड़ में गढ़ गंगा मेला को लेकर तैयारी जोरों पर

हापुड़ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के हापुड़ में गढ़ गंगा के मेले के साथ ही तीर्थ नगरी ब्रजघाट में भी करीब पाँच लाख श्रद्धालु स्नान करने वाले है। हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के किनारे बसा होने के कारण वाहनों का अत्यधिक दबाव और श्रद्धालुओं के आगमन से चतुर्दशी एवं पूर्णिमा पर जाम लगने के पूर्ण आसार हैं। गढ़मुक्तेश्वर के गंगा मेले में जाम इतना खराब होता है कि वाहनों की कतार मेला स्थल से करीब 12 किलोमीटर दूर दिल्ली-लखनऊ हाईवे तक पहुँच जाती है। ब्रजघाट में भी दीपदान और अनुष्ठानों के कारण हाईवे और अन्य मार्गों पर जाम लगता है। पिछली अमावस्या पर करीब पाँच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने के कारण 18 घंटों तक लोगों को जाम में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। अनेक श्रद्धालुओं ने कई दिन पहले से ही होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशालाओं को बुक कर डेरा जमा दिया है, जिससे अब बाहरी लोगों को रहने के लिए स्थान नहीं मिल रहे हैं। मात्र 67 पुलिसकर्मी के कंधों पर शहरी मेले की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**पुलिस बल का विवरण :** एक थाना प्रभारी, 15 दारोगा, 44 हेड कॉन्स्टेबल और सात महिला पुलिसकर्मी शामिल है। इतना ही नहीं पुलिस ने मनचलों पर नजर रखने के लिए तीन एंटी रोमियो की टीम लगाई गई हैं। गंगा तट पर बने टावर से पुलिस निगरानी कर रही है। शहरी मेले पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी की जा रही है। घाट तक आने-जाने वाले रास्तों पर भी सीसीटीवी कैमरे सक्रिय हैं। अन्य उपाय में बैरिकेडिंग के साथ सभी बैरियर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। पिकेट व चेकिंग पॉइंट्स की संख्या बढ़ाई जा रही है।

## केंद्रीय सुरक्षा बलों ने संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान 2 पुराने आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया

श्रीनगर (एजेंसी)। केंद्रीय सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम ज़िले के हंजीपोरा के वन क्षेत्रों में संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान दो पुराने आतंकवादी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। खुफिया जानकारी मिलने के बाद, 9 राष्ट्रीय राइफल्स और लोकल पुलिस ने यह अभियान चलाया। संयुक्त तलाशी में वन क्षेत्रों के बीच इन ठिकानों का पता लगाया गया और बाद में इनका फिर इस्तेमाल रोकने के लिए इन्हें नष्ट किया गया। वन क्षेत्रों की घेराबंदी कर दी गई है और आगे तलाशी अभियान जारी है। यह पिछले माह अनंतनाग जिले के हॉर्नाग-वतकश जंगल में इसी तरह के ऑपरेशन के बाद हुआ है, जहाँ सुरक्षा बलों को एक सुरक्षित ठिकाना मिला था। यह तलाशी 19 राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस (जेकेपी) द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। अधिकारियों ने घटनास्थल से बैकपैक, गर्म कपड़े, बर्तन, खुदाई के औज़ार, एक गैस सिलेंडर और संदिग्ध युद्ध-संबंधी सामान बरामद किए। इन चीजों से संकेत मिलता है कि इस ठिकाने पर हाल ही में आतंकवादियों ने कब्ज़ा किया होगा। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा कि हवाई निगरानी से बचने के लिए इन ठिकानों को रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया था और ये इस क्षेत्र में आतंकवादियों के अस्थायी ठिकानों के रूप में काम कर सकते थे।

## फलोदी में सड़क हादसे में 24 मौतों के बाद जागा प्रशासन, हाईवे किनारे से हटाए ढाबे

जोधपुर (एजेंसी)। राजस्थान के फलोदी में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में अब तक 24 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। इस हादसे के बाद प्रशासन चेता और और उसने सोमवार को हाइवे से किनारे बने ढाबे और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इस हादस में मरने वालों में एक ही परिवार के 7 लोग हैं। सभी श्रद्धालु जोधपुर के सूरसागर इलाके के रहने वाले हैं। उधर, भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर एक साथ हुई 24 मौतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एडीएम अंजुम ताहिर ने बताया कि मृतक आश्रितों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिनके परिवार में तीन या इससे ज्यादा लोगों की मौत हुई है, उन्हें 25 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके अलावा पीएम राहत कोष से भी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर फलोदी के बापिणी उपखंड क्षेत्र के मतोड़ा में ओवरटेक करते समय टेम्पो ट्रेवलर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में घुस गया। मरने वालों में चार बच्चे, ड्राइवर और 10 महिलाएं शामिल हैं। टेम्पो ट्रेवलर में सवार सभी लोग देवउठनी एकादशी पर कपिल मुनि के आश्रम दर्शन करने गए थे। लौटते समय यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो ट्रेवलर के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## हमारी बेटियों ने दिखा दिया कि दृढ़ निश्चय से हर मुकाम हासिल कर सकते हैं : कंगना

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम ने महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया। इस जीत पर बॉलीवुड एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनौत ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हम हैं विश्व चैंपियन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे विश्व कप 2025 जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमारी बेटियों ने दिखा दिया कि दृढ़ निश्चय और टीम स्पिरिट से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। वहीं बीजेपी नेता डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि जय हो, विजयी भारत। टीम इंडिया ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार जीत के साथ इतिहास रच दिया है। हमारी असाधारण महिला क्रिकेट टीम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई। आपके साहस, जुनून और उत्कृष्टता ने देश को गौरवान्वित किया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 जीतने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई। हमारी चैंपियन खिलाड़ियों ने धैर्य, कौशल और दृढ़ संकल्प का अद्भुत प्रदर्शन किया है। आपने एक पीढ़ी को प्रेरित किया है और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और नीले रंग की हर योद्धा को सलाम- अपने जुनून, प्रतिभा और अदम्य साहस से विश्व कप को रोशन करने के लिए। यह जीत सिर्फ क्रिकेट की नहीं है- यह सपनों, समर्पण और अजेय नारी शक्ति की शक्ति की है!

बता दें नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम 52 रन से जीत दर्ज कर विश्व क्रिकेट की नई चैंपियन बनी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 298 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका 45.3 ओवर में 246 रन पर सिमट गई।

# अमित शाह का दावा: मोदी-नीतीश जोड़ी ने बिहार को जंगल राज से दिलाई मुक्ति, खत्म किया वंशवाद

**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी साझेदारी ने बिहार को 'जंगल राज' से मुक्ति दिलाई और वंशवाद का अंत किया। उन्होंने राजद के लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार तथा कांग्रेस नेतृत्व पर अपने वंशजों को सत्ता में बिठाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सीतामढ़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ÷नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की जोड़ी ने बिहार को 'जंगल राज' से मुक्ति दिलाई है। हमने वंशवाद का अंत किया। लालू जी और राबड़ी जी अपने बेटे को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे को देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। लेकिन मैं लालू-राबड़ी और सोनिया जी को यह बताने आया हूँ कि न तो लालू जी का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा और न ही सोनिया जी का बेटा प्रधानमंत्री। क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश जी हैं और नरेंद्र मोदी जी दिल्ली (केंद्र) में सत्ता में हैं।'

अपने पहले के बयानों को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया 'मतदाता अधिकार यात्रा' पर हमला बोला और इसे 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बताया। शाह ने




कहा, 'राहुल गांधी हाल ही में यहाँ आए थे। उन्होंने 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाली थी। रीगा सीमा के पास स्थित है; यह नेपाल के पास है। मुझे बताइए, क्या बांग्लादेशी घुसपैठियों को बिहार की मतदाता सूची से नहीं हटाया जाना चाहिए? ये घुसपैठिए गरीबों के अनाज का हिस्सा हड़प लेते हैं, युवाओं से रोज़गार छीन लेते हैं और जो बांग्लादेश से यहाँ आए हैं, उन्हें यहाँ वोट देने और बिहार का मुख्यमंत्री चुनने का कोई अधिकार नहीं है।' केंद्रीय गृह मंत्री ने पहली बार दावा किया कि पूरा बिहार शाम 5 बजे तक मतदान करेगा क्योंकि अब बिहार नक्सल मुक्त है।

उन्होंने कहा, 'केंद्र में कांग्रेस सत्ता में थी। बिहार के कई जि़ले नक्सल प्रभावित थे। मतदान दोपहर 3 बजे समाप्त हो जाता था। अब पहली बार पूरा बिहार शाम 5 बजे तक मतदान करेगा क्योंकि अब बिहार नक्सल मुक्त है।' 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को होना है, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## नेशनल ब्यूटी पेजेंट में झारखंड की मॉडल्स का जलवा, डॉ. मेघा रानी बनीं मिसेज वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टोरी लाइन इंडिया और सके स्टार के द्वारा संयुक्त रूप से नेशनल ब्यूटी पेजेंट का आयोजन दिल्ली के नोएडा सेक्टर 121 स्थित आर एस फार्म एंड बैंक्वेट हॉल में किया गया। जहां झारखंड के फीमेल मॉडल्स ने अपना परचम लहराया है। जहां पर करीब सभी कैटेगरी मिला कर दो सौ से अधिक पार्टिसिपेट थे , उसमें से प्रमुख रूप से मिसेज वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल का खिताब डॉक्टर मेघा रानी को मिला ,जो कि पेशा से ऑथर है। मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल का खिताब नीलम वर्मा पाया, वहीः फर्स्ट रनर अप रही शिल्पी कुमारी। मिसेज की विनर सत्य मिश्रा रही। जूनियर मिस्टर विनर रहे श्रीश कुमर। साथ में ही स्टोरी लाइन इंडिया की फाउंडर और चीफ एडिटर साधना कुमर को सेलिब्रिटी जूरी के रूप में बुलाया गया। इस मौके पर साधना कुमर ने कहा कि, वाकई ये काबिले तारीफ की बात है जहां हमारी बेटियां अपना परचम लहरा रही है, एक और फर्स्ट टाइम फीमेल क्रिकेट टीम ने अंतरराष्ट्रीय अस्तर पर चैंपियन बनी वही मॉडलिंग के क्षेत्र में हमारे झारखंड की लड़कियों ने अपना परचम राष्ट्रीय स्तर पर लहराया। सभी को शुभकामनाए। ये हमारे लिए , झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। अब इन्हें आगे यूहीं अच्छे ऑपर्च्युनिटी मिलता रहे।

## सुप्रीम कोर्ट वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए समय सीमा बढ़ाने की याचिका पर करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट नेऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी की याचिका को सुनवाई के लिए फिर से सूचीबद्ध करने पर सोमवार को सहमति जताई, जिसमें वक्फ बाय यूजर समेत सभी वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत करने की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। याचिका को 28 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था, लेकिन उस दिन सुनवाई नहीं हो सकी थी।

सोमवार को ओवैसी के वकील ने चीफ जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष मामले को तुरंत सुनवाई के लिए रखने का अनुरोध किया। सीजेआई ने कहा कि हम एक नई तारीख तय करेंगे। वकील ने बताया कि वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण के लिए तय छह महीने की अवधि समाप्त होने के करीब है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 सितंबर को अंतरिम आदेश के तहत वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी थी। इनमें यह प्रावधान शामिल था कि केवल पिछले पांच साल से इस्लाम का पालन करने वाले व्यक्ति ही वक्फ बना सकते हैं। हालांकि पूरे कानून को रद्द नहीं किया गया था।

कोर्ट ने कहा था कि नए संशोधित कानून में वक्फ बाय यूजर प्रावधान हटाने का केंद्र सरकार का आदेश प्रथम दृष्टया मनमाना नहीं था और इस दलील का कोई आधार नहीं है कि सरकार वक्फ संपत्ति जब्त कर लेगी। औपचारिक दस्तावेज के बिना लंबे समय तक धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाए जाने के कारण वक्फ के रूप में मान्यता हासिल करने वाली संपत्ति को वक्फ बाय यूजर कहा जाता है। ओवैसी के वकील ने कोर्ट से कहा कि संशोधित कानून के मुताबिक वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए छह महीने का समय दिया गया था और पांच महीने न्यायालय के फैसले के दौरान निकल गए, अब केवल एक महीना बाकी है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने का चुनाव आयोग को कोई अधिकार नहीं, आगामी चुनाव 1 जुलाई की सूची के अनुसार ही होंगे- चुनाव आयोग

**मुंबई (एजेंसी)।** राज्य चुनाव आयोग ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक हलफनामे में स्पष्ट किया है कि हमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने का कोई अधिकार नहीं है। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार है। केवल वे लोग जिनके नाम 1 जुलाई, 2025 तक इस सूची में हैं, इस वर्ष मतदान कर सकते हैं और चुनाव लड़ सकते हैं। दरअसल संदीप रासकर ने आलंदी नगर परिषद की मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के आवेदन को अस्वीकार किए जाने के खिलाफ इस संबंध में हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका पर संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति अमित जामसांडेकर ने चुनाव आयोग को इस पर एक हलफनामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। तदनुसार, आयोग ने प्रस्तुत हलफनामे में इस स्थिति को स्पष्ट किया है। दरअसल रासकर का नाम आलंदी नगर परिषद, भोसरी विधानसभा और खेड़ नगर परिषद की मतदाता सूची में था। 22 नवंबर, 2021 को संदीप रासकर ने भोसरी विधानसभा और खेड़ नगर परिषद की मतदाता सूची से अपना नाम हटाने के लिए प्रशासन को आवेदन दिया था। इस आवेदन के




लंबित रहने के दौरान, रासकर का नाम आलंदी मतदाता सूची से हटा दिया गया था। उनका कहना है कि हम पहले भी इस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं और जीते हैं। इसलिए, इस मतदाता सूची से हमारा नाम हटाना गलत है। हम इस निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ना चाहते हैं। संदीप रासकर ने एक याचिका के माध्यम से हाई कोर्ट से अनुरोध किया था कि हमारा नाम फिर से इस मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

आयोग के वकील सचिंद्र शेट्ये ने अदालत के समक्ष यह हलफनामा पेश किया है। इसमें कहा गया है कि राज्य चुनाव आयोग या उसके किसी भी अधिकारी को मतदाता सूची में नाम जोड़ने या बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। आगामी नगरपालिका और स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूची की कट-ऑफ तिथि 1 जुलाई, 2025 थी। हलफनामे में यह भी कहा गया है कि सूची तदनुसार तैयार की गई है और उसी आधार पर मतदान होगा। अगर किसी का नाम पहले मतदाता सूची में था, लेकिन अब हटा दिया गया है, तो इसके खिलाफ अपील करने का कानून में प्रावधान है, आयोग ने हाई कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया। चुनाव आयोग के स्पष्ट रुख को ध्यान में रखते हुए हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।

## बच्चे के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने किया नेपाल का ज़िक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 से 18 वर्ष के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज किया है। शीर्ष अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए साफ कहा कि इस तरह के फैसले नीतिगत मामले हैं, जिन पर निर्णय लेना सरकार का अधिकार क्षेत्र है, न्यायपालिका का नहीं।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से कहा, 'आप जानते हैं, नेपाल में जब इस तरह का प्रतिबंध लगाने की कोशिश की गई थी, तब क्या हुआ था? साथ ही कोर्ट ने कहा, 'धन्यवाद, हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

दरअसल याचिकाकर्ता ने दलील दी कि कोविड-19 महामारी के बाद बच्चे मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के आदि हो गए हैं, इससे उनकी मानसिक स्थिति और पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है। उन्होंने तर्क दिया कि यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, चीन और अरब देशों में नाबालिगों के सोशल मीडिया उपयोग पर पहले से ही प्रतिबंध है, लेकिन भारत में ऐसा कोई नियम नहीं बनाया गया है। याचिका में बताया गया कि




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बच्चों की एकाग्रता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवहार पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं, और माता-पिता के कंट्रोल से भी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं। हालांकि, अदालत ने यह स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर नाबालिगों के उपयोग पर रोक लगाना एक नीतिगत निर्णय है, जो केंद्र सरकार और संबंधित संस्थाओं को लेना चाहिए, न कि अदालत को इसपर कोई आदेश देना चाहिए। सीजेआई गवई की 'नेपाल' वाली टिप्पणी ने इस बात का संकेत दिया कि इस तरह के प्रतिबंधों के व्यवहारिक और सामाजिक परिणामों पर विचार जरूरी है। अदालत ने किसी भी प्रकार का निर्देश जारी किए बिना याचिका को निपटा दिया।

## भारत आ रहे इजराइली विदेश मंत्री, पीएम मोदी व जयशंकर से करेंगे मुलाकात

**- टेक्नोलॉजी, डिफेंस और रीजनल डेवलपमेंट विषयों पर करेंगे चर्चा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइल के विदेश गिदोन सार अगले हफ्ते भारत आ रहे हैं। उनकी यह यात्रा इसलिए अहम है, क्योंकि गाजा संकट अभी खत्म नहीं हुआ है और अगले महीने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा भी प्रस्तावित है। अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा में इजराइली विदेश मंत्री पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत यात्रा के दौरान इजराइल के विदेश गिदोन सार जिन द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे, उनमें टेक्नोलॉजी, डिफेंस और रीजनल डेवलपमेंट के अलावा अन्य विषय भी शामिल हैं। गाजा संकट के दौरान इजराइल के कई शीर्ष नेता भारत दौरे पर या तो आ चुके हैं या आने वाले हैं। इनमें गिदोन इजराइल की सत्ता की एक और नई शख्सियत हैं।

गिदोन सार और जयशंकर इसी साल म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर मिल चुके हैं। तब उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव पर भी चर्चा की थी, जिसमें एशिया, यूरोप और अमेरिका को इजराइल के जरिए जोड़ने की बात कही थी। अब सार की भारत यात्रा में इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर भी बात होगी। यह कॉरिडोर एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप को जोड़ने वाली एक बड़ी परियोजना है।

अगले महीने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का भारत दौरा भी प्रस्तावित है। इसके बाद जनवरी-फरवरी 2026 में वहां के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और नए साल की पहली छमाही में ही इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग की भारत यात्रा भी होने वाली है। इस तरह से पिछले दो साल में भारत आने वाले इजराइल के हाई-प्रोफाइल नेताओं की एक लंबी लिस्ट तैयार हो चुकी है।

इजराइल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच सितंबर में भारत आए थे। उस दौरान दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने और निवेशकों को भरोसा दिलाने के लिए द्विपक्षीय निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस संधि के तहत निवेश को जब्त होने से बचाया जाएगा, साथ ही नुकसान होने पर मुआवजा भी दिया जाएगा और पारदर्शिता भी रहेगी। वहीं अर्थव्यवस्था मंत्री निर बरकत एक बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए थे। इजराइल को विभिन्न क्षेत्रों में कामगारों के संकट का सामना करना पड़ रहा है और इसके लिए वह भारत से मदद ले रहा है। आज की तारीख में करीब 40,000 भारतीय इजराइल में काम कर रहे हैं और वह इस संख्या को बढ़ाना चाहता है।

## चुनावी सरगर्मियों के बीच बिहार के सभी होटल्स फुल, एक रात के ले रहे बीस हजार

**-कॉन्फ्रेंस हॉल राजनीतिक बैठकों और टीवी चैनलों के डिबेट सेट्स में बदल गए**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में चुनावी सरगर्मियों चरम पर है और होटल्स की डिमांड भी खूब हो रही है। शहर के करीब सभी बड़े होटल्स फुल हो चुके हैं। चाहे वो दशकों पुराना होटल मौर्य हो, चाणक्य या हाल ही में शुरू हुआ ताज होटलज्चुनावी बुखार ने राजधानी के सभी बड़े होटलों को मालामाल कर दिया है। होटल मौर्य के कॉन्फ्रेंस हॉल से लेकर लॉबी तक अब नेताओं, पत्रकारों और चुनावी रणनीतिकारों का डेरा डल चुका है। यहां बने कॉन्फ्रेंस हॉल अब राजनीतिक बैठकों और टीवी चैनलों के डिबेट सेट्स में बदल गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट में होटल के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि पार्टियां अपने नेताओं के लिए कमरे पहले से बुक करा लेती हैं, भले ही उनका इस्तेमाल न हो। उन्हें पता है कि बाद में एक भी कमरा खाली नहीं मिलेगा। करीब 80 कमरों वाले होटल मौर्य में भी इस वक्त 'हाउसफुल' का बोर्ड लगा हुआ है। वहीं, चाणक्य होटल में ऑनलाइन बुकिंग करने पर 'सॉल्ड आउट' यानी सारे कमरे बुक होने का संदेश दिख रहा है।

रिपोर्ट में यात्रा पोर्टल्स के मुताबिक हाल ही में खुले ताज होटल में कमरे की कीमतें 18,000 से 20,000 रुपए प्रति रात तक पहुंच चुकी है। यही नहीं आईएचसीएल ग्रुप ने पटना में एक बजट होटल भी खोला है, लेकिन वहां भी सीटें पहले से बुक हैं.

कमरों की भारी कमी से बेहाल पटना पटना की होटल इंडस्ट्री मांग के हिसाब से क्षमता नहीं बढ़ा पाई है. होटल मौर्य और चाणक्य जैसे प्रतिष्ठित होटलों को बने चार दशक से अधिक हो चुके हैं, जबकि राज्य सरकार संचालित होटल अभी मरम्मत के दौर से गुजर रहा है.

1990 के दशक और शुरुआती 2000 के वर्षों में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब रहने के कारण कोई बड़ा होटल निवेश नहीं हुआ। हाल के वर्षों में शराबबंदी से भी होटल कारोबार को झटका लगा है। अब कई मेहमान डे ट्रिप में ही लौट जाते हैं। वहीं शादियां व कॉन्फ्रेंस बिहार से बाहर शिफ्ट हो गई हैं। सिर्फ पटना ही नहीं, गया, मुजफ्फरपुर और भागलपुर जैसे प्रमुख शहरों में भी यही स्थिति है। क्वालिटी होटलों की कमी बिहार को पड़ोसी राज्यों से पीछे दिखाती है। तेजी से बढ़ती बिहार की अर्थव्यवस्था और निवेश की संभावनाओं को देखते हुए कुछ अंतरराष्ट्रीय होटल चेन राज्य में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की योजना बना रही हैं। हालांकि, इन योजनाओं का भविष्य काफी हद तक चुनाव परिणामों पर निर्भर करेगा। फिलहाल, बिहार चुनाव ने पटना के होटल कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है, क्योंकि कमरों की 'कमी' अब उनकी कमाई का जरिया बन चुकी है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**